

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़




लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 155 | शुक्रवार, 17 जुलाई 2026 | आषाढ़ माह, शुक्ल पक्ष, तृतीया, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सहित कई राज्यों में बढ़ी एसआईआर की तारीख

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिल्ली से लेकर कर्नाटक तक कई राज्यों में एसआईआर की अंतिम तारीख को आगे बढ़ा दिया है। दिल्ली में अब अंतिम मतदाता सूची 19 अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखे एक पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल अब पांच अगस्त के बजाय 17 अगस्त को आएगा। घर-घर जाकर सत्यापन करने की प्रक्रिया अब आठ अगस्त तक जारी रहेगी, जो पहले 29 जुलाई तक के लिए तय थी।

### मप्र के राज्यसभा सांसद अग्रवाल ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** मप्र से नवनिर्वाचित सांसद रजनीश अग्रवाल ने बुधवार को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। उन्होंने हिंदी भाषा में शपथ ली। श्री अग्रवाल के साथ कांग्रेस के मंसूर अली खान ने भी शपथ ली। मंसूर अली कर्नाटक से सांसद निर्वाचित हुए हुए हैं। दोनों सांसदों को शपथ उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई।

### राजनीति के लिए रिश्ते खराब न करें: वसुंधरा

**जयपुर।** सामाजिक रिश्तों को राजनीति के कारण खराब नहीं करना चाहिए। विधानसभा सदन से बाहर आने पर बहुत सी बातें ऐसी होती हैं, जिन पर हम साथ बैठ सकते हैं। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहीं। वे राजस्थान विधानसभा के 75 साल पूरे होने पर साल भर चलने वाले कार्यक्रमों के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रही थीं।

### राहुल को राहत, खारिज की निगरानी याचिका

**सुलतानपुर।** रायबरेली से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सुलतानपुर में बड़ी राहत मिली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी प्रकरण में एमपीएमएलए विशेष न्यायालय ने उनकी आवाज मिलाने की निगरानी याचिका को निरस्त कर दिया है।

### 'ऑपरेशन चक्र' में चोरी के 64 वाहन बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका में 72 घंटे के अभियान 'ऑपरेशन चक्र' के दौरान, पुलिस ने चोरी के 64 वाहन बरामद किए और 30 कथित वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में बार-बार अपराध करने वाले 17 आरोपी शामिल हैं।

### प्रशांत किशोर के कई समर्थक भाजपा में शामिल

**पटना।** विधानसभा उपचुनाव से पहले प्रशांत किशोर को बड़ा झटका लगा है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जनसुराज के बांकीपुर से उम्मीदवार रहे प्रो. केसी सिन्हा बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय सरावगी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। प्रो. केसी सिन्हा के साथ जन सुराज के कई प्रमुख नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने भी भाजपा का दामन थामा।

# अमेरिका-ईरान में छिड़ा 'महायुद्ध', जल उठा मिडिल ईस्ट

- » ईरान ने हूतियों को दी लाल सागर ब्लॉक करने की खुली चेतावनी
- » अमेरिका ने ईरान के मिसाइल ठिकानों पर की भीषण बमबारी
- » जवाब में ईरान ने अमेरिकी सहयोगियों पर दागे आत्मघाती ड्रोन



■ नई दिल्ली/वॉशिंगटन/तेहरान

पश्चिम एशिया एक बार फिर बारूद के ढेर पर बैठ गया है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव अब एक पूर्ण सैन्य टकराव में तब्दील हो चुका है, जिसने पूरी दुनिया की धड़कनें बढ़ा दी हैं। रणनीतिक रूप से दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग 'होर्मुज जलडमरूमध्य' पर नियंत्रण को लेकर दोनों महाशक्तियां आमने-सामने आ गई हैं। एक तरफ जहाँ अमेरिकी फाइटर जेट्स ने ईरानी तटों और मिसाइल डिपो पर भीषण बमबारी की है, वहीं दूसरी तरफ पलटवार करते हुए ईरान ने अमेरिकी सहयोगियों पर ड्रोन हमलों की बौछार कर दी है। इस महायुद्ध का सबसे खतरनाक मोड़ तब आया जब ईरान ने परोक्ष रूप से वैश्विक अर्थव्यवस्था की गर्दन दबाने की धमकी दे डाली। ईरान ने यमन के हूती विद्रोहियों को आदेश दिया है कि अगर अमेरिका ने उसके पावर ग्रिड या बुनियादी ढांचे को छुआ, तो वे अंतरराष्ट्रीय तेल आपूर्ति की जीवन रेखा कहे जाने वाले 'लाल सागर के गेटवे' को हमेशा के लिए बंद कर दें। गुरुवार का दिन मिडिल ईस्ट के इतिहास में सबसे खौफनाक दिनों में से एक दर्ज होने जा रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के भीतर कई रणनीतिक ठिकानों पर एक साथ बड़े हवाई हमले किए हैं। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने की ईरान की क्षमता को पूरी तरह से ध्वस्त करना था।

अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने विशेष रूप से ईरान के तटीय शहर 'बंदर अब्बास' में स्थित सैन्य ठिकानों को अपना निशाना बनाया। इसके अलावा, खाड़ी में बेहद रणनीतिक स्थिति वाले 'ग्रेटर टुनब द्वीप' पर बने ईरान के तटीय रक्षा प्रणालियों और क्रूज मिसाइल लॉन्चिंग पैड्स पर अचूक बमबारी की गई। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का दावा है कि इन हमलों से ईरान की नौसैनिक आक्रामकता को भारी चोट पहुंची है।

## ईरान के कई शहरों में भीषण धमाके

अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'इर्ना' ने रिपोर्ट किया है कि गुरुवार को देश के कई हिस्सों में आसमान दहला देने वाले धमाके सुने गए। पश्चिमी ईरान के लोरेस्तान और उत्तरी हिस्से में स्थित सेमनान प्रांत में अमेरिकी मिसाइलों के गिरने के बाद तबाही का मंजर देखा गया। यहाँ तक कि राजधानी तेहरान के कुछ हिस्सों में भी सुरक्षा सायरन बज उठे और ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम (वायु रक्षा प्रणाली) को सक्रिय करना पड़ा। आसमान में मिसाइलों को रोकने वाली इंटरसेप्टर गन की गड़गड़ाहट से लोग खौफ में आ गए। ईरान के संयुक्त सैन्य कमान ने इस हमले पर बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए वॉशिंगटन को खुली चेतावनी दी है कि यदि यह आक्रामकता तुरंत नहीं रुकी, तो वे "इस पूरे क्षेत्र के सभी अमेरिकी बुनियादी ढांचों को राख में मिला देंगे।"

## 'लाल सागर बंद करो': ईरान का हूतियों को सीक्रेट मिशन

इस पूरे युद्ध का सबसे खतरनाक और सनसनीखेज पहलू समाचार एजेंसी 'रॉयटर्स' के हवाले से सामने आया है। तीन शीर्ष खुफिया स्रोतों ने दावा किया है कि तेहरान ने यमन के हूती आंदोलन को एक बेहद गोपनीय और विनाशकारी आदेश जारी किया है। ईरान ने हूतियों से कहा है कि वे लाल सागर के प्रवेश द्वार यानी 'बाब अल-मंदेब' जलडमरूमध्य को पूरी तरह से ब्लॉक (बंद) करने के लिए 24 घंटे तैयार रहें।

अमेरिका द्वारा अपने घर में की गई बमबारी से बौखलाए ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सहयोगियों पर अपना गुस्सा निकाला है। गुरुवार को कुवैत और बहरीन जैसे खाड़ी देशों को ईरान की ओर से बड़े हवाई हमलों का सामना करना पड़ा। कुवैती सेना ने एक आपातकालीन बयान जारी कर कहा कि उनके एयर डिफेंस ने ईरान की तरफ से दागे गए आत्मघाती ड्रोनों के एक बड़े जत्थे को हवा में ही मार गिराया है। कुवैत ने इसे 'ईरानी आक्रामकता' करार दिया है। वहीं, बहरीन की राजधानी मनामा में भी ईरानी हमलों के इनपुट मिलने के बाद हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन लगातार बजते रहे। तटीय इलाके में भी संयुक्त अरब अमीरात से अमेरिकी ब्रांड की कारें लेकर आ रहे एक बड़े मालवाहक जहाज पर रहस्यमयी ड्रोन हमला हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है। यह आदेश तब लागू किया जाएगा जब अमेरिका ईरान के बिजली नेटवर्क या तेल रिफाइनरियों पर हमला करेगा। हूतियों के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि उन्होंने यमन के पहाड़ी इलाकों, हुदैदाह और अदन की खाड़ी में अत्याधुनिक मिसाइलें और लंबी दूरी के ड्रोन तैनात कर दिए हैं। वे सिर्फ तेहरान से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। अगर ऐसा होता है, तो दुनिया की 12% से अधिक व्यापारिक और तेल की आवाजाही ठप हो जाएगी, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें आसमान छूने लगेंगी और एक भयानक आर्थिक मंदी आ जाएगी। मिडिल ईस्ट के इस महायुद्ध का असर अब सीरियाई सीमाओं पर भी दिखने लगा है। सीरिया की सरकारी मीडिया 'सना' के अनुसार, सीरियाई सुरक्षा बलों ने इराक की सीमा से सटे इलाके में हथियारों की तस्करी के एक बड़े प्रयास को नाकाम कर दिया है।

## भगवंत मान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

# लोकतंत्र में नारेबाजी तो हर कोई करता है

■ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ साल 2020 में दर्ज दंगे के एक मामले को रद्द करने के फैसले में दखल देने से साफ इनकार कर दिया है। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने बेहद महत्वपूर्ण और व्यावहारिक टिप्पणी की। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहनावस की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन और नारेबाजी करना एक सामान्य प्रक्रिया है और इसे इस तरह के आपराधिक मुकदमों के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी को राजनीतिक गलियारों में विरोध के अधिकार के समर्थन के रूप में एक बड़े संदेश की तरह देखा जा रहा है।

पीठ ने संकेत दिया कि वह हाई कोर्ट के उस फैसले में किसी भी तरह का हस्तक्षेप करने के पक्ष में नहीं है जिसके तहत भगवंत मान और अन्य नेताओं को इस मामले से बरी कर दिया गया था। कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, "अगर आप इस मामले में पूरी तरह मेरिट (गुण-दोष) के आधार पर बहस करना चाहते हैं, तभी हम आपकी दलीलें सुनेंगे। अन्यथा, हम इस मामले में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप करने के मूड में नहीं हैं।"

### अब जिम्मेदार पद पर हैं, अपनी जिम्मेदारी समझेंगे

सुनवाई के दौरान जब चंडीगढ़ प्रशासन का पक्ष रख रहे एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने कोर्ट के समक्ष दलीलें पेश करने की कोशिश की, तो चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने बेहद व्यावहारिक रुख अपनाते हुए कहा, "राजू जी, लोकतंत्र में नारेबाजी (नाअरेबाजी) तो हर कोई करता है। अब जब वे (भगवंत मान) एक बेहद जिम्मेदार संवैधानिक पद (मुख्यमंत्री) पर आसीन हैं, तो हम यह बखूबी समझते हैं कि वह अपने इस उत्तरदायित्व और गरिमा को भी अच्छी तरह समझते होंगे।"

दरअसल, यह पूरा मामला पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश से जुड़ा है जिसमें हाई कोर्ट ने भगवंत मान और अन्य आप नेताओं के खिलाफ दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट और चार्जशीट को पूरी तरह से खारिज कर दिया था।

# सोनम वांगचुक से मिले केजरीवाल, डिंपल यादव समेत कई नेता और कलाकार




■ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का अनिश्चितकालीन अनशन गुरुवार को लगातार 19वें दिन भी जारी रहा। उनकी बिगड़ती सेहत के बीच राजनीतिक और सामाजिक समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनसे मुलाकात कर उनके आंदोलन का समर्थन किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव भी उनसे मिलने पहुंची थीं। वहीं जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग का समर्थन किया। फिल्म जगत की कई चर्चित हस्तियों ने भी सोशल माध्यमों के जरिए वांगचुक के आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त की है। सोनम वांगचुक पिछले 19 दिनों से जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन अनशन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह आंदोलन केवल एक व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि देश के विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता का प्रश्न है। उनकी प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है। उनका आरोप है कि शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मामलों में सरकार की जवाबदेही तय होनी चाहिए और छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। अनशन लंबा खिंचने के साथ उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर भी चिंता बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है, जबकि समर्थक लगातार सरकार से बातचीत शुरू करने की मांग कर रहे हैं।

### अरविंद केजरीवाल ने जताया समर्थन

गुरुवार शाम अरविंद केजरीवाल जंतर-मंतर पहुंचे और सोनम वांगचुक से मुलाकात की। उन्होंने आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े प्रश्नों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन करने वालों की आवाज सुनी जानी चाहिए और सरकार को इस विषय पर संवेदनशील रवैया अपनाना चाहिए। केजरीवाल की इस मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष शिक्षा और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है।

# राज्यसभा से कोयल मलिक का इस्तीफा

## टीएमसी ने कुछ महीने पहले ही बनाया था सांसद

■ कोलकाता



बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार व सत्ता गंवाने के बाद तृणमूल कांग्रेस में जारी बगावत के बीच पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक और झटका लगा है। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य अभिनेत्री कोयल मल्लिक (रूक्मिणी मल्लिक) ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कोयल ने उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप दिया।

सूत्रों के अनुसार, इस्तीफा सौंपने के बाद कोयल मल्लिक केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र यादव से मिलने दिल्ली में उनके आवास पर पहुंचीं। बंगाल में कोयल मलिक को लेकर दो महीने के भीतर राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की तरफ से यह चौथा इस्तीफा है। इससे पहले पिछले महीने सुखेंदु शेखर राय, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक ने राज्यसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के बाद ये तीनों पूर्व राज्यसभा सदस्य हाल में यहां भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी में शामिल होने के कुछ ही घंटों के भीतर भाजपा ने तीनों को बंगाल में राज्यसभा की खाली हुई हुई तीन सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित किया था। बंगाल विधानसभा में भाजपा के संख्या बल के हिसाब से राज्यसभा की खाली तीनों सीटों पर 24 जुलाई को होने वाले उपचुनाव में तीनों की जीत तय है।

# न्यूजीलैंड में आया 5.9 तीव्रता का भूकंप

■ वेलिंगटन




न्यूजीलैंड के दक्षिणी द्वीप (साउथ आइलैंड) के पश्चिमी तट पर गुरुवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद अधिकारियों ने सुनामी का अलर्ट जारी करते हुए लोगों से तुरंत सुरक्षित और ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र ते अनाउ शहर से करीब 42 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पश्चिम में था। भूकंप भारतीय समयानुसार दोपहर के आसपास दर्ज किया गया। इसकी गहराई करीब 76.4 किलोमीटर थी।

न्यूजीलैंड की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने कहा है कि प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोग बिना देरी किए सुनामी निकासी क्षेत्र से बाहर निकलें और नजदीकी ऊंचे स्थान या जितना संभव हो सके, अंदरूनी इलाके की ओर चले जाएं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या जनहानि की सूचना नहीं मिली है। न्यूजीलैंड के नागरिक सुरक्षा विभाग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, फियोर्डलैंड के पास रात 9 बजकर 14 मिनट पर आए 5.9 तीव्रता के भूकंप के बाद न्यूजीलैंड के तटीय इलाकों में तेज और असामान्य समुद्री लहरें तथा तट पर अचानक पानी बढ़ने जैसी स्थिति देखने को मिल सकती है विभाग ने कहा कि तेज समुद्री लहरें और अचानक उठने वाली लहरें लोगों को घायल कर सकती हैं और डुबो सकती हैं। तट के पास पानी में मौजूद तैराकों, सर्फिंग करने वालों, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए खतरा हो सकता है। विभाग ने प्रभावित इलाकों में समुद्र के अंदर या उसके पास मौजूद लोगों से पानी से बाहर निकलने, समुद्र तट और किनारे वाले इलाकों से दूर जाने तथा बंदरगाहों, नाव खड़े करने वाली जगहों, नदियों और नदी मुहानों से दूर जाने की अपील की। नागरिक सुरक्षा विभाग ने सलाह जारी करते हुए कहा, नावों में मौजूद लोग, नाव पर रहने वाले लोग और नाव खड़े करने वाली जगहों पर मौजूद लोगों को अपनी नावों या जहाजों को छोड़कर किनारे पर चले जाना चाहिए।

### गुजरात के कच्छ जिले में भी आया भूकंप

वहीं, दूसरी ओर गुजरात के कच्छ जिले में गुरुवार दोपहर कुछ ही मिनटों के अंतराल पर भूकंप के तीन झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 और 3.2 दर्ज की गई। फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

# 'छठी क्लास से पढ़ाएं तीसरी भाषा, 9वीं में लागू करना ठीक नहीं': सुप्रीम कोर्ट

■ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बीवी नागरत्ना ने गुरुवार को सीबीएसई करिकुलम के तहत 9वीं क्लास में तीसरी भाषा शुरू करने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स पर बेवजह का दबाव पड़ता है।

ये टिप्पणियां मद्रास हाई कोर्ट के उस निर्देश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की अपील पर सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने की सुविधा देने को कहा गया था। तमिलनाडु ने हमेशा जेएनवी खोलने का विरोध किया है क्योंकि उसे इन स्कूलों में अपनाई जाने वाली तीन-भाषा नीति को लेकर चिंता है।

हालांकि, इस मामले में सीबीएसई की भाषा नीति की वैधता सीधे तौर पर विवाद का विषय नहीं थी फिर भी जस्टिस नागरत्ना ने तीसरी भाषा को लागू करने के समय के बारे में कई टिप्पणियां कीं।

खास बात यह है कि सीबीएसई की तीन-भाषा नीति को अभी भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने अलग-अलग जनहित याचिकाओं में चुनौती दी गई है। सीजेआई की बेंच ने सीबीएसई की नीति को लागू करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और मामले की सुनवाई अगले हफ्ते के लिए तय की है।

प्रतिवादी (हाई कोर्ट में याचिका दायर करने वाले एनजीओ) की वकील एडवोकेट जी. प्रियदर्शिनी ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए।

इसके बाद जस्टिस नागरत्ना ने राज्य से पूछा, "आप हिंदी नहीं चाहते लेकिन अगर वह संस्कृत हो तो क्या समस्या है?"

राज्य के वकील ने जवाब दिया कि तीसरी भाषा केवल कक्षा 9 से अनिवार्य होती है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा, "नहीं, यह बहुत बुरा है। नौवीं कक्षा तनावपूर्ण होती है। आप नौवीं कक्षा में नई भाषा क्यों शुरू करते हैं? इसे छठी कक्षा में शुरू करना चाहिए।"

अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए जज ने बताया कि उनके स्कूल में छात्रों को कई तरह के पाठ्यक्रम पढ़ाए जाते थे और वे मिडिल स्कूल में ही तीसरी भाषा सीखना शुरू कर देती थीं। उन्होंने कहा, "मिडिल स्कूल में तीसरी भाषा इसलिए शुरू की जाती थी क्योंकि एसएसएलसी के लिए इसकी जरूरत होती थी। जिन छात्रों की दूसरी भाषा हिंदी थी उनके लिए तीसरी भाषा कन्नड़ होती थी और इसके उलट भी। संस्कृत का विकल्प भी था इसलिए आप तीसरी भाषा चुन सकते थे। इसे जितनी जल्दी शुरू किया जाए उतना ही अच्छा है।"

### सुनवाई के दौरान क्या हुआ?

सुनवाई के दौरान तमिलनाडु के वकील ने कहा कि राज्य की आपत्ति तीन-भाषा नीति से जुड़ी है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि नीति में तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, "राज्य की भाषा सिखानी है, अंग्रेजी सिखानी है और कोई तीसरी भाषा भी। इसमें हिंदी का जिक्र नहीं है।"



## नोएडा में बहुमंजिला इमारत में हादसा

# ईवी स्कूटी में स्पार्किंग से इमारत में आग, दो की मौत

■ नोएडा

गौतमबुद्धनगर जिले के नोएडा के फेज-3 थाना इलाके के ममूरा गांव स्थित एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में हुए धमाके से आग लगी।

रेस्क्यू के लिए फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सीढ़ियां एक छत से दूसरी छत तक लगाईं और करीब 50 लोगों को पास की दूसरी बिल्डिंगों में सुरक्षित पहुंचाया। पुलिस ने बिल्डिंग मालिक को हिरासत में ले लिया है। इमारत में करीब 60 कमरे थे और यह क्षेत्र काफी भीड़भाड़ वाला है, जहां ज्यादातर नौकरीपेशा लोग परिवारों के साथ रहते हैं।

### तीन घंटे में काबू पाया

आग लगने के बाद धुएं को देखकर आस-पास के हजारों लोग सड़कों पर आ गए। नीचे के फ्लोर के लोग बाहर निकल गए जबकि ऊपरी मंजिलों पर लोग फंस गए। सूचना पर सात फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे, लेकिन भीड़ और संकरी गलियों के कारण वाहनों को बिल्डिंग के पास खड़ा नहीं किया जा सका। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पाइप जोड़कर लगभग तीन घंटे में आग पर काबू पाया।

## वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने ऊर्जा संयंत्र की जानकारियों को पोस्ट किया

# भारत के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र कुडनकुलम के डेटा में सेंध

■ हैकर ग्रुप का दावा- दस्तावेज अनिल अंबानी के ग्रुप के

■ चेन्नई

तमिलनाडु स्थित देश के सबसे बड़े कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ा संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस ऊर्जा संयंत्र की जानकारियों को पोस्ट किया है, जिसमें संयंत्र के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट (नक्शे), सप्लायर्स की जानकारी, मीटिंग और इंस्पेक्शन रिकॉर्ड्स, उपकरणों के रिव्यू और इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े करीब 19 हजार जरूरी दस्तावेज की डिटेल शामिल है। वर्ल्ड लीक्स हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है।

## डेटा चुराकर फिरौती वसूलता है हैकर ग्रुप



### रिलायंस ग्रुप ने सरकार को दी जानकारी

तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत के सात परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बताया कि उसके डेटा में आंशिक सेंधमारी की गई है। कंपनी ने बताया कि यह डेटा थर्ड पार्टी डेटा सेंटर सर्विस प्रोवाइडर योट्टा के सर्वर पर होस्ट था। रिलायंस ने इस घटना की जानकारी भारत सरकार को दे दी है। हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया है कि किस तरह का डेटा चोरी हुआ है। परमाणु सुरक्षा संबंधी मामलों में सरकारों को सलाह देने और देशों की तैयारियों का आकलन करने वाली संस्था न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव के सीनियर डायरेक्टर निकोलस रोथ ने कहा कि डेटा लीक से प्लांट की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि वे इन खतरों से निपटने में कितने सक्षम हैं।

### लीक हुई 19 हजार फाइलें संवेदनशील

दावा किया गया है कि लीक हुए दस्तावेज साल 2016 से लेकर 2025 के बीच के हैं। वर्ल्ड लीक्स वेबसाइट पर मौजूद रिलायंस की कुल 858 हजार फाइलों में से 19 हजार फाइलें सबसे संवेदनशील और सीक्रेट लगती हैं। रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को साल 2018 में कुडनकुलम प्लांट की यूनिट 3 और यूनिट 4 के डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। फिलहाल ये दोनों यूनिट्स बन रही हैं और साल 2027 तक इसके चालू होने की उम्मीद है। चालू होने के बाद इससे कुल 2000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### कौन है वर्ल्ड लीक्स ग्रुप?

इस हैकर ग्रुप का मुख्य काम कंपनियों का डेटा चुराकर फिरौती वसूलना है। अगर इसे पैसे नहीं दिए गए तो यह डेटा को डार्क वेब पर सार्वजनिक कर देता है। इससे पहले यह ग्रुप नाइकी और भारत के टाटा ग्रुप को भी निशाना बना चुका है। इस ग्रुप ने जून में टाटा ग्रुप के डेटा लीक किया था, जिसमें एप्पल और टेस्ला जैसे बड़े ब्रांड्स के कॉन्फिडेंशियल कंपोनेंट डिजाइन शामिल थे। उस समय हैकर्स ने 15 लाख डॉलर की मांग की थी। कंपनी ने पैसे देने से इनकार किया तो डेटा लीक कर दिया गया था।





## एक नजर

### वाहन बिक्री की बकाया धनराशि न मिलने पर पीड़ित कोर्ट की शरण में

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के एक ट्रक मालिक द्वारा अपना वाहन बेच दिए जाने के बाद तमाम तकाजों के बावजूद बकाया 14 लाख की रकम न लौटाए जाने पर पीड़ित ने कोर्ट में गुहार लगाते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित छोटू ने अफरोज नाम के एक व्यक्ति को अपना ट्रक 21 लाख में बेचा था। आरोप है कि अफरोज ने उसे सात लाख रुपए देकर शेष रकम जल्द देने का भरोसा दिया। आरोप है कि इस भरोसे पर पीड़ित ने बिक्रय पत्र लिख दिया जिसके आधार पर अफरोज ने वाहन अपने नाम करा लिया। पीड़ित का आरोप है कि तकाजा करने पर पहले तो वह टालमटोल करता रहा पर आखिर में उसने रकम देने से साफ इंकार कर दिया। पीड़ित के अनुसार, गुजरी 19 मई को उसने थाने जाकर अपनी व्यथा सुनाई पर पुलिस ने कोई कदम नहीं उठाया। पीड़ित ने आरोपी के फरार हो जाने की आशंका जताते हुए शीघ्र ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# गेट से निकला डीएम का कॉंफिला, 8 वर्षीय बच्ची सहित परिवार ने किया आत्मदाह का प्रयास

## इंटेलिजेंस के ओमपाल ने मसीहा बन बचाई पीड़ित परिवार की जान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट गेट पर मीरगंज क्षेत्र में रास्ते के विवाद से परेशान एक युवक ने परिवार सहित आत्मदाह की कोशिश कर दी। जैसे ही डीएम की गाड़ी गेट पर पहुंची युवक ने खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया। अचानक हुए घटनाक्रम से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर तैनात इंटेलिजेंस के ओमपाल की नजर जैसे ही पड़ी की युवक थैले से कुछ निकाल रहा है और पेट्रोल की बोतल देखते ही ओमपाल ने डीएम की गाड़ी को क्रास करते हुए युवक को धक्का दिया जिससे बोतल का तेल ओमपाल पर भी उलट गया उन्होंने युवक को दबोच कर पुलिसकर्मियों के हवाले किया और अपने साथ ले गए। समय रहते हस्तक्षेप होने से बड़ा हादसा टल गया। मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव खमरिया साहनी निवासी 47 वर्षीय लाल सिंह गंगवार अपने परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उनका आरोप है कि उनके घर के बराबर रहने वाला एक होमगार्ड, जो एसडीएम मीरगंज कार्यालय में तैनात है, उनके आने-जाने का रास्ता बंद किए हुए है। कई बार शिकायत करने और अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद समाधान नहीं हुआ। इससे आहत होकर उन्होंने कलेक्ट्रेट गेट पर ही खुद पर पेट्रोल उड़ेल लिया। मामले की राजस्व विभाग से कराई गई जांच में भी सरकारी खड़ंजा मार्ग अवरुद्ध मिलने की बात सामने आई है। जांच रिपोर्ट के मुताबिक, गांव के चन्द्रपाल और रामप्रकाश ने रास्ते पर वाहन खड़े कर, जानवर बांधकर और लकड़ियां रखकर रास्ता रोक रखा है। इसी मार्ग से लाल सिंह समेत कई परिवारों का आवागमन होता है, जिससे उन्हें रोजाना भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले भी झगड़ा हो चुका है। वर्ष 2023 में पुलिस की मौजूदगी में समझौता कराया गया था, जिसमें रास्ता बाधित न करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद दिसंबर 2025 में प्रशासन ने रास्ते से जानवर और अन्य अवरोध हटवाए थे, लेकिन कुछ समय बाद फिर रास्ता बंद कर दिया गया। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में साफ लिखा था कि सरकारी रास्ता बंद होने से गांव में तनाव का माहौल है और बिना पुलिस बल के विवाद का समाधान संभव नहीं है। रिपोर्ट में समय रहते कार्रवाई न होने पर किसी बड़ी अनहोनी की आशंका भी जताई गई थी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट गेट पर आत्मदाह के प्रयास की घटना ने उस आशंका को सच साबित करने जैसी स्थिति पैदा कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में लेकर समझाया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। प्रशासन अब पूरे मामले की दोबारा जांच कराने और रास्ते के विवाद का समाधान कराने की तैयारी में जुट गया है।

## संक्षेप समाचार

### बिजली संकट और बढ़े लोड के विरोध में यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन




**बरेली।** मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड ने प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती और बिना उपभोक्ताओं की सहमति बिजली का लोड बढ़ाए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपते हुए सरकार से तत्काल जनहित में कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों से 24 घंटे निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति का वादा किया था, लेकिन आज शहरों से लेकर गांवों तक लोग अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग, जर्जर विद्युत लाइनों और खराब ट्रांसफार्मरों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसका सीधा असर किसानों, व्यापारियों, छात्रों और छोटे उद्योगों पर पड़ रहा है। यूथ ब्रिगेड ने हाल ही में सामने आए उस मामले का भी उल्लेख किया, जिसमें प्रदेश के करीब 47 लाख बिजली उपभोक्ताओं का स्वीकृत विद्युत भार (लोड) बिना स्पष्ट सहमति के बढ़ाए जाने की बात सामने आई है। संगठन का कहना है कि इससे भविष्य में लाखों उपभोक्ताओं पर अधिक बिजली बिल का अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की गई। ज्ञापन में बिना उपभोक्ता की लिखित सहमति के बढ़ाए गए लोड को निरस्त करने, अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने, जर्जर विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मरों के आधुनिकीकरण, अतिरिक्त लोड से जुड़े बिलों की जांच, बिजली विभाग में भ्रष्टाचार और लापरवाही के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई तथा उपभोक्ता परिषद और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर पारदर्शी बिजली नीति लागू करने की मांग उठाई गई। यूथ ब्रिगेड ने कहा कि यदि सरकार ने शीघ्र ही इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो प्रदेशभर में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन चलाया जाएगा। संगठन ने कहा कि इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार और संबंधित अधिकारियों की होगी।

### घर में घुसकर 12 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र से एक बेहद शर्मनाक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ घर में घुसकर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें की गईं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है और स्थानीय निवासियों व परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 14 जुलाई 2026 की है। पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सुबह करीब 8 बजे उनकी बेटी घर पर अकेली थी। परिवार के अन्य सदस्य खेतों पर काम करने गए हुए थे। इसी एकांत का फायदा उठाकर गांव मोहम्दगंज निवासी आरोपी राम सेवक पुत्र रामाधार भगत जबरन उनके घर में घुस आया। आरोपी ने वहां मौजूद नाबालिग किशोरी के साथ न केवल अश्लील हरकतें कीं, बल्कि उसे डराने-धमकाने का प्रयास भी किया। घबराई और डरी हुई किशोरी ने किसी तरह वहां से भागकर खेतों पर काम कर रहे अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। पिता का आरोप है कि आरोपी राम सेवक की यह हरकत पहली बार नहीं है। वह पहले भी किशोरी को आते-जाते समय परेशान करता रहा है, लेकिन घर में घुसकर दुस्साहस दिखाने की इस घटना ने सबको हिलाकर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मीरगंज थाना पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर ने गुरुवार रात को ही आरोपी राम सेवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मीरगंज पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट किया है कि तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किशोर की संदिग्ध मौत से मचा हड़कंप, दोस्त पर हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रात में घर से बुलाकर ले गया था साथी, सुबह जिला अस्पताल की मोर्चरी में मिला शव**

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के कांधरपुर गांव में 16 वर्षीय किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने उसके दोस्त और उसके साथियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार कांधरपुर निवासी अनमोल कश्यप बदायूं रोड स्थित लाल फाटक के पास एक ढाबे पर काम करता था। बुधवार रात वह काम से घर लौटा था। आरोप है कि देर रात उसका दोस्त हर्ष टेंपो लेकर घर पहुंचा और किसी काम का बहाना बनाकर उसे अपने साथ ले गया। मृतक की बहन पूजा ने बताया कि घर से निकलते समय अनमोल ने आशंका जताई थी कि उसके साथ कुछ गलत हो सकता है। उसने मां को इस बारे में कुछ न बताने की बात भी कही थी। इसके कुछ समय बाद हर्ष ने अपनी परिचित एक युवती को फोन कर बताया कि अनमोल सड़क हादसे का शिकार हो गया है और उसकी मौत हो गई है। युवती ने यह सूचना अनमोल की बहन तक पहुंचाई। सूचना मिलने पर परिजन बताए गए स्थान पर पहुंचे, लेकिन वहां अनमोल नहीं मिला। बाद में जानकारी हुई कि उसका शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है। परिजनों का आरोप है कि हर्ष अस्पताल में गलत मोबाइल नंबर दर्ज कराकर वहां से चला गया। उनका कहना है कि यह सड़क हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है और पूरे मामले की गहन जांच होनी चाहिए। कैंट थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद सभी तथ्यों की जांच कर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुराने पासपोर्ट कार्यालय को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** प्रियदर्शनी नगर स्थित पुराने पासपोर्ट कार्यालय को गुरुवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिलने से पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। कार्यालय के आधिकारिक ईमेल पर धमकी भरा संदेश मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल सक्रिय हो गईं। सूचना मिलते ही पुलिस, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। टीमों ने कार्यालय भवन, छत, सभी कमरों और आसपास के परिसर की कई घंटे तक गहन तलाशी ली। हालांकि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। तलाशी पूरी होने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद पुलिस ने कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया और एहतियात के तौर पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल परिसर पूरी तरह सुरक्षित है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। बताया जा रहा है कि पुराने पासपोर्ट कार्यालय को पहले भी कई बार इसी तरह के धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं। लगातार मिल रही ऐसी धमकियों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही सतर्क हैं। पुलिस ने मामले की साइबर जांच शुरू कर दी है। धमकी भरा ईमेल किस स्थान और किस आईपी एड्रेस से भेजा गया, इसकी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### कांवड़ यात्रा एवं नाथ नगरी परिक्रमा मार्ग गड्ढा मुक्त कराने की मांग

**बरेली।** श्री नाथ नगरी सेवा समिति ने आगामी 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावण मास को दृष्टिगत रखते हुए नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली को ज्ञापन सौंपकर कांवड़ यात्रियों एवं शिवभक्तों की सुविधा हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने की मांग की। समिति के शोभित अग्रवाल ने बताया कि श्रावण मास के दौरान नाथ नगरी बरेली के सातों प्रमुख नाथ मंदिरों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिरों तक जाने वाले प्रमुख मार्गों को गड्ढा मुक्त कर पैदल आवागमन के लिए सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। समिति के बंटी ठाकुर ने कहां कि कांवड़ यात्रा एवं नाथ नगरी परिक्रमा मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊर्जावान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊर्जावान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्द्रपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# धर्म छिपाकर दोस्ती और शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**युवती की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र की एक युवती ने दूसरे समुदाय के युवक पर अपनी पहचान छिपाकर दोस्ती करने, बाद में शादी और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने तथा धमकियां देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के अनुसार करीब छह माह पहले उसकी पहचान एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम राहुल बताया था। बातचीत के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। युवती का आरोप है कि युवक ने अपनी वास्तविक पहचान छिपाए रखी। बाद में उसे पता चला कि युवक का असली नाम शाहरुख है। इसके बाद उसने उससे सभी प्रकार का संपर्क समाप्त कर दिया। युवती का आरोप है कि संबंध खत्म करने के बाद युवक उसे लगातार फोन कर परेशान करने लगा। वह रास्ते में रोककर शादी के लिए दबाव बनाता था और निकाह करने की बात कहता था।

पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत में युवती ने आरोप लगाया है कि युवक उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव भी बना रहा था।

लगातार मिल रही कथित धमकियों और मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर उसने इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की। इज्जतनगर पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों व तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# सद्भाव पूर्ण माहौल में नगरपालिका परिषद की बैठक सम्पन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास के अन्य मुद्दों को लेकर पालिका प्रशासन की ओर से बुलाई गई सभासदों की बैठक सद्भाव पूर्ण माहौल में संपन्न हो गई। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जहाँ सभासदों ने आम राय जाहिर कर सहमति व्यक्त की तो संबंधित बार्डों में सभासदों के भी निर्माण से संबंधित दो दो काम करा लेने पर रजामंदी व्यक्त कर दी गई।

नगर में राज्य सरकार की पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना, जल निकासी, पेयजल, बंदन योजना तथा नगरोदय योजना के तहत कराए जाने के लिए सभी सभासदों ने एक राय जाहिर की तो सभासदों की तरफ से भी आज प्रस्ताव को लेकर सभी बार्डों में एक लाख की लागत से दो दो काम करा लेने की मंजूरी मिल गई। और इस तरह विना किसी मतभेद के बैठक का समापन हो गया।




बैठक की अध्यक्षता करतीं रश्मि जायसवाल ( दांयें ) तथा मौजूद सभासद।

बैठक में पालिका अध्यक्ष रश्मि जायसवाल, ई ओ शशि प्रभा चौधरी, सफाई निरीक्षक अहमद हसन, जेई जितेंद्र गंगवार, वरिष्ठ सभासद शशि मिश्रा, लाल सिंह, ताहिर पप्पू, सलीम चंदा, रमेश कुमार, दिनकर गुप्ता, जाकिर हुसैन तथा नामित सभासद महेश शर्मा, दिनेश कुमार व सुनील रस्तोगी सहित कमोबेश सभी सभासद मौजूद रहे।




**बैठक** | सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक, 7,500 कांवड़ जत्थों के सुरक्षित आवागमन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर मंथन, व्यवस्थाओं के बीच विपक्ष पर भी साधा निशाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** श्रावण मास में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर गुरुवार को सर्किट हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश के पंचायतीराज एवं कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी राजनीतिक टिप्पणी करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आस्था और श्रद्धालुओं के सम्मान के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रही है। बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंत्री ने कहा कि इस वर्ष बरेली से करीब 7,500 कांवड़ जत्थों के गुजरने की संभावना है। ऐसे में सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने प्रमुख शिव मंदिरों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती, स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना, पेयजल व्यवस्था और यात्रा मार्गों की मरम्मत समय से पूरी कराने के निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने कहा कि सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग धार्मिक आयोजनों पर सवाल उठाते हैं, जनता उन्हें समय आने पर जवाब देगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान निर्धारित मार्गों पर मांस और मदिरा की बिक्री नहीं होगी। सभी संबंधित दुकानों पर नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाएगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यात्रा मार्गों पर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि श्रावण के चारों सोमवार को देखते हुए सुरक्षा, बिजली, पेयजल, सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेष व्यवस्था की जा रही है। वहीं एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पूरे कांवड़ मार्ग को सेक्टर और जोन में बांटा गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम सहित जनप्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव दिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ मार्गों पर क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए तथा लटकते बिजली के तार हटाकर यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाए। विशेष रूप से आंवला, अलीगंज, सिरौली और रम्पुरा मार्गों पर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com



**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर– 7906815587, 9758444242

**एक नजर**

### महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस – 5 .0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुरुवार को जनपद स्तरीय महिला सुरक्षा दल एवं समस्त थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया।महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा के बारे में बातया।

# विवि प्रबंधन को 20 दिन का समय

## विवि में 40 में से 38 बिना मानचित्र के बने हुए हैं भवन

जागरण मोर्चा, कार्यालय




जौहर विवि का मैन गेट पर तैनात पुलिस। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** मौलाना मोहम्मद जौहर विवि में बने 38 अवैध भवनों को हटाने के लिए प्रबंधन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है 15 दिन के भीतर स्वयं हटा लें अन्यथा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। मोहम्मद अली जौहर विवि के निर्माण की जांच आरडीए के क्षेत्रीय अभियंता की रिपोर्ट के आधार पर शुरू हुई थी।

इसमें विवि प्रबंधन को नोटिस जारी अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए थे। विवि प्रबंधन ने 8 जुलाई को अपना जवाब दाखिल किया गया। इसमें 15 जुलाई को व्यक्तिगत सुनवाई के लिए मौका दिया गया था। डीएम के मुताबिक सुनवाई के दौरान विवि की ओर से तर्क दिया गया कि विवि सींगनखेड़ा गांव की भूमि पर बना है। 27 सितंबर 2024 से पहले आरडीए के विकास क्षेत्र में शामिल नहीं था। इसलिए आरडीए ने नक्शा कराने की आवश्यकता नहीं थी। यह क्षेत्र नगर पालिका में भी नहीं था। निर्माण काफी पहले का है। जिसे वर्तमान नियमों के आधार पर अवैध नहीं माना जा सकता। गुरूवार को जौहर विवि के मैन गेट पर पुलिस का सख्त पहरा रहा। पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा जौहर विवि पहुंची। जहां उन्होंने जौहर विवि प्रबंधन से बातचीत की।

### 30 मामले दर्ज है जौहर विवि के

मार्च 2017 में सत्ता परिवर्तन होने पर सपा नेता आजम खां पर काले बादल मंडराने लगे। भाजपा की सरकार की बनते ही आजम खां की जौहर विवि के बुरे दिन शुरू हो गए। हालत यह हो गए है कि आजम खां पर दर्ज 90 मामलों में अकेले 30 जौहर विवि से जुडे.हुए है।

### 3.27 करोड़ रुपये का लग चुका है जुर्माना

लोक निर्माण विभाग की सड़क को जौहर विवि के अंदर करने पर तीन करोड़ 27 लाख रुपये का जुर्माना लग चुका है। इसके साथ ही सितंबर 2021 में प्रशासन ने यूर्निवसिटी से करीब 170 एकड़ जमीन वापस ली थी। वर्ष 2023 में ईडी की रेड में 6 विभागों से कॉलेज निर्माण के लिए 106 करोड़ रुपये लेने का खुलासा हुआ था। वर्ष 2025 अप्रैल में जौहर विवि के निर्माण में करीब 450 रुपये लगे। जबकि खाते में सिर्फ 100 करोड़ रुपये दिए थे। इस पर ईडी ने बैनामी निवेश पर जौहर ट्रस्ट को 550 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस दिया जा चुका है।

### 1500 बीघा में बनी हुई जौहर विवि

मौलनाना मोहम्मद अली जौहर विवि 1500 बीघा में बनी हुई है। इसके लिए जो जमीने खरीदी गई। उसे लेकर भी आज तक मुकदमेबाजी चल रही है। सूबे में सत्ता परिवर्तन होने पर पिछले 7 सालों पर विवि पर लगातार कार्रवाई हो रही है। 18 सितंबर 2006 में शिलान्यास हुआ था। जबकि उदघाटन 18 सितंबर 2012 में हुआ था। इसके चांसलर सपा नेता आजम खां, वायस चांसलर डॉ.जहीरद्दीन, एक्स प्रोफेसर वायरस चांसलर डॉ.तजीन फात्मा, प्रोफेसर चांसलर अब्दुल्ला आजम, सेकेटरी अदीम आजम है।

# वीसी जरिए आजम खां हुए पेश, बोले झूठा फंसाया गया

- **डूंगरपुर प्रकरण में सभी आरोपी कोर्ट में हुए पेश**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरूवार को थाना गंज के डूंगरपुर प्रकरण 11 आरोपी कोर्ट में पेश हुए। सभी के धारा 313 के तहत बयान दर्ज हुए। अगली सुनवाई के लिए 23 जुलाई मुकर्रर की है। वहीं दूसरी ओर सपा नेता आजम खां वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। बोले कि सियासी साजिश के तहत झूठा फंसाया गया है। वर्ष 2016 में अलग-अलग 12 मुकदमें दर्ज हुए थे। शेष पांच मुकदमे की एक फाइल पर सुनवाई आरंभ है। गुरूवार को धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान दर्ज हुए कहा कि इस दौरान कोर्ट में आजम खां के अलावा पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, पूर्व सीओ सिटी आले हसन, ठेकेदार बरकत अली, अनुराधा चौहान, भाजपा नेता फसाहत अली खां शानू, शाहजेब खां, मसूद गुड्डू, रानू खां आदि मौजूद रहे। डूंगरपुर के दो मुकदमों में सजा सुनाई जा चुकी है शेष में बरी हो चुके हैं। थाना गंज में दर्ज मुकदमों में आजम खां पर धारा 120 बी के तहत 307, 395, 447, 448, 504,506 आदि धाराओं में दर्ज किए थे। इसमें आरोप है कि इन नामजद लोगों ने आजम खां के इशारे पर घरों में घुसकर लूटपाट कर जान से मारने की धमकी भी दी।

# सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे: आसिम राजा

**जौहर विवि प्रकरण**

- **कलेक्ट्रेट इंसाफ ही आखिरी मंजिल नहीं, सपाइयों ने की प्रेसवार्ता**

जागरण मोर्चा, कार्यालय



सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बोलते नगराध्यक्ष व अन्य।

**रामपुर।** जौहर विवि के 38 भवनों को ध्वस्तीकरण का आदेश पारित होने पर गुरूवार को सपा कार्यालय पर प्रेसवार्ता में नगराध्यक्ष आसिम राजा पार्टी पदाधिकारियों के साथ मीडिया के सामने आए। सत्ता पक्ष के लोगों ने पहले आजम खां की सियासत को खत्म करने की कोशिश करते झूठे मुकदमे कराकर जेल भेजा। अब सोची समझी साजिश के तहत जिलाधिकारी ने 10 मिनट के अंदर जौहर विवि के 38 भवनों को ध्वस्तीकरण करने का आदेश कर देश-प्रदेश में भूचाल ला दिया है। आसिम राजा ने कहा कि मंडलायुक्त के नाम लिए बगैर कहा कि एक अधिकारी तबादले से पहले ऐसी कार्रवाई करते है कि उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सके। यह काम सत्ता पक्ष को खुश करने के लिए उस वक्त किया जाता है जब जौहर विवि में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ होती है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग करते हुए कि इस आदेश को वापस ले। कलेक्ट्रेट इंसाफ ही आखिरी मंजिल नहीं हैं। सपाई जौहर विवि के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटाखटाएंगे। उन्होंने कहा कि अब अधिकारी संविधान और कानून को ताक में रखकर मनमानी पर उतारू है न उन्हें न्याय पालिका की फिक्र है और न ही कानून की। जिलाधिकारी ने बुधवार को जौहर विवि प्रबंधन को बुलाया जहां उन्होंने अपना पक्ष रखा। पक्ष सुनने के चंद मिनटों बाद एक छपा हुआ लेटर पर ध्वस्तीकरण करने का आदेश जारी कर दिया। इससे यह मालूम होता कि साजिश के तहत कार्रवाई हो रही है। आदेश के बाद 15 दिन का समय दिया तो फिर जौहर विवि के गेट पर कैंप और पुलिस फोर्स क्यों लगाई गई है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर जो बोर्ड लगाया गया है वह कोर्ट के आदेशों की अवहेलना है क्योंकि इस मुद्दे को कई साल पहले अफसरों ने उठाया था। जिस पर न्यायालय का स्टे है। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर, पूर्व विधायक विजय सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं, अनुराधा चौहान, सतनाम सिंह मट्टू, हरज्ञान सिंह यादव, अमरजीत सिंह, प्रमोद सागर, आसिम खां, मो.हसन, मसूद गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# तार चुराने वाले पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार,दो फरार

- **सभी आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में किया पेश गए जेल**

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद एएसपी और पकड़े गए चोर। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बिलासपुर में अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में माटखेडा रोड फ्लाई ओवर के पास रखे 1 ड्रम केबल लगभग 500 मीटर साईज 3*120 व 1.5 ड्रम केबल लगभग 750 मीटर साईज 3*95 चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बिलासपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया था।

विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी महेश पुत्र रामपाल निवासी ग्राम भदईपुरा किच्छा रोड थाना रूद्धपुर,अजहर पुत्र आरिफ निवासी ग्राम गुलड़िया अता हुसैन थाना बहेडी जनपद बरेली, इकबाल अहमद पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम नौगवा गुरूबोझ चौकी कतई मिल थाना बहेड़ी बरेली, 4. टिटू पुत्र वेदप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम भदईपुरा किच्छा, जुनैद पुत्र नियाज अहमद निवासी जादौपुर थाना भोजीपुरा जनपद बरेली, अब्दुल हसन पुत्र गुलाम रसूल निवासी ग्राम अकबराबाद थाना बहेडी जनपद बरेली,मुजम्मिल पुत्र रहीसुददीन निवासी ग्राम गुलडिया थाना बहेडी जनपद बरेली के नाम प्रकाश में आए थे। उसके बाद पुलिस ने महेश,अजहर,इकबाल अहमद,टिटू, जुनैद पुत्र नियाज अहमद को चौकी ईशानगर से ग्राम चन्देन की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 8 बोरे बडे. व 4 कट्टे बडे.जिनमे एल्युमिनम का तार छिला हुआ जिसका वजन करीब 5 कुन्टल, 40 किलो बरामद हुआ व एक अदद कट्टा छोटा जिसमे थाना भोट से सम्बन्धित माल जिसका वजन करीब 10 किलो व एक कटर , 4 छुरी तार छिलने की व घटना में प्रयुक्त कार डिजायर बरामद हुई। उसके गुरुवार को एएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि चोरी के मामले में पांचआरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। चोरो ने बताया कि हम सभी ने मिलकर 23 जून को थाना भोट बिजली घर से, 27 दिसंबर को ग्राम लच्छीवाला थाना स्वार,21 जनवरी को ग्राम गुलामगंज थाना खजुरिया, तीन फरवरी को ग्राम मनौना थाना केमरी से चोरी की थी। इसके अलावा 11 फरवरी को ग्राम गदेईया हरसूनगंला थाना मिलक, चार मार्च को ग्राम अगलगा लच्छीवाला थाना स्वार,17 मार्च को ग्राम सिंहपुरा थाना मिलक सहित काफी चोरी की घटनाओं अंजाम दिया गया है। एएसपी अनुराग सिंह ने बताया कि आरोपी जेल चले गए।

# तंजीन फात्मा बोलीं कि अभी 15 दिन का है समय

- **दोपहर बाद जौहर विवि पहुंचने पर मीडिया से बोलीं**

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां की पत्नी पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा दोपहर जौहर विवि पहुंचने पर पत्रकारों से बोलीं कि अभी हमारे पास 15 दिन का समय है। जौहर विवि में बने 38 भवनों को लेकर प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस पर उन्होंने कहा कि आप लोगों को सबकुछ मालूम है।

गुरूवार दोपहर जौहर विवि पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबीं के संग पहुंची। जहां उनके अचानक पहुंचने पर मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए बोली कि अभी हमारे पास 15 दिन का समय है। इसके बाद वह कार से सीधे घर के लिए रवाना हो गई।



जौहर विवि से बाहर आने के बाद घर जातीं पूर्व विधायक। –जागरण मोर्चा

## सार संक्षेप



भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल भक्त। –जागरण मोर्चा

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली

**रामपुर।** गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। जोकि मुनीश्वर दत्त मंदिर ठाकुर द्वारा कूचा देवी दास से यह यात्रा पूरे शहर में घूमी।रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने रथ खींचने में शामिल रहे। हजारों श्रद्धालुओं ने जल छिड़का पूरे मार्ग में सफाई करते हुए चलते रहे। यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यात्रा मंदिर से चलकर चाह इच्छाराम, सेन्ट्रल बैंक की गली, हनुमान मंदिर राजद्वारे से मिस्टन गंज चौराहे से चूने वाली गली होते हुए मंदिर पहुंचे। भक्ति भजनों पर श्रद्धालु झूमे। जगह जगह फूल और गुलाल वर्षा की गई। एक बजे यात्रा मंदिर में जाकर आरती पूजा अर्चना भजन कीर्तन करते हुए विश्राम किया। हजारों की संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर मुख्य रूप से पंडित सौरभ शर्मा, पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा,पंडित मंगल दिनेश, सुरेश चुन्ना, सीमा, मधु, मंजू, सीतल, गोमती देवी, मिथलेश, विनोद कुमार, कैलाश, विजय, सरोज, सुनीता, डाक्टर विनोद कुमार,अजय कुमार अग्रवाल, सोनल, संध्या, इंदिरा, मौजूद रहे।आरती के बाद भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें कढ़ी चावल का प्रसाद ग्रहण किया।

### यासिर बेग को राज्यपाल ने प्रदान की गैस्ट्रोएंट्रॉलजी में एमसीएच की उपाधि



उपाधि लेते डॉ. मो. यासिर बेग।

**स्वार।** स्वार क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बने डॉ. मो. यासिर बेग ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर स्वार का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। यूनिटी डिग्री कॉलेज, स्वार के प्रबंधक मो. इदरीस बेग के सुपुत्र डॉ. मो. यासिर बेग ने देश के प्रतिष्ठित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ से गैस्ट्रोएंट्रॉलजी विभाग में एमसीएच की उच्च उपाधि प्राप्त की है। 14 जुलाई को लखनऊ में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. यासिर बेग को अपने कर–कमलों से यह प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी से वार्ता करते उलेमा। –जागरण मोर्चा

### मजार-मस्जिद को लेकर डीएम से मिले उलेमा

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला चीनी गिरान में बने मजार–मस्जिद को लेकर उलेमाओं का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला। जहां उन्होंने जिलाधिकारी से वार्ता के दौरान कहा कि ध्वस्तीकरण नोटिस को निरस्त कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। स्थानीय लोगों और अभिलेखों के अनुसार मस्जिद, मजार शरीफ प्राचीन धार्मिक स्थल है जिनका अस्तित्व रामपुर रियासत के भारतीय संघ में विलय से भी पूर्व का है। गुरूवार को काजी ए शरआ सैयद फैजान मियां, सेकेटरी मुकर्रम रजा इनायती के नेतृत्व में उलेमाओं का डेलीगेशन कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां उन्होंने मजार–मस्जिद को लेकर एक मैमोरंडम भी जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें प्रतिनिधि मंडल का कहना है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए ध्वस्तीकरण के आदेश निरस्त, मस्जिद–मजार के खिलाफ प्रस्तावित ध्वस्तीकरण कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। राजस्व विभाग वक्फ बोर्ड एवं संबंधित विभागों के अभिलेखों की निष्पक्ष, जांच पूर्ण होने तक यथावत की स्थिति निर्देश किए जाए। संबंधित पक्षों एवं वक्फ बोर्ड को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा अवसर, दोनों स्थलों की सुरक्षा की जाए। वार्ता के करने वालों में मौलवी फैजान खां, मौलाना असलम जावेद कासमी, मौलाना अंसार अहमद कासमी, शाहिद अली खां, मोहम्मद मियां, नाजिल रजा, अहमद मियां, इसलाम हसन रिजवी, अरशद अली मौजूद रहे।

### उर्स के पहले दिन हुई कुरआन ख्वानी

**रामपुर।** बरेली गेट रोड स्थित मौलवी जमालुद्दीन का सालान उर्से मुबारक बरोज जुमेरात से शुरू हो गया। उर्स पहले दिन जौहर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी, असर की नमाज के बाद कुलशरीफ का आगाज किया। हजरत की दरगाह पर अकीदतमंदों ने चादरपोशी और गुलपोशी की। इसके बाद दुआ कराई गई।

# खेत में बूढ़े व्यक्ति का शव पड़ा मिला

- **परिजनों का हत्या का आरोप, पुलिस ने शव पीएम को भेजा**

जागरण मोर्चा कार्यालय



लोगों से जानकारी लेती पुलिस। –जागरण मोर्चा

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बूढ़े व्यक्ति का शव खेत में मिला तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुला लिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस से हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के माता गांव का है। गुरुवार सुबह पुलिस को सूचना मिली राम अवतार के खेत में एक बूढ़े व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अजीमनगर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुला लिया। शव की शिनाख्त गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव निवासी नन्हे पुत्र शहादत उम्र 75 वर्ष के रूप में हुई। मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई।

कुछ देर के अंदर ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। शव को देखने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की। उनका आरोप था बुजुर्ग की हत्या के बाद शव को यहां लाकर डाल गया है। मृतक के शव को पुलिस एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले गई। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरा।

पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। प्रभारी निरीक्षक अजीमनगर दयाशंकर सिंह ने बताया मौत का कारण जानने के लिए बुजुर्ग के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### टांडा में 80 टीबी मरीजों को पोषण पोटली मिली

**रामपुर।** टांडा सीएचसी में गुरुवार को 80 टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। यह वितरण फेयर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य मरीजों को उपचार के दौरान पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य लाभ में सहयोग देना है। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सतपाल सिंह ने कहा कि टीबी के सफल उपचार के लिए नियमित दवा के साथ–साथ संतुलित और पौष्टिक आहार भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से मरीजों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें अपना उपचार पूरा करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के समापन पर टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की गई। इस अवसर पर पीपीएम कोऑर्डिनेटर अखलाक, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर नासिर अली, टीबीएचवी जितेंद्र कुमार और लैब टेक्नीशियन जय नारायण गौतम सहित अस्पताल के कई चिकित्सक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सराहनीय** आश्रम पद्धति छात्रावास में जोड़ों को दी गई शादी सामग्री, लगी रही कतारें

# सामूहिक विवाह: शादी की सामग्री मिलने पर जोड़ों के खिले चेहरे

जागरण मोर्चा, कार्यालय



आश्रम पद्धति के छात्रावास में वधू को सामान देते हुए कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

**रामपुर।** आश्रम पद्धति छात्रावास में गुरूवार को वर- वधू को शादी का सामान दिया गया। जिसमें एक बेड का गद्दा, प्लेटो का सेट, कंबल, कढ़ाई, प्रेशर कुकर, ट्राली बैग सामान दिया गया। जिसे पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। जबकि वधू के खाते में 64,000 रुपये की धनराशि डिजिटल माध्यम से ट्रांसफर की जाएगी।

10 जुलाई को रामपुर-स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में रीति रिवाजों के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें हिन्दू, मुस्लिम 1000 जोड़ों का विवाह हुआ था। विवाह के दौरान फिंगर प्रिंट एवं चेहरे का विवरण आधार कार्ड से मिलने के बाद और कार्यक्रम स्थल जोड़ों की बायोमैट्रिक हाजिरी भी लगी थी। इसी के तहत आयोजन में शामिल जोड़ों को सामग्री वितरित की गई। आश्रम पद्धति छात्रावास में समाज कल्याण विभाग में तैनात कर्मचारियों की जोड़ों की सूची का मिलान कर सामान दिया गया। सामान वितरण की प्रक्रिया दिन भर जारी रही।

### आज भी जारी रहेगी वितरण की प्रक्रिया

समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि 10 जुलाई को रामपुर– स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम तक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इसी के तहत जोड़ों को सामग्री वितरित की जा रही है। सामग्री के वितरण की प्रक्रिया कई दिन तक जारी रहेगी। वहीं सामान लेने को छात्रावास परिसर में जोड़ों की लंबी–लंबी कतारें लगी रही।

# लाखों की लूट की घटना निकली फर्जी

## महिला ने फोर एक्स ट्रेडिंग में लगा दिए थे लाखों रुपये, एएसपी ने प्रेसवार्ता के दौरान किया खुलासा



बदमाश द्वारा महिला के हाथ मारी गई छुरी के निशान। (फाइल फोटो)



परिजनों से जानकारी लेते एएसपी। (फाइल फोटो)

### एक सप्ताह के अंदर दूसरी चोरी की घटना

एक बार फिर से चोर सक्रिय हो गए है। गंज क्षेत्र में बने घरों को चोर निशाना बना रहे हैं और गंज पुलिस तमाशा देखते हुए नजर आ रही है। गौरतलब है कि थाना गंज क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर चोरी की यह दूसरी बड़ी घटना है। लगातार हो रही वारदातों से स्थानीय लोगों और अधिवक्ताओं में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस अभी तक पहली घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गंज थाना निवासी सैयद आमिर की पत्नी के साथ बुधवार दोपहर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर पत्नी पर जान से मारने की नियत से चाकू से वार करना, जिससे महिला के हाथ पर खरोंच आना एवं घर मे रखे 1 लाख रुपये नगद व लगभग 15 तोले सोने के आभूषण को लूट कर भाग जाने के सम्बन्ध में थाना गंज पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया था। पुलिस की विवेचना के दौरान महिला ने बताया कि अपने परिजनो के बिना बताएं फोर एक्स ट्रेडिंग में रुपये लगाये गये थे। जो कि महिला हार गयी थी। ट्रेडिंग में हुई हानि को पूरा करने के लिये द्वारा अपने परिवार को बिना बताये अलग- अलग को कैपरी गोल्ड लोन शाखा शौकत अली रोड से अपना जेवर गिरवी रखकर अपने बैंक ऑफ बडौदा अकाउंट में धनराशि प्राप्त की थी। तथा प्राप्त राशि को भी महिला द्वारा फोर एक्स ट्रेडिंग में लगाया था जोकि महिला हार गई। अधिवक्ता की पत्नी को जब लगा कि उसके परिजनों को इस प्रकरण के सम्बन्ध में पता चल जायेगा तो उसने एक झूठी लूट की घटना बनाकर अपने पति को फोन से अज्ञात द्वारा द्वारा घर में घुसकर पत्नी के साथ मारपीट करना व जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करना व वादी के बेटे सलार उम्र करीब ढाई वर्ष के गले पर छुरी रखकर मृत्यु का भय दिखाते हुए पत्नी से अलमारी की चाबी ले लेना व अलमारी में रखे एक लाख रुपये नगद व 15 तोले सोने के जेवरात लूट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग जाना के सम्बन्ध में दी तथा घटना को सत्य दिखाने के लिए अपने आप को रसोई में प्रयोग किए जाने वाले चाकू से घायल कर लिया।अपना फोन तोड़ दिया।

पुलिस की सख्ती से पूछताछ के दौरान गलती को स्वीकार कर लिया है।विवेचना से यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि महिला द्वारा कैपरी गोल्ड लोन शौकत अली रोड सिविल लाइन से 21 जनवरी को 100000 रुपये, 22 जनवरी को 56000 रुपये, 27 जनवरी को 196000 रुपये, 6.फरवरी को 413000 रुपये लिमिट बढ़ाकर गोल्ड लोन लिया था। 28 अप्रैल 6 को 164000- रुपये 4 जून को 406000 रुपये लिमिट बढ़ाकर गोल्ड लोन लिया गया। गंज प्रभारी पवन शर्मा ने बताया कि प्रकरण में विवेचना प्रचलित है। साक्ष्य के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

- सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते डीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम केजनपद में मतदेय स्थलों के पुनर्निर्धारण, नए मतदेय स्थलों की स्थापना तथा जर्जर भवनों में संचालित मतदेय स्थलों के स्थान परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के तहत 24 से 28 जून तक मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन एवं नए भवनों का चिन्हांकन किया गया। इसके बाद 29 जून से 1 जुलाई, 2026 तक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रस्ताव तैयार किए गए। 4 जुलाई, 2026 को मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन कर उसकी प्रतियां सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी गई हैं।जिलाधिकारी ने बताया कि प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का परीक्षण करने के बाद 18 जुलाई, 2026 तक सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।27 जुलाई तक जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी आवश्यक संलग्नकों सहित प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को आयोग के अनुमोदन हेतु भेजे जाएंगे। इसके बाद 31 जुलाई, 2026 तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को अनुमोदन के लिए प्रेषित किया जाएगा।

बैठक में जनपद के विभिन्न विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रस्तावित परिवर्तनों की जानकारी भी दी गई। इसके अनुसार 34-स्वार विधानसभा क्षेत्र में 1200 से अधिक मतदाताओं वाले क्षेत्रों के लिए 3 नए मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। 35-चमरौवा विधानसभा क्षेत्र में 1200 से कम मतदाताओं वाले 2 मतदेय स्थलों का समायोजन, 1200 से अधिक मतदाताओं के कारण 2 नए मतदेय स्थल तथा जर्जर भवनों के कारण 7 मतदेय स्थलों के भवन परिवर्तित किए गए हैं। 36-बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में 3 मतदेय स्थलों का समायोजन एवं 3 नए मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। 37-रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 68 मतदेय स्थलों का समायोजन, 4 नए मतदेय स्थल तथा जर्जर भवनों के कारण 2 मतदेय स्थलों का स्थान परिवर्तन किया गया है। 38-मिलक (अजा.) विधानसभा क्षेत्र में 6 मतदेय स्थलों का समायोजन तथा 1 नया मतदेय स्थल प्रस्तावित किया गया है। इन परिवर्तनों के बाद जनपद में कुल 2,048 मतदेय स्थल प्रस्तावित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि यदि मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, पुनर्निर्धारण अथवा प्रस्तावित सूची के संबंध में कोई सुझाव या आपत्ति हो तो उसे 18 जुलाई, 2026 से पूर्व संबंधित उप जिलाधिकारी अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करा दें।

# श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

- मुलुकपीठ वृन्दावन से पधारे गोपेश कृष्ण दास महाराज ने दिया आशीर्वाद



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** गौ सेवा परिवार फाउंडेशन द्वारा 18 से 21 जुलाई तक उत्सव पैलेस,कोसी मार्ग में आयोजित होने जा रहे श्रीनाथ रसकथा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से कथा प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों एवं सेवाभावियों को उनकी जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर वृन्दावन से पधारे गोपेश कृष्ण दास महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाराज लगभग 70,000 किलोमीटर की यात्रा कर रामपुर पहुंचे हैं। वे गौ सम्मान आह्वान अभियान' के अंतर्गत सम्पूर्ण भारतवर्ष का भ्रमण कर रहे हैं तथा गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के उद्देश्य से जन-जागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं।

बैठक के दौरान महाराज जी ने कथा महोत्सव की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा आयोजन की तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए गौ सेवा परिवार के सभी सदस्यों एवं सेवाभावियों को सफल आयोजन के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में संस्कृति, सेवा और गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनते हैं।रामपुर प्रवास के दौरान पूज्य महाराज जी ठाकुरद्वारा मंदिर में आयोजित श्री जगन्नाथ यात्रा में भी सम्मिलित हुए।उन्होंने भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के श्रीचरणों में पुष्प एवं माला अर्पित कर दर्शन-पूजन किया तथा समस्त श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

# चीनी गिरान की मस्जिद, मजार की कमेटी ने सामान समेटना शुरू किया

जागरण मोर्चा, कार्यालय



मस्जिद, मजार में रखे सामान को ई- रिक्शा में भरवाते लोग।

**रामपुर।** चीनी गिरान में बनी मस्जिद-मजार की कमेटी ने गुरूवार को सामान समेटना शुरू कर दिया। कमेटी में शामिल लोगों का कहना है कि नोटिस के हिसाब समय पूरा हो रहा है लिहाजा इसलिए टीनशेड और जरूरी सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

10 जुलाई को लोक निर्माण विभाग ने मोहल्ला चीनी गिरान में बने मजार-मस्जिद को लेकर नोटिस दिया। प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता स्टोर की ओर से जारी नोटिस के अनुसार मौजूदा मजार व मस्जिद शहर के मोहल्ला चिरान स्थित प्रांतीय खंड के खंडीय भंडार परिसर स्थित सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के बनाई गई है। विभाग का कहना है कि इस अवैध कब्जे के कारण निर्माण सामग्री के रखरखाव, सरकारी वाहनों के आवागमन और विभागीय कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इसलिए कमेटी को नोटिस जारी कर 7 दिन का समय दिया गया। जिस पर बुधवार को कमेटी के सज्जादनशीन समेत अन्य लोगों ने नोटिस का जवाब दाखिल किया। गुरूवार को कमेटी ने मस्जिद, मजार में रखे सामान को समेटना शुरू किया। सामान को ई- रिक्शा में भरवाकर सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

इस दौरान अवर अभियंता अमित तेजान, एलआईयू इंस्पेक्टर दीपक कौशिक, शहर कोतवाल समेत पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे।

**जायजा** कटान रोकथाम, तटबंधों की मजबूती एवं राहत तैयारियों के दिए निर्देश

# बाढ़ के दृष्टिगत एडीएम ने संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



संवेदन शील क्षेत्रों का निरीक्षण करते एडीएम। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व आनन्द कुमार सिंह के साथ तहसीलदार टांडा, जिला आपदा विशेषज्ञ एवं आपदा सहायक द्वारा तहसील टांडा के ग्राम ईश्वरपुर एवं ग्राम बीचपुरी का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, नदी के कटान की स्थिति तथा स्थानीय व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया। टीम द्वारा ग्रामीणों से संवाद कर संभावित जोखिमों की जानकारी प्राप्त की गई तथा बाढ़ से बचाव एवं राहत संबंधी तैयारियों की समीक्षा की गई।भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार टांडा को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान, सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर नदी कटान की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य एवं तटबंधों को सुदृढ़ करने की कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराई जाए, जिससे संभावित बाढ़ के दौरान जन-धन की हानि को न्यूनतम किया जा सके।इस अवसर पर ग्रामीणों को जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ के समय उपलब्ध कराई जाने वाली राहत एवं बचाव व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी गई।

उन्हें बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों एवं राहत शिविरों में ठहरने, पका हुआ भोजन, सूखा राशन, स्वच्छ पेयजल, बिस्तर, चिकित्सा सुविधा तथा अन्य आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद प्रशासन संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कर रहा है। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# सूफी लियाकत हुसैन शाह उर्फ मुन्ने मियां का 19 वां सालाना उर्स शुरू

जागरण मोर्चा कार्यालय



सजी दरगाह।

**मिलक / रामपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भैसोड़ी शरीफ उर्फ मुर्शिदनगर स्थित दरगाह हजरत सूफी लियाकत हुसैन शाह उर्फ मुन्ने मियां का 19वां सालाना उर्स आज 17 जुलाई से शुरू हो गया है। उर्स खानकाहे हसनी, अजीज़ी लियाकती के सज्जादानशीन हजरत सूफी जावेद हुसैन शाह की सरपरस्ती में तीन रोज़ा सालाना उर्स अक़ीकत के साथ मनाया जा रहा है।

17 जुलाई - उर्स के पहले दिन, बाद नमाज़-ए-फ़जर कुरान ख्वानी, सलातो सलाम के साथ उर्स की शुरुआत हुई। बाद नमाज़-ए-असर सरकारी चादरपोशी होगी। बाद नमाज़-ए-ईशा महफ़िल-ए-मिलाद शरीफ, हल्का-ए-ज़िक्र, शब्बेदारी और महफ़िले समा का आयोजन किया जाएगा। 18 जुलाई को दूसरे दिन सुबह 10 बजे कुल शरीफ और महफ़िले रंगो समा होगी। बाद नमाज़-ए-असर जश्न-ए-चरागा का मुख्य प्रोग्राम होगा। उसके बाद नमाज़-ए-ईशा मुशायरा और महफ़िले समा का आयोजन होगा।19 जुलाई - उर्स के तीसरे दिन सुबह 10 बजे संदल शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद गुस्ल शरीफ और महफ़िले समा होगी।उर्स में दूर-दराज से जायरीनो के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया सभी से शिरकत कर फुयुज़ो बरकात हासिल करने की अपील की है।

## सार संक्षेप




जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएमएस। -जागरण मोर्चा

### अमरनाथ जा रहे जत्थे को दिखाई हरी झंडी

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए जा रहे जत्थे को शाम 5 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएस ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हजारों व्यक्तियों ने बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए पंजीकरण कराया था। जिसके पश्चात सभी का मेडिकल फिटनेस टेस्ट जिला चिकित्सालय में किया गया। जिसके लिए सुगम व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी। यात्रा के लिए नोडल को नामित किया गया जिससे किसी भी श्रद्धालु को दिक्कत नहीं हो। उन्होंने आगे बताया कि मुझे आज यहां जत्थे को रवाना करते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है। आशा करता हूं कि सभी को अच्छे से दर्शन प्राप्त हों।



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते किसान। -जागरण मोर्चा

### भाकियू ने जिले में शुरू किया ऑपरेशन एक जुटता

**रामपुर।** भाकियू ने जिले में ऑपरेशन एकजुटता शुरू किया है। इसकी शुरुआत आगपुर से की गई। जिला अध्यक्ष ने अच्छी सूझबूझ रखने वाले कार्यकर्ताओं को संगठन की नई जिम्मेदारी सौंपी। जिलाध्यक्ष दरबारी लाल शर्मा ने संगठन को नई धार देने के लिए ऑपरेशन एकजुटता शुरू किया है। इसके तहत लंबे समय से नाराज़ चल रहे पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ताओं से संपर्क कर फिर से संगठन की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास करना है। इसकी शुरुआत बृहस्पतिवार को अगपुर से कर दी गई। जिला अध्यक्ष ने सबसे पहले मंदिर प्रांगण में कई कार्यकर्ताओं को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी। इसमें मोहम्मद तालिब को जिला महासचिव, साबिर संगठन मंत्री,दीपचंद्र , ब्लाक महासचिव चमरौआ,मित्रपाल यादव और छिड़ा नेता को जिला सचिव बनाने की घोषणा की। जिला अध्यक्ष का दावा है कि आने वाले दिनों में गांव-गांव तक संगठन का ढांचा और मजबूत किया जाएगा, ताकि किसानों की हर लड़ाई एकजुट होकर लड़ी जा सके। पंचायत में किसानों ने बिजली आपूर्ति , सिंचाई, छुट्टा पशु, राजस्व संबंधी मामलों और अन्य स्थानीय समस्याओं पर अपनी बात रखी। जिला अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बड़े आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। पंचायत में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर परहरेंद्र सिंह यादव सेवा रामपाल राजपाल यादव खुशी पाल यादव रामावतार लोधी अनिल ठाकुर बाबूराम लोधी मोहम्मद तालिब ठाकुर अजय पाल सिंह ठाकुर धर्मेश सिंह मोहम्मद मुस्तकीम साबिर अली सिद्ध नेताजी दीपचंद लोधी जी मुजफ्फर हाफिज ओंकार सिंह दिलशाद अहमद नाजिम खान आसिफ अली राजा खलील अहमद रूखसाद अली रईस अहमद मित्तरपाल यादव मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### प्रतिनिधिमंडल जल्द मुख्यमंत्री से करेगा मुलाकात

**रामपुर।** मिलक में तुरैहा मछुआ समाज की बृहस्पतिवार को मोहल्ला रोरा कलां मैं रोहित कुमार के आवास पर बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज के लोगों से अपने अधिकारों के प्रति और संघर्षील बनने का आह्वान किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि मछुआ समाज का मान सम्मान और अधिकारों के लिए शीघ्र एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा।समाज की समस्याओं की अगवत कराएगा। उन्होंने कहा कि घर से बाहर निकले के बिना समाज के लोगों को उनका अधिकार व सम्मान नहीं मिल सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज के स्वयंभू नेता केवल व्यक्तिगत लाभ एवं वोट बैंक की राजनीति तक सीमित है। यह लोग कभी समाज का भला नहीं कर सकते।बैठक में रामकिशोर, मुरारी लाल, विनोद कुमार, राम सिंह एडवोकेट, महेंद्र पाल सिंह, लक्ष्मण प्रसाद तुरैहा पूरनलाल, विक्की कुमार, संजय कुमार, पुनीत कुमार, अर्जुन कुमार, कमल कुमार, अरविंद राज, राधेश्याम, आदि लोग मौजूद रहे।

### भाकियू महाशक्ति ने भेजा ज्ञापन

**मिलक।** भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को प्रस्तावित भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में उप जिलाधिकारी मिलक के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन तहसीलदार मिलक को सौंपा। भाकियू महाशक्ति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह समझौता देश के किसानों के लिए घातक साबित होगा। इससे विदेशों से सस्ता कृषि उत्पाद, दूध और बीज भारत में आएंगे जिससे भारतीय कृषि, डेयरी और बीज उद्योग पूरी तरह चौपट हो जाएगा। इससे किसानों की आय घटेगी और देश की खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी।किसान नेताओं ने प्रधानमंत्री से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस समझौते को तुरंत रद्द किया जाए।ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष लाला राम गंगवार, मंडल अध्यक्ष विनोद पटेल, युवा जिला अध्यक्ष राजेंद्र गंगवार , जिला महासचिव मतलब जमाली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष साजिद अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद रफी, जिला महासचिव मनोज शर्मा, तहसील अध्यक्ष सत्येंद्र गंगवार, नगर अध्यक्ष मोहम्मद जमील, तहसील सचिव अखिल अहमद, तहसील उपाध्यक्ष जावेद अंसारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मेहंदी हसन, जिला महामंत्री कामिल राजा, शराफत भाई, विनोद शर्मा, तहसील प्रभारी निसार अहमद, जिला संगठन मंत्री रामदास फौजी, जिला उपाध्यक्ष युवा बृजेश यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अधिकारी को ज्ञापन देते किसान।

# मंदिर वार्षिकोत्सव पर निकाली गई साईं पालकी

## भक्तों ने पालकी को कंधे पर उठाकर शहर के प्रमुख मार्गों का किया भ्रमण


साईं पालकी में करतब दिखाते कलाकार। -जागरण मोर्चा


पालकी यात्रा में साईं पालकी उठाती राज्यमंत्री व भक्तगण। -जागरण मोर्चा


पालकी यात्रा में नृत्य करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। साईं मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में नगर में साईं पालकी धूमधाम से निकाली गई। जिसमें भक्तों ने पालकी को अपने कंथे पर उठाकर प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। साईं पालकी यात्रा में अनेक कलाकारों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। पीलकी पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। पालकी मार्ग पर भक्तों ने झाडू लगाकर मार्ग की सफाई की।

गोलागंज स्थित श्री साईं मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। जिसको लेकर गुरुवार को साईं पालकी निकाली गई। शुक्रवार की शाम 4 बजे से सुंदरकांड व 19 जुलाई को मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार की शाम 5 बजे साईं पालकी यात्रा मंदिर से निकाली गई। जिसमें भक्त गण पालकी को अपने कंधों पर उठाकर प्रमुखों का भ्रमण किया। पालकी को सुंदर तरीके से फूलों से सजाया गया, पालकी में बाबा प्रतिमा विराजमान थी। गोलागंज स्थित मंदिर से आरंभ हुई पालकी यात्रा फव्वारा चौक, मालवीय चौक, रामस्वरूप रोड, संभल गेट, लाठी बाजार, फड़याई बाजार, ब्रह्म बाजार, घास मंडी, बड़ा बाजार, हुसैनी बाजार, मुरादाबाद गेट होते हुए मंदिर परिसर पहुंच संपन्न हुई। पालकी यात्रा में पहुंची राज्यमंत्री गुलाब देवी ने भी पालकी उठाई। पालकी यात्रा में कलाकारों ने करतब दिखाए। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शीला मग्गो, जितेंद्र कुमार, अजीत ठाकुर, जवाहर लाल ग्रोवर, महेंद्र बजाज, कमल कुमार, राम प्रकाश, सीता राम साहनी, अमन मल्लन, राजू चड्ढा, जवाहर लाल साहनी, लक्की गलोतरा, प्रिंस खुराना, अशोक बजाज, योगेश गोल्डन, आकाश आहूजा, तनुज ग्रोवर, वेद प्रकास अरोरा, गगन बजाज, अनिल खुराना, संजय मदन, हरेंद्र कोहली, अंकुर साहनी आदि मौजूद रहे।

# युवक ने मालगाड़ी के आगे आकर की आत्महत्या, शव पोस्टमार्टम को भेजा

- थाना बनियाठेर क्षेत्र के गुमथल रेलवे फाटक के पास की घटना

जागरण मोर्चा, कार्यालय


घटनास्थल पर मृतक के मामा से जानकारी करतीं पुलिस। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी**। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गुमथल रेलवे फाटक के पास युवक ने मालगाड़ी के आगे आकर आत्महत्या कर ली। युवक रामपुर जनपद के थाना शाहबाद का निवासी है। वह गुमथल अपने मामा के घर आया हुआ था। जो दिमागी रूप से कमजोर बताया जा रहा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

बुधवार की रात 8 बजे गुमथल रेलवे स्टेशन मास्टर ने बनियाठेर पुलिस को सूचना दी कि गुमथल रेलवे फाटक के पास खंभा नंबर 37/16 के पास अज्ञात शव पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि गुमथल रेलवे स्टेशन की ओर से मालगाड़ी मुरादाबाद के लिए रवाना हुई तो युवक पटरी पर पहुंच मालगाड़ी के आगे आ गया। जिसकी मालगाड़ी से टकराकर मौत हो गई। पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मृतक की जयनारायण उर्फ छोटू शर्मा 23 वर्ष पुत्र सत्यदेव शर्मा निवासी ग्राम गलपुरा महेवा थाना शाहबाद जनपद रामपुर के रूप में हुई। मृतक के मामा सुनील शर्मा निवासी गुमथल भी आ गए। उन्होंने बताया कि उनका भांजा मंगलवार की सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। जिसे खोजने का काफी प्रयास किया। वह दिमागी रूप से कमजोर था। जो पहले भी कई बार बिना बताए घर से जा चुका है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ग्रामीण व पीड़ित परिवार ने राज्यमंत्री से की आर्थिक मदद दिलाने की मांग

जागरण मोर्चा, कार्यालय


प्रभारी निरीक्षक से वार्ता करती राज्यमंत्री गुलाब देवी।

**चन्दौसी**। गणेश कालोनी में बुधवार की सुबह हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से राजमिस्त्री की मौत हो गई थी। जबकि मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया था। राजमिस्त्री की मौत के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन मौके पर पहुंचे और विलाप करना शुरू कर दिया। गुरुवार को घटना को लेकर मृतक के परिजन व ग्रामीण राज्यमंत्री से मिले और न्याय की गुहार लगाई। साथ ही ग्रामीणों ने राज्यमंत्री से पीड़ित परिवार के आर्थिक मदद दिलाने की मांग की।

बुधवार को गणेश कालोनी में मकान में कार्य करते समय राजमिस्त्री महेंद्र 35 वर्ष निवासी कैथल का मझरा नवाबपुरा व मजदूर भूरे निवासी रायपुर कला थाना बहजोई मकान मे प्लास्तर के लिए पाड़ बांधते समय हाईटेंशन लाइन ने चपेट में ले लिया। हादसे में राजमिस्त्री की मौके पर मौत हो गई, जबकि मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे की सूचना पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विलाप करने लगे। कुछ बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों की पुलिस के काफी कहासुनी हुई। प्रभारी निरीक्षक संत कुमार के समझाने पर परिजनों ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। सुबह 11 बजे राजमिस्त्री के शव का पोस्टमार्टम नहीं होने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पीड़ित परिवार के साथ राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पहुंचे। वहां राज्यमंत्री से वार्ता कर शव का शीघ्र पोस्टमार्टम कराने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। राज्यमंत्री ने प्रभारी निरीक्षक संत कुमार को मौके पर बुलाया। राज्यमंत्री ने प्रभारी निरीक्षक से शव का शीघ्र पोस्टमार्टम कराने की बात कहते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की बात कही।

## चार दिन से अंधेरे में डूबा नागलिया बल्लू, परेशानी

**संभल**। थाना बनियाठेर क्षेत्र के ग्राम नागलिया बल्लू में पिछले चार दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार अंधेरा छाए रहने से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है, जबकि भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट भी गहराने लगा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित कनिष्ठ अभियंता (जेई) से संपर्क कर बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन चार दिन बीत जाने के बाद भी न तो बिजली आपूर्ति सुचारु हो सकी और न ही किसी कर्मचारी ने मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान किया। बिजली गुल रहने से घरों में अंधेरा पसरा हुआ है। मोबाइल फोन चार्ज न होने, पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने और छोटे बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहा, जिससे लोगों में विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर तत्काल बिजली आपूर्ति बहाल कराने और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ

जागरण मोर्चा, कार्यालय


कार्यक्रम में शपथ ग्रहण करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी**। रोटरी क्लब भारत का शपथ ग्रहण एवं आगामी गवर्नर प्रतीक सिंह का सम्मान समारोह का आयोजन संजीवनी पैलेस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गवर्नर पायल गौड़ मौजूद रही।

कार्यक्रम में रोटरी मैन, रोटरी रायल, रोटरी पूर्वांचल, रोटरी अमन, रोटरी लक्ष्य, रोटरी सनशासन, रोटरी फ्रेड्स आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह में वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष संजीव त्यागी, सेक्रेटरी गौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष विकास रस्तोगी को कालर पहनाकर बोर्ड के सदस्यों ने शपथ दिलाई। पायल गौड ने क्लब फाउंडर राहुल अग्रवाल के उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। सभी सदस्यों को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया। गवर्नर प्रतीक सिंह ने अपनी विजय का श्रेय सभी क्लबों को देते हुए उनके अध्यक्षों को स्मृति चिंह प्रदान किए। इस अवसर पर डीके शर्मा, मनीष शारदा, हरि गुप्ता, दीपक बाबू, सागर शर्मा, आलोक चौधरी, मनोज गोयल, समीर बंसल, संदीप लोहिया, सौरभ गुप्ता, आयुष विंदल, नितिन, अनुराग, आलोक, सचिन, अनुज, विवेक सर्राफ, सुधीर मल्होत्रा, संदीप सूरी, आदि मौजूद रहे।

## दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ कर चोरी, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**गजरौला**। नगर के सादल्लेपुर रोड स्थित मौहल्ला अटल जी नगर में दिनदहाड़े घर में हुई चोरी की घटना का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर ली है। बता दें कि बीते दिन अमरपाल सिंह और उसकी पत्नी पूर्वान्ह में 11 बजे अपनी बेटी की दवाई दिलाने गए थे। घर पर ताला लगा था। इसी बीच चोरों ने ताला तोड़कर घर में रखी आलमारी से सोने की चैन, दो अंगूठी, छह पाजेब आदि चोरी कर लिए। अमरपाल सिंह आदि जब घर वापस लौटे तो उन्हें चोरी की घटना के बारे में पता चला। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटना का मुकदमा दर्ज करते हुए चोरों की तलाश की जा रही है।

## प्रसंस्कृत आलू बीज उत्पादन पर किसानों को मिलेगा 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान

**संभल**। जनपद के आलू उत्पादक किसानों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश सरकार की आलू विकास नीति-2014 के तहत प्रसंस्कृत प्रजातियों के आलू बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाएगा। उद्यान विभाग ने किसानों से योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक आवेदन करने की अपील की है। जिला उद्यान विभाग के अनुसार योजना के तहत किसानों को अपने खेतों में कुफरी चिप्सोना-1, कुफरी चिप्सोना-3, कुफरी फाईसोना तथा कुफरी सूर्या जैसी प्रसंस्कृत प्रजातियों के आलू बीज की बुवाई करनी होगी। इसके बाद उ.प्र. राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था से बीज का पंजीकरण, निरीक्षण, ग्रेडिंग, पैकिंग एवं टैगिंग कराने पर प्रति हेक्टेयर 25 हजार रुपये का अनुदान प्रदान किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए प्रदेश को इस योजना के अंतर्गत 104 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

**आयोजन** लायंस क्लब विशाल ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# समारोह में किया गया विद्यालय को मेधावियों को सम्मानित

जागरण मोर्चा, कार्यालय


मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते क्लब अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी**। लायंस क्लब विशाल की ओर से हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में 10 मेधावियों को सम्मानिति किया गया। समारोह में कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में अपूर्वा यादव, खुशी वार्ष्णेय, रितु धनगर को ग्रुप अध्यक्ष राहुल अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह बच्चे हमारे देश का भविष्य है। इनका समर्पण और मेहनत समाज के उज्ज्वल भविष्य को नींव रखता है। जो आज शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वह कल अपने जीवन के हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेंगे और अपनी क्षमता के अनुरूप देश की सेवा करेंगे।

एनएल वार्ष्णेय ने कह ।कि यह उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है कि वह आज सम्मानित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए ऐसे ही सजग और मेहनती युवाओं की आवश्यकता है। जो अपने ज्ञान और कौशल से देश की प्रगति में योगदान दे सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह, अध्यक्ष महेश पाल सिंह, सुरेश चंद्र, जगपाल सिंह, आराधना शर्मा, चंद्रपाल सिंह, महेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीएसएनलएल अब ग्रामीणों क्षेत्र में सुचारू करेगा इंटरनेट सेवा, लोगों से जुड़ने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से भारतनेट उद्यमियों के लिए नई प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। जिसका मैन उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा बेहतर करने के साथ-साथ उसका विस्तार करना है। ताकि इंटरनेट सुविधा ग्रामीण क्षेत्र में हर व्यक्ति को मिल सके। बीएसएनएल के उपमहाप्रबंधक वीके शर्मा व सहायक महाप्रबंधक एनके सिंह की ओर से प्रेस वार्ता की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि एक जुलाई 2026 से 31 मार्च 2027 तक भारतनेट उद्यमियों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। उक्त योजना का मकसद ग्रामीण क्षेत्रो में इंटरनेट सेवा का विस्तार करना व सभी ग्रामीणों को नेट की सुविधा मिल सके इसको बेहतर करना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर इंटरनेट लग सके। बताया कि नया कनेक्शन देना, सेवा चालू रखना को बेहतर बनाया जा रहा है। स्थानीय वलोग, स्वयं सहायता समूह, ग्राम पंचायत, फर्म और इंटरनेट सेवा देने वाली संस्थाएं भी भारतनेट उद्यमी बन सकती हैं। इसमें 50 हजार से एक लाख रुपये निवेश करना होगा। इसलिए इच्छुक लोग ही अपना पंजीकरण कर योजना से जुड़ सकते हैं। इस अवसर पर बीएसएनएल के संजय कुमार वर्मा, अवर दूर संचार अधिकारी लवी सचदेवा, मोहम्मद शारिक व अवर अभियंता वरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते बीएसएनएल के अधिकारी।

## सार संक्षेप

### समिति ने किया जरुरतमंद कन्या के विवाह में सहयोग


समिति सदस्यों द्वारा कन्या के विवाह में दिया गया।

**चन्दौसी**। जन कल्याण सेवा समिति की ओर से बड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक जरुरतमंद कन्या के विवाह को समिति की भी सदस्यों ने सहयोग कयिा। जिसमें समिति सदस्यों की ओर से साड़ी, सूट, पैंट, शर्ट, एक बेडशीट, मेकअप बाक्स में श्रंगार का सामान, चूड़ी, पाजेब, घरेलू उपयोगी बर्तन तथा कुछ गुफ्ट सहित 2100 रुपये नकद राशि का सहयोग किया। समिति की ओर से यह 30वां जरुरतमंद कन्या के विवाह में किया जा रहा सहयोग है। समिति की ओर से सामाजिक कार्य किए जाते हैं और आगे भी किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय, सचिव भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, रेखा रस्तोगी, अलका, अंशु वार्ष्णेय, दया वार्ष्णेय, सारिका, कांता अदलखा, अनामिका, रुचि, पूर्णिमा, पूनम वार्ष्णेय, रचना वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### ग्रीन संभल कॉरिडोर ने शुरू किया पौधरोपण अभियान

**संभल**। पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरित बनाने की दिशा में ग्रीन संभल कॉरिडोर ने मानसून के साथ ही पौधरोपण अभियान को गति दे दी है। गुरुवार को नई तहसील परिसर, पुराना टेलीफोन एक्सचेंज रोड और चौधरी सराय-हसनपुर मार्ग पर औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। अभियान के दौरान लगाए गए पौधों की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। ग्रीन संभल कॉरिडोर की शुरुआत जून 2023 में की गई थी। तब से संस्था लगातार शहर के प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कर संभल को हरित पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है। संस्था की ओर से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए लोहे के ट्री गार्ड लगाए जाते हैं। समय-समय पर सिंचाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और पौधों की देखरेख भी की जाती है। जिन पौधों को किसी कारणवश नुकसान पहुंचा, उनके स्थान पर दोबारा पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत नई तहसील परिसर में अर्जुन के औषधीय पौधे लगाए गए। इस दौरान एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, लेखपाल चम्पक कुमार और धर्मेंद्र सिंह मौजूद रहे। वहीं पुराना टेलीफोन एक्सचेंज रोड और चौधरी सराय-हसनपुर मार्ग पर नीम के पौधे रोपे गए। अभियान में योगेश शर्मा, जसपाल सिंह, राजकुमार शर्मा और आशीष विश्वास ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में इस अभियान से जिले के स्कूलों को भी जोड़ा जाएगा, ताकि छात्र-छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़े और वे पौधरोपण के महत्व को समझते हुए अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि पूरे मानसून के दौरान पौधरोपण अभियान लगातार जारी रहेगा। साथ ही लगाए गए पौधों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पौधे जीवित रह सकें और संभल को स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण मुक्त बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सके।

### नव नियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश का सभी सीएचओ ने किया स्वागत


नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक का स्वागत करते कर्मचारी।

**स्वार**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश के कार्यभार ग्रहण करने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स (सीएचओ) ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया ।अस्पताल परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त स्वागत कार्यक्रम के दौरान सीएचओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने नए चिकित्सा अधीक्षक को पुष्पगुच्छ भेंट किए और उनके सफल व उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश ने सभी कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों से पूरी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ मरीजों के इलाज में जुटने का आह्वान किया ।नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक के स्वागत के दौरान सीएचओ शादाब अली, सीएचओ रियाज, दिनेश कुमार, रोहन, प्रदीप कुमार, वसीम अली, जय प्रकाश, गुलफाम अहमद, स्वीटी, मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन में बेहोश मिला युवक, मुरादाबाद किया रेफर



**चन्दौसी**। अलीगढ़-मुरादाबाद पैसेंजर ट्रेन में गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति बेहोशी की हालत मिला। जिसे जीआरपी व आरपीएफ ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर पर कर दिया। उक्त व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गुरुवार की सुबह 7.15 बजे अलीगढ़-मुरादाबाद पैसेंजर रेलवे स्टेशन पर पहुंची। तभी यात्रियों ने ट्रेन की एक बोगी में बेहोशी की हालत में पड़े व्यक्ति की सूचना कंट्रोल को दी। कुछ देर बाद कंट्रोल की सूचना पर जीआरपी व आरपीएफ पहुंची और बेहोश व्यक्ति को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंची। बेहोश व्यक्ति के पास ऐसा कुछ भी नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरपीएफ प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बेहोश व्यक्ति पहले से ही बीमार चल रहा था। चिकित्सक ने जांच में शुगर लेवल कम होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। उसके होश में आने का इंतजार किया जा रहा है।

### महिलाओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर लगाई जात



**चन्दौसी**। माता रायसत्ती मंदिर पर गुरुवार को आषाढ़ी माह में माता की जात लगाई गई। जिसमें सुबह से ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंच माता रानी की पूजा-अर्चना की और घर-परिवार की खुशहाली के जात लगाकर कामना की। मंदिर के बाहर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने खरीदारी की। आषाढ़ माह के पहले गुरुवार को माता रायसत्ती मंदिर में माता रानी की जात लगाई जाती है। सुबह से ही महिलाओं का बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचना आरंभ हो गया। मंदिर में महिलाओं ने विधि विधान से माता रानी की पूजा-अर्चना संपन्न की। इसके उपरांत घर-परिवार की खुशहाली व बच्चों की दीर्घायु की कामना करते हुए माता रानी की जात लगाई। परंपरा के अनुसार घर से बनाकर लाए गए पूरी-सब्जी का भोग लगाया और परिवार के साथ मंदिर बैठकर भोजन ग्रहण किया। इसके बाद मंदिर के बाहर लगे मेले में पहुंच महिलाओं व बच्चों ने स्टालों से खरीदारी की और चाट-पकोड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर सेवादार सतपाल सिंह, राम रतन, भगवती प्रसाद, नन्हे, गुलरी देवी, अनिल वार्ष्णेय, शिवांशु आदि मौजूद रहे।

### 18 को संभल आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**संभल**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 18 जुलाई को संभल जिले के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित वीवीआईपी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अपराह्न करीब तीन बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से संभल पहुंचेंगे। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर चंदौसी और संभल विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। साथ ही जनसभा को संबोधित कर सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री दोपहर 3:15 बजे से 4:15 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। इस दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में लोगों के मौजूद रहने की संभावना है।

# भारत की चुनावी प्रणाली दुनिया में सबसे पारदर्शी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार

## टीएमयू में बीएलओ और सुपरवाइजरों से किया संवाद, कहा- मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

जागरण मोर्चा कार्यालय





**उमेश लव, मुरादाबाद।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को मुरादाबाद दौरे के दौरान कहा कि भारत की चुनावी प्रणाली विश्व की सबसे सक्षम, पारदर्शी और विश्वसनीय व्यवस्थाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती का आधार निष्पक्ष चुनाव और त्रुटिरहित मतदाता सूची है, जिसके लिए बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

दिल्ली रोड स्थित तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि वह लंबे समय बाद मुरादाबाद आए हैं और यहां अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उन्हें बेहद अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2026 में इंटरनेशनल IDEA (Institute for Democracy and Electoral Assistance) की अध्यक्षता कर रहा है, जो विश्व के प्रमुख लोकतांत्रिक देशों की संस्था है। इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में वह जहां भी प्रशासनिक दौरे पर जाएंगे, वहां बीएलओ के साथ सीधे संवाद करेंगे। इससे मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध, त्रुटिहीन एवं मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के तीन प्रमुख चरण—मतदाता सूची निर्माण, मतदान और मतगणना—पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था के तहत संपन्न कराए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न राजनीतिक दल और चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी इन सभी प्रक्रियाओं का लगातार 'कॉन्स्टेंट ऑडिट' (निरंतर परीक्षण) करते रहते हैं। यही कारण है कि भारतीय निर्वाचन प्रणाली विश्वभर में अपनी निष्पक्षता और विश्वसनीयता के लिए जानी जाती है। इससे पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त के टीएमयू पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद उन्होंने बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ संवाद कर मतदाता सूची के शुद्धीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज, जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल सहित प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त को स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### 'अमेरिका भी अपने यहां लागू करना चाहता है एसआईआर'

सीईसी श्री ज्ञानेश कुमार ऑडी में यह अति महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा करने से नहीं चूके, अमेरिका सरीखा देश भी अपने यहां एसआईआर कानून की मानिंद सेव अमेरिका बनाना चाहता है। अमेरिका के हुक्मरान इस कानून के तहत केवल अमेरिका में जन्मे लोगों को ही वोट देने का अधिकार देना चाहते हैं। इस संबंध में अमेरिका प्रशासन की एक आला अधिकारी उनसे मिली थी और उन्होंने गहनता से एसआईआर के तौर-तरीकों को समझा था। अमेरिकी प्रशासन ने इसके क्रियान्वयन को कदम भी बढ़ा दिए थे, लेकिन सीनेट ने इसे अभी मंजूरी नहीं दी है।

# मामूली कहासुनी को लेकर विवाद, चले लाठी डंडे

- दुकान से रोटावेटर की साफ्रट उठाकर ले जाने पर हुआ विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** दुकान पर रखा रोटावेटर की साफ्रट उठाकर ले जाने का विरोध करने पर दुकानदार के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडो से मारपीट हुई तो वहीं पथराव भी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। वहीं घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी भूरे की ऽाद की दुकान है। आरोप है कि तीन दिन पहले उनकी दुकान से एक युवक रोटावेटर की साफ्रट उठाकर ले गया था। इस बात की जानकारी होने पर भूरे ने उस युवक को डांट दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। आरोप है कि बुधवार को दूसरे पक्ष के लोग भूरे के घर पहुंच गए और विवाद बढ़ने पर मारपीट शुरू हो गई।

बीच-बचाव करने पहुंचे साबिर अली, मुस्कान, शादिक, इकरार और इरशाद के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वे घायल हो गए। इसी दौरान भीड़ एकत्र होने पर दोनों पक्षों के बीच पथराव भी हुआ। जिसमें मुस्कान और उसकी मां जरीना घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और झगड़ा कर रहे लोगों को थाने ले आई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# झारखंड के तीन साइबर ठग मुरादाबाद में गिरफ्तार

- सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप के जरिए भेजते थे फर्जी APK फाइल, मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाते थे रकम; 16 राज्यों में दर्ज मिले साइबर ठगी के मामले

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑपरेशन 'Cy-Vajra' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड के तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, एसएमएस और अन्य डिजिटल माध्यमों से APK (Android Package Kit) फाइल भेजकर लोगों के मोबाइल फोन हैक करते थे और बैंक खातों से रुपये निकाल लेते थे।

पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर पुलिस अधीक्षक कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुड्डू अंसारी (36 वर्ष), निवासी फतेहपुर, जामताड़ा, रफीक अंसारी (28 वर्ष) तथा करीम अंसारी (22 वर्ष), निवासी मसलिया, जिला दुमका (झारखंड) के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बैंक केवाईसी अपडेट, बिजली बिल, कूरियर, सरकारी योजना या अन्य आवश्यक सेवाओं के नाम पर लोगों को APK फाइल डाउनलोड करने के लिए भेजते थे। जैसे ही पीड़ित फाइल इंस्टॉल करता था, आरोपी उसके मोबाइल का अनधिकृत एक्सेस हासिल कर लेते थे। इसके बाद बैंकिंग ऐप, यूपीआई, ओटीपी और अन्य संवेदनशील जानकारी का दुरुपयोग कर खाते से रकम निकाल लेते थे।

पूछताछ में यह भी पता चला कि आरोपी PhonePe, Google Pay और अन्य डिजिटल भुगतान सेवाओं के नाम पर फर्जी कैशबैक, रिवॉर्ड पॉइंट, गिफ्ट वाउचर और "Receive Money" या "Claim Cashback" जैसे लिंक भेजते थे। लिंक पर क्लिक कराने या यूपीआई पिन दर्ज कराने के बाद लोगों के खातों से पैसे उड़ा लेते थे। आरोपी फर्जी गेमिंग ऐप, टास्क आधारित कमाई, निवेश, बोनस और रिचार्ज ऑफर के नाम पर वेबसाइट और मोबाइल ऐप संचालित करते थे। शुरुआत में पीड़ितों को थोड़ा लाभ दिखाकर भरोसा जीतते और बाद में अधिक रकम जमा कराने के बाद निकासी रोक देते थे।

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में एनसीआरपी पोर्टल पर 16 साइबर ठगी के मामले दर्ज हैं। प्रारंभिक जांच में इनसे करीब 60 से 70 लाख रुपये की साइबर ठगी करने की जानकारी सामने आई है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी गूगल सर्च पर बैंक, ई-वॉलेट और अन्य कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर नंबर अपलोड कराते थे। जब कोई व्यक्ति इन नंबरों पर संपर्क करता तो खुद को बैंक अधिकारी बताकर APK फाइल डाउनलोड करवाते और मोबाइल हैक कर लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 7 मोबाइल फोन, 4 पेन ड्राइव, 23 एक्टिव सिम, 10 एटीएम/स्मार्ट कार्ड, 11 आधार कार्ड, 7 पैन कार्ड, 10 नए सिम कार्ड (एयरटेल व जियो) और 25,000 रुपए नकद बरामद किए हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल, बैंक खाते, यूपीआई आईडी, डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तकनीकी तथ्यों की विस्तृत जांच की जा रही है। साथ ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

तेरहवी/रस्म पगड़ी



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिता जी
श्री दिनेश अग्रवाल
का 10 जुलाई 2026 शुक्रवार के दिन निधन हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा।

रस्म तेरहवीं : 17 जुलाई 2026 शुक्रवार
हवन प्रातः 10:00 बजे
(निज आवास-मौहल्ला कायस्थान, हसनपुर (अमरोहा)
प्रसाद एवं भोजन : दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी: मध्यान्ह 2:30 बजे
(स्थान-मैथिली गार्डन, निकट गजरौला बाईपास, हसनपुर (अमरोहा)

शोकाकुल परिवार
राजीव अग्रवाल (भाई)
प्रिंस अग्रवाल-प्रियांशी अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
रोहित अग्रवाल-पूजा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
निर्मित अग्रवाल, युवराज अग्रवाल (पोते)
हर्षिका अग्रवाल, हितांशी अग्रवाल (पोती)
9758659940, 9927756570

# 'मुरादाबाद में स्थापित हो भगवान महर्षि कश्यप की प्रतिमा'

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश कश्यप तुरैहा निषाद महासंघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल को ज्ञापन सौंपकर भगवान महर्षि कश्यप की प्रतिमा मुरादाबाद में स्थापित कराने की मांग की। महासंघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि मुरादाबाद जनपद में जलवंशीय समाज की बड़ी आबादी निवास करती है, लेकिन आज तक भगवान महर्षि कश्यप की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। जबकि जिले में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाएं कई स्थानों पर स्थापित हैं। इससे समाज के लोगों में उपेक्षा की भावना है।

ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली रोड स्थित तीन गोल चक्कर (ब्राइट स्टार हॉस्पिटल मार्ग), मुरादाबाद विकास प्राधिकरण कार्यालय के सामने, मझौला थाने के सामने, मझौली तिराहा अथवा खुशहालपुर चौराहे पर भगवान महर्षि कश्यप की प्रतिमा स्थापित कराई जाए, ताकि समाज को सम्मान और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिल सके। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह तथा भाजपा मत्स्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य नरेंद्र कुमार कश्यप प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि कश्यप जलवंशीय समाज के प्रेरणास्रोत हैं और उनकी प्रतिमा की स्थापना समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग है।

## सार संक्षेप

### धीमी गति से बन रही पुलिया के कारण लगा भीषण जाम, एम्बुलेंस व स्कूली बसें फंसीं,

**हसनपुर, संवाददाता।** गुरुवार की दोपहर क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक खराब ट्रक और धीमी गति से गजरौला मार्ग पर स्थित दीपपुर गेट के निकट निर्माणधीन पुलिया का के कारण भीषण जाम लग गया। जाम इतना जबरदस्त था कि सड़कों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और स्कूली बच्चों की बसें व एम्बुलेंस भी घंटों फंसी रहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नहर की पुलिया का जो निर्माण कार्य बेहद कछुआ गति से चल रहा है, जिससे आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। डायवर्ट किए गए अस्थाई रास्ते के बीचों-बीच एक पापड़ी का एक पेड़ भी खड़ा है, जो रात के अंधेरे में दिखाई नहीं देता। इस वजह से कई वाहन चालक इस पेड़ से टकराकर चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुलिया निर्माण कार्य में तेजी लाने और राह में बाधा बने पेड़ को हटाने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।



जाम में फंसे वाहन।

### बीईओ अनिल कुमार को भावभीनी विदाई, जोया ब्लॉक की मिली जिम्मेदारी

**हसनपुर, संवाददाता।** विकास खण्ड गंगेश्वरी के बीआरसी चन्दनपुर खादर में खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के सम्मान में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। हाल ही में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमरोहा द्वारा उन्हें गंगेश्वरी से हटाकर ब्लॉक जोया व मुख्यालय बीईओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर शिक्षकों ने उन्हें फूल-मालाएं, शाल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में शैक्षिक गतिविधियों को नई गति मिली। बीईओ अनिल कुमार ने भावुक होकर सभी शिक्षकों का आभार जताया। समारोह में जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कुमार, जगवीर सिंह, विकास राहुल, राघवेंद्र सिंह, जयवीर सिंह, प्रमोद कुमार, गौतम सिंह, हरिओम सिंह, बिजेंद्र सिंह, मदनपाल, संजय सिंह, मोहम्मद असलम, विजय धामा, जितेंद्र सिंह, करणवीर सिंह, राहुल सागर, जयपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, चेतन शर्मा, फैजान हस्मत, सतेंद्र सिंह, हिरदेश वर्मा, नाजिर अली, यतीश शर्मा, विलेश चौहान, सुंदर सिंह व सुधीर कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



### अज्ञात बाइक की टक्कर से बच्ची घायल

**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाव में सड़क हादसे में मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को गंभीर हालत में नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी तिलक राम की पुत्री सृष्टि बुधवार की देर शाम को सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मासूम बच्ची बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मासूम बच्ची के माता-पिता और ग्रामीण ने तुरंत घायल मासूम बच्ची को लेकर नगर के सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका उपचार किया गया। पीड़ित पिता तिलक राम ने बताया कि बाइक सवार बेहद लापरवाही से वाहन चला रहा था और टक्कर मारने के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



### विद्युत विभाग ने विधायक को सौंपी बिजनेस प्लान की पीपीटी, समस्याओं पर हुई चर्चा

**हसनपुर, संवाददाता।** बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी को बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 व 2025-26 के अंतर्गत कराए गए कार्यों की पीपीटी सौंपी गई। इसके साथ ही वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित कार्यों की सूची उपलब्ध कराते हुए अतिरिक्त बिजनेस प्लान एवं एल ओएचएच आदि कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए गए। बैठक के दौरान नगर सहित विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति की स्थिति, बार-बार होने वाली बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, खराब ट्रांसफार्मरों को बदलने तथा जर्जर लाइनों जैसी गंभीर समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। विधायक ने आमजन को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी प्रथम, द्वितीय व रहरा सहित खंड के सभी अवर अभियंता उपस्थित रहे।



### मोबाइल पर मायके बात करने को लेकर जेठानी व देवरानी को पीटा

**हसनपुर, संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में मोबाइल पर बात करने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद में देवरानी और जेठानी की बेरहमी से पिटाई। पीड़िता जेठानी अलफिजा पत्नी नाजिम ने बताया कि ससुराल वाले उसके साथ अक्सर मारपीट करते हैं। गुरुवार की दोपहर जब उसने अपनी देवरानी सना पत्नी आमिर से मोबाइल लेकर मायके बात करने की कोशिश की, तो सास, ससुर और पति भड़क गए। आरोपियों ने अलफिजा के साथ-साथ उसकी देवरानी सना को भी बेरहमी से पीटा और कमरे में बंद कर दिया। शोर-शराबा सुनकर जब मोहल्ले के लोग जुटे, तो आरोपी मौके से फरार हो गए। मोहल्ले के लोगों के द्वारा 108 एंबुलेंस को मौके पर फ़ोन कर बुलाया।

**खुशी का माहौल** भव्य मंगल प्रवेश के साथ हुआ स्वागत, प्रवचन में आचार्य बोले : 'मोबाइल का उपवास भी मानसिक शांति का प्रभावी साधन'

# 25 दिगंबर जैन संतों के विशाल संघ के साथ मुरादाबाद पहुंचे आचार्य विशुद्ध सागर महाराज

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** चर्याशिरोमणि आचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज का 25 दिगंबर जैन संतों के विशाल संघ के साथ गुरुवार को मुरादाबाद में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आचार्य श्री के आगमन पर पूरा शहर धर्ममय वातावरण में डूब गया। श्रद्धालुओं ने जयघोष, बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और जैन धर्म ध्वजों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग पर श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।

आचार्य श्री के मुरादाबाद आगमन पर दिगंबर जैन मंदिर, लोहागढ़ में उनके मुखारविंद से उच्चारित मंत्रों के साथ शांतिधारा संपन्न हुई। शांतिधारा का सौभाग्य नरेंद्र कुमार जैन (लाजपत नगर) परिवार को प्राप्त हुआ, जबकि आचार्य श्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य दिगंबर जैन समाज के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल जैन एवं शशि जैन परिवार को बोली के माध्यम से मिला।

इसके बाद जैन धर्मशाला, घास मंडी गंज में आयोजित धर्मसभा में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि आज के समय में मानसिक शांति के लिए मौन और मोबाइल से दूरी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मौन का वास्तविक अर्थ मन को विचारों से शांत करना है। रोटी का त्याग करना जितना कठिन नहीं, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण कुछ समय के लिए मोबाइल का त्याग करना है। यदि व्यक्ति मोबाइल से दूरी बनाकर मन को शांत करे तो जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष राजीव जैन (ठेकेदार) ने की, जबकि संचालन विपिन जैन ने किया। कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष अनिल जैन, मंत्री अरविंद जैन (मानपुर), उपाध्यक्ष अरविंद जैन (गंज), कोषाध्यक्ष दीपक जैन, डॉ. पवन कुमार जैन, नितिन जैन, शुभम जैन, अनुज जैन, पंकज जैन, नमन जैन, महिला जैन समाज की अध्यक्ष नीलम जैन, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष संदीप जैन, मंत्री नीरज जैन, सर्वोदय जैन, विकास जैन, ऊषा जैन, सुषमा जैन, ऋतु जैन, राकेश जैन, अविनाश जैन, शिखा जैन, एकता जैन सहित जैन समाज के हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पटेल चौक पर तेज रफ्तार बस ने युवक को रौंदा, मौत

**बदायूं।** शहर के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में पटेल चौक के पास गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सड़क पर पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान भगवती मजरा घेर गांव निवासी 23 वर्षीय आशीष यादव पुत्र जनडेल सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह शाम करीब साढ़े छह बजे पैदल जा रहा था, तभी अनियंत्रित बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही बस को भी कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

# कलयुगी मामा ने गोली मारकर की भांजे की हत्या

## शराब के नशे में खूनी वारदातः बहन भी गंभीर घायल, सैफई रेफर, हत्यारे मामा की तलाश में पुलिस टीम दे रही दबिश

जागरण मोर्चा कार्यालय



जानकारी देते परिजन। -जागरण मोर्चा



जान करती थाना पुलिस व पुलिस अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जनपद के कादरचौक थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी मामा ने अपने ही भांजे की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि बीच-बचाव में आई अपनी बहन को भी गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को हायर सेंटर सैफई रेफर किया गया है।



मृतक आकाश।

जानकारी के अनुसार, कासगंज जनपद के थाना सहावर क्षेत्र के गांव बाजनगर निवासी 22 वर्षीय आकाश पुत्र मलखान के पिता की वर्ष 2007 में कैंसर से मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उसकी मां संतोष देवी अपने दोनों बेटों आकाश और विकास के साथ बदायूं के कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव वख्तपुर में आकर बस गई थीं। उन्होंने यहां जमीन खरीदकर मकान बनवाया था। उनके मकान के सामने ही संतोष देवी के भाई वीरसिंह पुत्र बृजलाल का घर है।

बताया जाता है कि मंगलवार शाम को मामा वीरसिंह और भांजा आकाश साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आए वीरसिंह ने तमंचा निकालकर आकाश के सीने में दो गोलियां दाग दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

गोली चलने की आवाज सुनकर जब संतोष देवी अपने बेटे को बचाने पहुंचीं तो आरोपी ने उन पर भी फायर झोंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही गांव के प्रधान ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला और मृतक को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। वहीं संतोष देवी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सैफई हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह और क्षेत्राधिकारी उझानी सुनील कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार आरोपी वीरसिंह की तलाश में टीम गठित कर दी गई है।

## संक्षेप समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगाई फांसी, परिवार में मचा कोहराम



**बदायूं।** जनपद के उझानी थाना क्षेत्र के गांव बुटला दौलत में एक 14 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी इंद्रपाल की पुत्री विदिशा (14) के माता-पिता मंगलवार को खेत पर मक्का की फसल निकलवाने गए हुए थे। घर पर विदिशा अपनी दादी के साथ अकेली थी। बताया जा रहा है कि इसी दौरान विदिशा अपनी दादी के साथ गांव के एक चिकित्सक के पास दवा लेने गई थी। घर लौटने के बाद दादी ने दवा खाई, जिससे उन्हें नींद आ गई। इसी बीच विदिशा ने मौका पाकर घर के एक कमरे में जाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो घर में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही उझानी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, इस दुखद घटना से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### राशन कार्ड सत्यापन के नाम पर वसूली का आरोप, सचिव के निजी सहायक पर फर्जी हस्ताक्षर करने का भी दावा



**आसफपुर।** विकास खंड आसफपुर की ग्राम पंचायत आसफपुर में राशन कार्ड के नए और संशोधित आवेदनों के सत्यापन के नाम पर कथित सुविधा शुल्क वसूले जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत सचिव के निजी सहायक द्वारा आवेदनों पर सचिव के फर्जी हस्ताक्षर कर सत्यापन किया जाता था। साथ ही आवेदकों से 50, 100 और 200 रुपये तक लिए जाते थे। मामले ने तूल पकड़ने के बाद विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार राशन कार्ड बनवाने या उसमें संशोधन कराने के लिए आवेदन लेकर आने वाले लोगों से पहले सुविधा शुल्क मांगा जाता था। आरोप है कि रुपये नहीं देने पर काम टाल दिया जाता था। इससे गरीब और पात्र लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले में नया मोड़ तब आया जब ग्राम पंचायत सचिव अवधेश कुमार सागर ने बताया कि वह संबंधित दिन अवकाश पर थे। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका निजी सहायक उनके नाम से कथित फर्जी हस्ताक्षर कर रहा है और लोगों से रुपये वसूल रहा है। जानकारी मिलने के बाद संबंधित युवक को काम से हटा दिया गया है। सचिव के इस बयान के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। यदि सचिव अवकाश पर थे तो राशन कार्ड के आवेदनों पर हस्ताक्षर किसने किए? सरकारी अभिलेखों का सत्यापन किसके निर्देश पर हुआ? यदि हस्ताक्षर फर्जी हैं तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी आसफपुर राकेश कुमार निराला ने बताया कि अभी तक ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं आया है। यदि शिकायत प्राप्त होती है या मामला संज्ञान में आता है तो उसकी जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि विकास खंड की कुछ अन्य ग्राम पंचायतों में भी सचिवों द्वारा निजी व्यक्तियों से सरकारी कार्य कराए जाने की चर्चा है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या ग्राम पंचायत सचिवों को निजी सहायक रखने की अनुमति है? यदि है तो उसका क्या प्रावधान है और यदि नहीं, तो सरकारी कार्य निजी व्यक्तियों से क्यों कराए जा रहे हैं? साथ ही यदि राशन कार्ड सत्यापन के लिए कोई सरकारी शुल्क निर्धारित नहीं है, तो लोगों से सुविधा शुल्क किस आधार पर लिया जा रहा था? ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब निगाहें प्रशासन की जांच पर टिकी हैं कि आखिर सरकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किसने किए और कथित वसूली के आरोपों में कितनी सच्चाई है।

### कांवड़ यात्रा को लेकर पालिका अलर्ट, सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था के दिए निर्देश



**बिसौली।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर नगर पालिका परिषद पूरी तरह सतर्क हो गई है। बुधवार को पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद ने बैठक कर नगर की सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और पेयजल सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मार्ग पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि कांवड़ मार्ग पर नियमित रूप से कूड़ा उठाया जाए और 24 घंटे साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कीटाणुनाशक दवाओं का छिड़काव भी समय-समय पर कराने को कहा गया। अबरार अहमद ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान नगर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पूजा स्थलों पर विशेष साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की जाए। बैठक में प्रधान लिपिक मशकूर खान, लिपिक राजीव कुमार, यशोदानंदन, सफाई नायक राजेश बाबू, अजय कुमार, विक्रम और शिवम सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाई फांसी, दिल्ली से आकर बदायूं में दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के बिल्सी थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक दिल्ली में रहकर नौकरी करता था और पत्नी से विवाद के बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जनपद के थाना कटरा क्षेत्र के गांव उखरी नवादा निवासी 23 वर्षीय विवेक पुत्र मुनेश दिल्ली में होम डिलीवरी का काम करता था। वहीं उसकी मुलाकात रानी नाम की युवती से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। करीब डेढ़ वर्ष पहले दोनों ने शादी कर ली और दिल्ली में किराए के मकान में रहने लगे।



जानकारी देते परिजन। -जागरण मोर्चा

बताया जा रहा है कि 14 जुलाई को किसी बात को लेकर विवेक और उसकी पत्नी के बीच विवाद हो गया था। विवाद के बाद विवेक दिल्ली से निकलकर बदायूं के बिल्सी थाना क्षेत्र में पहुंचा और वैन भट्ठे के पास जंगल में एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब राहगीरों ने पेड़ पर युवक का शव लटकता देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को युवक के पास से मोबाइल फोन मिला, जिसके आधार पर बिल्सी क्षेत्र में रह रहे उसके बहनोई को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### दहगवां से उमरा के लिए जायरीनों का जत्था रवाना, फूलमालाओं के साथ दी गई विदाई

**दहगवां।** नगर पंचायत दहगवां से उमरा जाने वाले जायरीनों का एक जत्था शुक्रवार को अरब के लिए रवाना हुआ। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भावुक माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने जायरीनों को फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और गले मिलकर दुआओं से नवाजा। उमरा यात्रा पर जाने वालों में हाजी मुन्ने ख़ाँ मलिक, मुस्ताक़ अली मलिक, सईदन बेगम, इसरार मलिक और भूरी बेगम साहिबा शामिल हैं। सभी जायरीन अपने पवित्र सफर के लिए रवाना हुए तो परिजनों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर नातिया कलाम और दुरूद-ओ-सलाम पेश किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक रंग में रंग गया। जायरीनों की रवानगी के समय लोगों ने उनसे अपने लिए भी दुआ करने की गुजारिश की। विदाई के दौरान मौजूद लोगों ने उनके सुरक्षित और कुशल यात्रा की कामना की।

## पत्नी मायके से नहीं लौटी, आहत पति ने फांसी लगाकर दी जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के उसहैत थाना क्षेत्र के गांव सतरा में पारिवारिक विवाद के चलते एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांव सतरा निवासी 42 वर्षीय नन्हेलाल पुत्र रामपाल की पत्नी रानी से काफी समय से विवाद चल रहा था। विवाद के चलते पत्नी अपने बच्चों को लेकर थाना परौर क्षेत्र स्थित अपने मायके में रह रही थी। नन्हेलाल दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था, लेकिन पत्नी के मायके में रहने से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था।

बताया जाता है कि नन्हेलाल जब भी अपनी पत्नी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश करता, तो उसका नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया जाता था। साथ ही मायके पक्ष के लोग भी उसके साथ फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते थे। इस बात को लेकर वह काफी समय से तनाव में था।

इसी तनाव के चलते शुक्रवार सुबह नन्हेलाल ने अपने घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची उसहैत थाना पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस प्रशासन में मची खलबली, कई घंटे चली तलाशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के मुख्य डाकघर को बम से उड़ाने की धमकी मेल के जरिए मिलने के बाद बृहस्पतिवार को पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। डाकघर के आधिकारिक ईमेल पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से भेजी गई मेल का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने ग्राहकों को बाहर कराकर डाकघर का कोना-कोना छाना।

सीओ सिटी राहुल पांडेय के निर्देश पर पुलिस की कई टीमों ने बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ जांच की। डाकघर और आसपास के परिसर को खाली कराकर सघन तलाशी अभियान चलाया। तीन घंटे तक पुलिस ने कोने-कोने की जांच की। डाकघर में रखे पार्सल, लेटर और अन्य सामान को भी बारीकी से चेक किया गया।

तलाशी में नहीं मिली संदिग्ध वस्तु

तलाशी में कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। धमकी भरा मेल मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं थीं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डाकघर के मेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई।

सुरक्षा के मद्देनजर डाकघर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि बुधवार को जिला न्यायालय परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी के बाद पुलिस टीमों ने सघन चेकिंग की थी।

# दोस्त से मिलने आए युवक की सड़क हादसे में मौत, परिजनों ने साथी पर लगाए हत्या के आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दिल्ली निवासी युवक की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने उसके साथ आए दोस्त पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली के जगतपुरी, कड़कड़डूमा कोर्ट क्षेत्र स्थित सोम बाजार मंडी, गली नंबर 3 निवासी 28 वर्षीय राजेश पुत्र राजकुमार के घर 14 जुलाई को उसका दोस्त प्रांजल पुत्र कमलेश निवासी आजमगढ़ आया था। एक दिन रुकने के बाद दोनों दोस्त चार पहिया वाहन से बदायूं के लिए रवाना हुए। बताया जा रहा है कि वे अपनी एक अन्य परिचित मिंटू, जो बदायूं मेडिकल कॉलेज में कर्मचारी है, उससे मिलने आ रहे थे।



राजेश का फाइल फोटो।

इसी दौरान इस्लामनगर थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस-वे पर उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिजन बदायूं पहुंच गए और पोस्टमार्टम हाउस पर रो-रोकर उनका बुरा हाल हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि यह महज हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है और राजेश के साथ आए दोस्त की भूमिका संदिग्ध है।

फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## तीन दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, बाइक कछला में मिली

**बदायूं।** थाना कादरचौक क्षेत्र के ग्राम कूड़ा शाहपुर निवासी 22 वर्षीय सौरभ पुत्र राकेश 13 जुलाई 2026 से लापता है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना थाना कादरचौक में दर्ज कराई है और पुलिस प्रशासन से जल्द तलाश करने की मांग की है। परिजनों के अनुसार सौरभ 14 जुलाई की सुबह करीब 9 बजे कछला गंगा घाट पहुंचे थे। उसी दिन उनकी प्लेटिना मोटरसाइकिल कछला गंगा घाट पर लावारिस अवस्था में मिली थी। हालांकि सौरभ का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। माता सरला देवी सहित परिवार के सभी सदस्य लगातार अपने स्तर पर सौरभ की तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। परिजनों ने पुलिस से खोजबीन में तेजी लाने की मांग की है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**दहगवां।** थाना जरीफनगर क्षेत्र में बुधवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार थाना इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम नाचनी निवासी 27 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र प्रेमपाल सिंह पेशे से ट्यूबवेल मैकेनिक था। वह बुधवार को वजीरपुर कोठा मार्ग पर एक निजी नलकूप सही करने के बाद वापस लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक पर सवार वजीरपुर निवासी 19 वर्षीय रुपलेश पुत्र जोगिंदर और 27 वर्षीय बिजनेस पुत्र वीरपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदायन पहुंचाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए मुरादाबाद ले गए हैं।






## नाबालिग भांजी से दुष्कर्म व गर्भवती करने वाले मामा को 20 साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कक्ष दो के न्यायाधीश नीरज कुमार गर्ग ने नाबालिग भांजी को भाग ले जाने और उसे गर्भवती कर देने वाले कलयुगी मामा को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को 20 साल की कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही 1.70 लाख का जुर्माना लगाया। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म सुनाया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा के अनुसार वादी मुकदमा ने 26 अक्टूबर 2024 को थाने में इस आशय की तहरीर दी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी रात को घर में सो रही थी। सुबह वह और उसके परिजन उठे तो पीड़िता घर पर नहीं थी। उसे पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति लड़की बहलाफुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नाबालिग की तलाश की। पुलिस ने पीड़िता को दिल्ली से बरामद किया। 26 अक्टूबर 2024 की रात को 11 बजे वह अपने मामा आकाश के साथ दिल्ली गई थी। वहां पर किराए पर कमरा लेकर हम दोनों रहने लगे। दीपावली पर आकाश ने मुझे से मंदिर में शादी कर ली। हम लोगों के बीच में शारीरिक संबंध भी बने। जिससे वह गर्भवती हो गई। आज उसके पास एक बेटा है, जो आकाश से पैदा है। अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने दोषी मामा आकाश को 20 साल की सजा सुनाई। इसके साथ 1.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

**निर्णय** झूठे साक्ष्य देने पर मृतका के मां-बाप और भाई पर दर्ज होगा वाद

# आत्महत्या प्रकरण में तीन आरोपी अदालत से दोषमुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं के अपर सत्र न्यायाधीश ऋषि कुमार की कोर्ट ने महिला की मौत होने के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने और उत्पीड़न करने के केस में सुनवाई करते हुए मृतका के पति वीरेंद्र, सास विद्या और देवर भूरे को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने जानबूझकर झूठे साक्ष्य देने के आरोप में मृतका के मां-बाप और भाई के विरुद्ध वाद दर्ज कर समन जारी करने का आदेश दिया है।

थाना बिल्सी के ग्राम सिरसौल पट्टी सीताराम निवासी विचित्र पाल ने 26 नवंबर 2024 को थाना उझानी में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि 12 वर्ष पहले पुत्री रिंकी का विवाह वीरेंद्र निवासी ग्राम रनऊ, थाना उझानी के साथ किया था। शादी के कई वर्ष बाद भी रिंकी के कोई संतान नहीं हुई, जिसके कारण ससुरालीजन उसके साथ मारपीट और उत्पीड़न किया करते थे।

24 नवंबर 2024 की रात आठ बजे रिंकी ने फोन कर बताया था कि उसका पति वीरेंद्र, सास, देवर उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। रात में उसकी हत्या भी कर सकते हैं। 25 नवंबर की सुबह 6:30 बजे उसके पुत्र गौतम के मोबाइल पर वीरेंद्र ने फोन कर सूचना दी कि रिंकी की मौत हो गई है। सूचना पर वह रिंकी की ससुराल पहुंचे तो वहां पर कोई नहीं मिला। मालूम हुआ कि रिंकी को बदायूं में जिला अस्पताल लेकर गए हैं। वह अस्पताल पहुंचे तो वहां रिंकी का शव मिला। रिपोर्ट में कहा गया था कि आरोपियों के उत्पीड़न से परेशान होकर रिंकी आत्महत्या करने के लिए विवश हो गई।

पुलिस ने रिंकी के पति वीरेंद्र सहित अन्य के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया। आरोपपत्र के मुताबिक, रिंकी के पिता विचित्र पाल, मां शांति देवी और भाई गौतम ने अपने बयान में कहा था कि रिंकी की मौत की सूचना मिलने पर जब वह ससुराल पहुंचे तो वहां रिंकी को मृत अवस्था में देखा। रिंकी के पति वीरेंद्र सहित अन्य ससुरालीजन वहां उपस्थित मिले।

### रिश्तेदारों के कहने पर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

इन लोगों ने बताया कि रिंकी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रिंकी को कोई संतान नहीं थी। इस कारण वह मानसिक रूप से अवसाद में रहती थी। रिंकी की मृत्यु या फंदा लगाने की घटना में ससुराल पक्ष का कोई हाथ नहीं था। रिश्तेदारों और ग्रामीणों के कहने पर रिंकी के पति वीरेंद्र और अन्य ससुराल वालों पर रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। रिंकी ने कभी यह नहीं बताया था कि ससुराल वाले दहेज मांगते थे।

### कोर्ट ने दिया ये आदेश

कोर्ट ने कहा कि साक्षियों ने पूर्व बयान से भिन्न एवं अभियोजन के प्रतिकूल साक्ष्य दिए हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि साक्षियों ने जानबूझकर झूठे साक्ष्य दिए। इस पर कोर्ट ने आरोपी वीरेंद्र, विद्या और भूरे को दोषमुक्त कर दिया। साथ ही कोर्ट ने वादी मुकदमा रिंकी के पिता विचित्र पाल, मां शांति देवी और भाई गौतम के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 379 के अंतर्गत अलग से वाद दर्ज करने और साक्षीगणों के विरुद्ध हाजिरी के लिए समन जारी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने अलग की गई पत्रावली को 29 जुलाई को पेश करने का भी आदेश दिया है।

## संपादकीय

# शरद पवार ने बचा ली पार्टी !

मानसून सत्र से पहले सियासी उठापटक का दौर तेज हो गया है। दरअसल, बंगाल चुनाव से पहले से ही सियासी गतिविधियां तेज थीं, लेकिन बंगाल चुनाव के नतीजों के बाद तो पूरा परिदृश्य ही बदल गया। बंगाल में तृण मूल कांग्रेस टूट गई, आप टूट गई, शिवसेना में दरारें गहरी हो गई और भी क्षेत्रीय दलों के सामने अस्तित्व बचाने का संकट खड़ा हो गया। सियासी उठापटक की आँधी बंगाल से निकलकर महाराष्ट्र पहुंच गई। यहां शिवसेना पहले से ही संकट में थी। एकनाथ शिंदे ने एक बार फिर से अपनी पकड़ साबित कर दी। इसी लपेट में राष्ट्रवादी कांग्रेस भी लपेटे में आ गई। शरद पवार लगातार कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनकी पार्टी बच जाए। लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पा रहा था। उनके सामने दो विकल्प थे। या तो वह एनडीए के साथ जाएं या फिर विपक्ष में ही बने रहें। शरद पवार राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। किसी वक्त उनको महाराष्ट्र का चाणक्य कहा जाता था। लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते वह अपना सियासी कुनबा एक न रख सके। उनके खिलाफ अजीत पवार ने ही बगावत कर दी थी। बहरहाल, खबर है कि शरद पवार ने अपनी पार्टी को बचा लिया है। उन्होंने ड्रॉ मैच खेला है। यानी वह एनडीए को बाहर से समर्थन देंगे और विपक्ष की राजनीति में बन रहेंगे। इससे उनकी पार्टी पर आच्छादित संकट के बादल छंटते नजर आ रहे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने संसद के मॉनसून सत्र में सरकार की तरफ लाए जाने वाले 131वें संविधान संशोधन बिल का समर्थन करने के संकेत दिए हैं। इस बिल के पास होने पर लोकसभा की कुल सीटों की संख्या 850 हो जाएगी । शरद पवार ने बिना एनडीए में शामिल हुए सिर्फ लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाने वाले इस बिल को समर्थन करके काफी कुछ हासिल कर लिया है। उनके इस समर्थन से एनडीए के सांसद और विधायकों की संख्या भी अपरोक्ष रूप से बढ़ जाएगी। शरद पवार का यह कूटनीतिक निर्णय उनकी पार्टी को संबल प्रदान करेगा, ऐसा माना जा रहा है। शऱद पवार ने इंडिया गठबंधन को न तो छोड़ा है और न ही वे एनडीए में गए हैं लेकिन लोकसभा के परिसीमन को सुनिश्चित करने के वाले बिल पर समर्थन देने के संकेत देकर बड़े सियासी हित साध लिए हैं। वह उद्धव ठाकरे से चालाक निकले। किसी ने इस विकल्प के बारे में सोचा तक नहीं था। पवार ने संकेत दिया है कि हम भी एनडीए की तरफ बढ़ सकते हैं। सुप्रिया सुले ने बिल देखने के बाद समर्थन की बात कही है। इसे औपचारिकता माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो अंदरखाने बीजेपी ने शरद पवार को राजी कर लिया है। इस मानसून सत्र से पहले देश की राजनीति में काफी कुछ होने जा रहा है। जो दिखाई नहीं दिया, वे संसद के मानसून सत्र में नजर आ जाएगा। इसी अप्रैल में सरकार की तमाम कोशिशों के बाद महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक गिर गया था। इस बार तस्वीर कुछ अलग होने जा रही है। राजनीतिक समीकरण बताते हैं कि इस बार बिल पास हो सकते हैं। लोकसभा परिसीमन 2026 विधेयक में सदन की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर लगभग 850 तक करने और 2023 के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अनुसार महिलाओं के लिए 1/3 सीटें आरक्षित करने का प्रावधान है। केंद्र सरकार पिछले सत्र में विपक्षी एकता में सामने ऐसा नहीं कर पाई थी। शरद पवार के बदले स्टैंड ने जहां इंडिया अलांयस को बड़ा झटका दिया है तो वहीं एनडीए को बड़ी राहत दे दी है। अब माना जा रहा है कि संसद के अगले सत्र में सरकार इस अहम बिल पर दोनों सदनों की मुहर लगवा लेगी। डीएमके के रुख में भी परिवर्तन आ सकता है। अभी एनडीए के पास 319 सांसदों का समर्थन है। डीएमके और शरद पवार के सांसदों को जोड़कर यह आंकड़ा 349 हो जाएगा। एनडीए सरकार को कुल 360 सांसदों की जरूरत है। यानी उसको 11 सांसदों की जरूरत है। इसका जुगाड़ भी एनडीए निकाल सकता है । बात केवल इसी बिल की नहीं है। एक देश-एक चुनाव का बिल भी महत्वपूर्ण है। अब देखना यह है कि मानसून सत्र से पहले सियासी महाभारत क्या रंग दिखाती है।



## आपका मत

### सुधार की शुरुआत घर से ही हो?

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बहुत ही मार्के की बात कही है 'बोलने से पहले सोचना चाहिए, सोचने से पहले पुस्तक पढ़नी चाहिए। यह संस्कार केवल पुस्तकालय ही दे सकता है।' उनकी इस बात से सौ फ़ीसदी सहमत हुआ जा सकता है। आज सबसे ज्यादा अगर बोलने से पहले सोचने व पढ़ने/ समझने की जरूरत है तो वह पक्ष-विपक्ष दल के सांसदों-विधायकों, पदाधिकारियों व नेता को। क्योंकि आजकल राजनीति में जिस प्रकार से बिना तोल-मोल के अमर्यादित /अप्रिय बोल जा रहें हैं, वे सबसे ज्यादा शर्मसार होने के साथ निंदनीय है। अब तो अप्रिय/बेतुके बोलों की बाढ़ नहीं सुनामी आई हुई है। जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। जितने भी सांसद-विधायक, पदाधिकारी व नेता है, उन्हें इस पर अमल कराना चाहिए और उन्हें सोच समझ कर बोलने की शिक्षा देना चाहिए। लोकतंत्र में अप्रिय /बेतुके बोल बोलने की पक्ष-विपक्ष किसी को भी इजाजत नहीं है।

**-हेमा हरि उपाध्याय,'अक्षत', खाचरोद, उज्जैन**

ज्ञानी पण्डित **जीवन पर सुविचार**

**"जीवन ना तो भविष्य में हैं और ना नाही अतीत में हैं, जीवन तो केवल वर्तमान में हैं."**

gyanipandit.com

## सतत विकास के साथ पर्यावरण को बचाने का प्रयास

# चिपको की धरती पर हरे पेड़ों के कटान का विरोध



सुरेशभाई

*उत्तराखंड में हरेला के नाम पर हर साल लाखों पेड़ रोपे जाते हैं जो कुछ महीनों के बाद आग से जलकर राख बन जाते हैं। ध्यान देना होगा कि यहां पर बहुत पुराने पेड़ हैं जो आग लगने के बावजूद भी धरती की सेवा करते हैं और इसके नीचे वनस्पतियां स्वयं ही उग आती है। इस महत्वपूर्ण ईकोसिस्टम को बर्बाद करके जो संदेश दिया जा रहा है उसमें जलवायु संकट के प्रति बेहद उदासीनता दिखायी दे रही है। अच्छा होता कि एलिवेटेड रोड बनाकर इस क्षेत्र के प्रसिद्ध एलिफेंट कॉरिडोर में रहने वाले जीव जंतुओं को भी सुरक्षा मिलती और देश-विदेश के लोग जब यहां से गुजरते तो उन्हें देवभूमि की खूबसूरती देखने का अंदाज यहीं से होता। लेकिन पहाड़ी राज्य की राजधानी को मैदाने के जैसे प्रदूषण युक्त शहरीकरण बनाने की दिशा में यह कदम बहुत ही निराशाजनक है।*

उत्तराखंड एक ऐसा राज्य है जहां पेड़ों को बचाने के लिए लोग चिपको और रक्षासूत्र आंदोलन की परंपरा को आगे बढ़ाते रहते हैं। पहाड़ी क्षेत्र में हो या फिर यहां के तराई और मैदानी भूभाग जैसे देहरादून, हरिद्वार, उधम सिंह नगर, हल्द्वानी,ऋषिकेश के सामाजिक संगठन पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले बृक्षों की आवाज बन जाते हैं।आजकल ऋषिकेश- भानियावाला- देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर सात मोड वाली सड़क को चौड़ा करने के लिए अमूल्य वन प्रजाति साल और अन्य चौड़ी पत्ती के लगभग 4000 से अधिक पेड़ों के कटान के विरोध में केंद्रीय सड़क और राजमार्ग मंत्रालय के दफ्तर से लेकर जंगल तक सैकड़ों लोग सड़क पर उतरे हुए हैं। विरोध के रूप में दफ्तियां हाथों में लेकर प्रदर्शनकारियों के नारों से आसमान गूंज रहा है। लोग पेड़ों पर चिपक रहे हैं। कटान रोक रहे आंदोलनकारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसके बावजूद भी शासन- प्रशासन की ओर से अनसुनी की जा रही हैं। यहां तक कि नैनीताल हाईकोर्ट ने भी विकास के नाम पर पेड़ों के कटान को नहीं रोका है।पहले से ही बनी हुई सात मोड वाली ऋषिकेश - देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग में गाड़ियों की आवाजाही के लिए पर्याप्त स्थान है लेकिन इस क्षेत्र के पर्यावरण की यह बहुत बड़ी अनदेखी है कि केवल




10-20 मिनट पहले देहरादून, दिल्ली पहुंचने के लिए यहां पर पिछले दिनों से चौड़ी पत्ती के दुर्लभ वन प्रजातियों को काटना प्रारंभ कर दिया गया है जबकि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि जब यहां से यात्री और पर्यटक गुजरते हैं तो सघन हरे पेड़ों के बीच में हिमालय के निचले क्षेत्र की ठंडी हवा का आनंद और गर्मियों के समय में तेज गर्मी से राहत मिलती है। अनेकों यात्री इन सघन वनों की छांव में अपनी गाड़ी से उतरकर विश्राम भी करते हैं। लोग सूक्ष्म जलपान करते हुए इन वृक्षों की छांव के बीच में आनंद उठाते हैं। चारधाम जाने वाले यात्रियों को सुखद सुकून भरी जिंदगी का अहसास यहां की हरियाली के दर्शन कर महसूस होती हैं। हिमालय के इस निचले क्षेत्र का अरावली की पहाड़ियों के साथ संगम होने से तेज गर्मी में भी ठंडी हवा के आनंद की अनुभूति और देवलोक की मनोरम प्रकृति से परिचय भी कराती है। यद्यपि ऋषिकेश से देहरादून के बीच में लगभग 40 किमी की दूरी तक हरियाली की अंधाधुंध बर्बादी सन् 2000 में राजधानी बनने के बाद से ही प्रारंभ हुई है। देहरादून ऋषिकेश के तापमान में 42 डिग्री से अधिक बढ़ोतरी के बावजूद भी योजनाकारों और नीति निर्धारकों के समझ मैं अभी तक नहीं आया है कि यहां पेड़ों को बचाकर सड़क के दोनों ओर खाली पड़े स्थान तक सड़क को चौड़ा किया जा सकता था। हो सकता है कि इस प्रक्रिया में न्यूनतम पेड़ों को ही नुकसान होगा। उत्तराखंड में हरेला के नाम पर हर साल लाखों पेड़ रोपे जाते हैं जो कुछ महीनों के बाद आग से जलकर राख बन जाते हैं। ध्यान देना होगा कि यहां पर बहुत पुराने पेड़ हैं जो आग लगने के बावजूद भी धरती की सेवा करते हैं और इसके नीचे वनस्पतियां स्वयं ही उग आती है। इस महत्वपूर्ण ईकोसिस्टम को बर्बाद करके जो संदेश दिया जा रहा है उसमें जलवायु संकट के प्रति बेहद उदासीनता दिखायी दे रही है। अच्छा होता कि एलिवेटेड रोड बनाकर इस क्षेत्र के प्रसिद्ध एलिफेंट कॉरिडोर में रहने वाले जीव जंतुओं को भी सुरक्षा मिलती और देश-विदेश के लोग जब यहां से गुजरते तो उन्हें देवभूमि की खूबसूरती देखने का अंदाज यहीं से होता। लेकिन पहाड़ी राज्य की राजधानी को मैदाने के जैसे प्रदूषण युक्त शहरीकरण बनाने की दिशा में यह कदम बहुत ही निराशाजनक है। उत्तराखंड हिमालय का अनुभव है कि यहां ऊपरी क्षेत्र इसी तरह से मिट्टी, पानी, जंगल को बुरी तरह नुकसान पहुंचाकर चौड़ी सड़कों के निर्माण के बाद भीषण बाढ़ और भूस्खलन की समस्याएं बढ़ती जा रही है। मानसून की शुरुआत से ही भूधंसाव और भूस्खलन के दो बड़े कारण इस तरह के निर्माण कार्यों से पैदा हुए हैं। हिमालय की तलहटी से लेकर उच्च हिमालय तक राजमार्ग मंत्रालय का यह आविवेकपूर्ण कार्य बहुत चिंताजनक है। उन्हें बार-बार समझाने के बावजूद भी वे यहां की स्थिति को देखकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जिस तरह के निर्माण की आवश्यकता यहां है, उसमें की जा रही घोर लापरवाही के ऐसे उदाहरण सामने आ रहे हैं जहां 10-15 मिनट के जाम से निजात पाने के लिए अनेकों जंगल गायब हो गये है।प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अनूप नौटियाल के द्वारा सूचना अधिकार में ली गई जानकारी के अनुसार पिछले 24 वर्षों में प्रतिदिन 5 हैकटेयर (250 नाली) वन भूमि का हस्तांतरण विकास के नाम पर हुआ है। जिसके चलते वनों पर बहुत संकट खड़ा हो गया है। बताया जा रहा है कि 9 नवंबर 2000 से जून 2026 तक विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए 46,203.76 हेक्टर वन भूमि का हस्तांतरण किया गया है। सबसे अधिक जल विद्युत के लिए 22,250.08 हैकटेयर, सड़क निर्माण में 17,070.03 हैकटेयर,खनन कार्य के लिए 9,289.81 हेक्टर, हाई वोल्टेज लाइन हेतु 456.18 हेक्टर और पेयजल योजनाओं के लिए 294.56 हेक्टेयर वन भूमि कम हुई है, जहां लाखों पेड़ काटे गये। पिछले चार वर्ष पहले 1.21 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि खेती से बाहर भी हो गई है। जबकि खेती की जमीन 10 प्रतिशत से भी कम है और वन भूमि 71 प्रतिशत में है। अतः झारखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड राज्य जहां वन संपदा भरपूर मात्रा में है वह विकास के नाम पर तेजी से घट रही है। यह चिंता पलायन रोकने वालों और फाइलों में इको फ्रेंडली विकास की बहस के बीच अटकी हुई व्यवस्था को विकास और पर्यावरण के बीच रचनात्मक संबंध बनाने होंगे। जिसके लिए शीघ्र ही अनियोजित वन कटान रोकना होगा।

**(लेखक, पर्यावरण सामाजिक कार्यकर्ता है।)**

# भारतीयों की मौत पर सन्नाटा क्यों?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

*ईरान के पक्ष में जब भारत में रह रहे शिया मुसलमान धन इकट्ठा कर रहे थे, तब कश्मीर घाटी से लेकर मेरठ, लखनऊ, अमरोहा, हैदराबाद, मुंबई, कारगिल और अन्य क्षेत्रों से नकद राशि के साथ-साथ सोने के आभूषण, चांदी के बर्तन और अन्य मूल्यवान वस्तुएँ ईरान को आर्थिक सहायता के रूप में उपलब्ध कराई गईं। यानी जो भी ईरान के पक्ष में संभव हो सकता था, वह सभी कुछ भारत सरकार ने अपने स्तर पर किया। जहां तक कि भारत के तमाम गैर मुसलमानों ने भी शियाओं के आह्वान पर यथासंभव मदद अपनी ओर से मुहैया कराई। अमेरिकी प्रतिबंधों और वैश्विक दबाव के बावजूद भारत ने चाबहार बंदरगाह परियोजना को कभी नहीं छोड़ा। यह परियोजना ईरान की अर्थव्यवस्था और उसके अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। जब अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियाँ ईरान से दूरी बना रही थीं, तब भारत ने निवेश जारी रखा।*

भारत और ईरान के संबंध सदियों पुराने रहे हैं। सांस्कृतिक विरासत, ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार, चाबहार बंदरगाह और सामरिक सहयोग जैसे अनेक क्षेत्रों में दोनों देशों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। हालांकि यह भी सामने आया है कि इस्लाम के नाम पर ईरान ने हमेशा पाकिस्तान का साथ निभाया है, लेकिन अपने व्यापारिक हितों को देखते हुए वह आर्थिक मामलों में भारत के साथ खड़ा दिखा है। यही कारण भी रहा जो भारत ने हमेशा यह साबित किया कि वह अपने मित्र देशों का संकट की घड़ी में भी साथ देता है। आज जब 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' में भारतीय नाविकों की मौत और कई भारतीयों के घायल होने की घटना सामने आई है, तब यह प्रश्न पूरे देश के सामने खड़ा है कि क्या भारत के इस मित्रता पूर्ण व्यवहार एवं सम्मान का मान ईरान ने भी रखा है? विदेश मंत्रालय ने स्वयं स्वीकार किया है कि पश्चिम एशिया में समुद्री जहाजों पर हाल में हुए हमलों में सबसे अधिक भारतीय नागरिक प्रभावित हुए हैं। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि इस सप्ताह हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो व्यापारी जहाज, 'एमटी अल बहियाह' और 'एमटी मोम्बासा' हमले का शिकार बने। इन दोनों जहाजों पर कुल 46 चालक दल के सदस्य थे, जिनमें 30 भारतीय नाविक शामिल थे।

'एमटी अल बहियाह' पर सवार 12 भारतीयों में से एक भारतीय नागरिक की मृत्यु हो गई, जबकि एक अन्य घायल हुआ। 'एमटी मोम्बासा' पर सवार 18



भारतीयों में से 9 भारतीय घायल हुए, जिनमें दो की स्थिति गंभीर बनी हुई है, वह जीवित भी बचेंगे, इसमें संदेह है। हालांकि भारत सरकार ने तत्काल नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के मिशन उप प्रमुख को विदेश मंत्रालय तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इन हमलों की तीखी निंदा की। यदि भारत जैसा संतुलित कूटनीतिक देश किसी मित्र राष्ट्र के राजनयिक को तलब करता है, तो यह अत्यंत गंभीर संदेश होता है। पर क्या इससे भारत की वह जनता समझेगी, जो कल तक ईरान के समर्थन में सड़कों पर उतर रही थी, चंदा इकट्ठा कर मदद के नाम पर ईरान भेज रही थी? हकीकत में तो आज यह सभी के लिए याद करना आवश्यक है कि भारत ने ईरान के लिए क्या किया? जब ईरान अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, युद्ध और आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने सिर्फ उसके पक्ष में जहां संभव रहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बयान जारी किए, साथ ही मानवीय सहायता का बड़ा अभियान भी चलाया।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि भारत विश्व के सबसे बड़े समुद्री मानव संसाधन प्रदाताओं में शामिल है। हजारों भारतीय व्यापारी जहाजों पर कार्य करते हैं। वे किसी सैन्य अभियान का हिस्सा नहीं होते। वे वैश्विक व्यापार की रीढ़ हैं। ऐसे निर्दोष नागरिकों का किसी भी संघर्ष में शिकार बनना अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून और मानवीय सिद्धांतों, दोनों के विपरीत है।

अब स्वभाविक है कि इस पूरे घटनाक्रम ने देश के भीतर भी एक गंभीर बहस छेड़ दी है। जैसा कि बताया गया, जब ईरान संकट में था, तब भारत में अनेक स्थानों पर उसके समर्थन में प्रदर्शन हुए। सोशल मीडिया पर अभियान चलाए गए। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून की दुहाई दी गई। करोड़ों रुपये का चंदा जुटाया गया। लोगों ने अपने आभूषण तक दान कर दिए, किंतु आज जब एक भारतीय नागरिक की मृत्यु हुई, अनेक भारतीय घायल हुए और भारत सरकार को स्वयं ईरानी राजनयिक को तलब कर विरोध दर्ज कराना पड़ा, तब वही मुखर आवाजें शांत हैं!

क्या भारतीय नागरिक का जीवन किसी अन्य देश के नागरिक से कम मूल्यवान है? क्या मानवाधिकारों की आवाज तब उठेगी, जब पीड़ित कोई दूसरा होगा? क्या संवेदना भी वैचारिक पसंद और नापसंद देखकर व्यक्त की जाएगी? वस्तुतः ये प्रश्न उन सभी लोगों के लिए हैं जो अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर नैतिकता और मानवाधिकार की बात करते हैं। उन्हें भी आज यह समझना चाहिए कि यदि सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, तो भारतीय नागरिक के लिए भी वही संवेदना दिखाई देनी चाहिए।

## कविता

### वो यार जब गले मिला,बहने लगे अश्क

गले से गले भी मिले अक्स से मिले अक्स,
नयन से जब नयन मिले,बहने लगे अश्क।
बरसों की धूल यादों सी झरती चली गई,
दिल के बंद दरवाजे खुले, बहने लगे अश्क।
बरसों वक़्त ने क्या-क्या बदल दिया,
दिल के हाल दिल से मिले, बहने लगे अश्क।
चेहरे पे उम्र लिख गई मौसम के हादसे,
अन्तस के मिले मीठे सिलसिले, बहने लगे अश्क।
कुछ भी न कह सके,न कोई गिला सुन सके,
ख़ामोश लब हिले, बहने लगे अश्क।
बचपन की गलबहियां फिर साथ चल पड़ीं,
सूखे हुए फूल फिर खिले, बहने लगे अश्क।
कंधे से कंधा छू गया, धड़कन ठहर गई,
सदियों के फ़ासले मिले, बहने लगे अश्क।
मुट्ठी में वक़्त रेत-सा कैसे फिसलता गया,
छूटे हुए क़ाफ़िले मिले, बहने लगे अश्क।
तस्वीर-ए-दोस्ती आज फिर मुस्कुरा उठी,
दिलों के खोये जज्बात मिले, बहने लगे अश्क।
'संजीव' उम्र भर जिसे तक़दीर ढूँढ़ती रही,
वो यार जब गले मिला, बहने लगे अश्क।



संदीप ठाकुर




# रोजगार नहीं, अवसर सृजन की शक्ति है कौशल

**योगेश कुमार गोयल**

*विश्वभर के युवाओं को रोजगार, काम और एंटरप्रेन्योर बनने के लिए जरूरी स्किल्स से लैस बनाने के लिए समर्पित है, इसीलिए यह दिवस मनाए जाने का काफी महत्व है। युवाओं और 'तकनीकी, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण' (टीवीईटी) संस्थानों, फर्मों, नियोक्ताओं, श्रमिक संगठनों, नीति निर्माताओं तथा विकास भागीदारों के बीच संवाद का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह दिन लैंगिक असमानता को समाप्त करने तथा कमजोर लोगों तक संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करने को बढ़ावा देने के लिए भी खास माना जाता है।*

तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण तथा स्थानीय व वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रासंगिक अन्य कौशलों के विकास के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 जुलाई को 'विश्व युवा कौशल दिवस' मनाया जाता है। चूंकि यह दिन

विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक पूरी दुनिया में 200 मिलियन से भी ज्यादा युवा या तो बेरोजगार हैं या उनके पास नौकरी तो है लेकिन वे गरीबी में जी रहे हैं। केवल 1997 और 2017 के बीच ही युवा आबादी में 139 मिलियन की वृद्धि हुई, वहीं युवा श्रम बल में 58.7 मिलियन की कमी आई। कोरोना काल के बाद तो युवा श्रम बल को लेकर स्थिति काफी बदतर हुई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में पांच में से दो युवा श्रमिक प्रतिदिन 3.1 अमेरिकी डॉलर से भी कम पर जीवनयापन करते हैं और वैश्विक स्तर पर 4 में से 3 युवा कर्मचारी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में कार्यरत हैं, जो सभ्य काम नहीं है। वैश्विक स्तर पर अधिकांश युवा अभी भी स्थिर या संतोषजनक नौकरी पाने के लिए औसतन 13.8 महीने तक प्रतीक्षा करते हैं, जो शिक्षा से नौकरी में एक कठिन संक्रमण को दर्शाता है। चूंकि पूरी दुनिया में युवा बेरोजगारों बहुत बड़ी फौज है, इसलिए उनके लिए आने वाली चुनौतियों का सफलतापूर्वक प्रबंधन करने के कौशल से लैस होना और भविष्य में होने वाली बाधाओं को झेलने के लिए लचीलापन होना आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती युवा बेरोजगारी आज की अर्थव्यवस्थाओं और समाजों के सामने विकसित और विकासशील देशों के लिए सबसे बड़ी समस्या है। इसीलिए विश्व युवा कौशल दिवस का मुख्य उद्देश्य बेरोजगारी और अल्प-रोजगार की चुनौतियों के संदर्भ में आज के युवाओं के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक स्थिति प्राप्त करना है।

युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के रणनीतिक महत्व को स्वीकार करने और साथ ही वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने तथा सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई 2014 को विश्व युवा कौशल दिवस मनाने की घोषणा की थी, तभी से यह दिवस 15 जुलाई को एक खास विषय के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष इस दिवस के लिए 'साझा भविष्य के लिए कौशल' विषय निर्धारित किया गया है, जो इस विचार को रेखांकित करता है कि भविष्य केवल तकनीकी दक्षता से नहीं बल्कि ऐसे संतुलित कौशलों से निर्मित होगा, जिनमें डिजिटल साक्षरता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, हरित तकनीक, सामाजिक-भावनात्मक समझ, सहयोग, नवाचार और जिम्मेदार नागरिकता का समावेश हो।

भारत में 2015 में इसी दिन यानी 15 जुलाई को ही कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए 'प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना' (पीएमकेवीवाई) की शुरूआत की गई थी। इसके तहत युवाओं को मुफ्त में लघु अवधि का औद्योगिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे रोजगार प्राप्त कर सकें। 14 से 35 वर्ष के युवा इस मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए तीन महीने, छह महीने या एक वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन कराना होता है। कोर्स पूरा करने के पश्चात प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो देशभर में मान्य है और इस कौशल प्रमाणपत्र के आधार पर आसानी से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। चूंकि युवा वर्ग समाज में अधिक न्यायसंगत, समान और प्रगतिशील अवसरों तथा समाधानों की मांग कर रहा है, इसलिए युवाओं के समक्ष आने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और लैंगिक समानता तक पहुंच जैसी बहुमुखी चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है और इसके लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अपने कार्य वातावरण में अधिक रोजगार योग्य तथा अधिक उत्पादक बनाने के लिए गंभीर पहल किए जाने की भी जरूरत है।

भारत में केंद्र सरकार की ऐसी ही महत्वपूर्ण पहल है 'कौशल भारत', जिसके जरिये सफल होने के लिए युवाओं को आवश्यक कौशल से लैस करने के प्रयास किए जाते हैं। 'स्किलिंग इंडिया' के तहत 'कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय' भारतीयों में ऐसे कौशल विकसित करने की पहल और योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान बढ़ा सकें। दरअसल युवा राष्ट्र निर्माण और छवि निर्माण दोनों में ही सबसे बड़े हितधारक हैं, इसलिए उनके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को कौशल प्रदान करने तथा देश और दुनिया को एक बड़ा कुशल कार्यबल प्रदान करने पर सरकार का फोकस है।

## एक नजर

### नव निर्वाचित उप प्रधानों का जिपं अध्यक्ष अजय मौर्य ने किया स्वागत

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष ऊधम सिंह नगर अजय मौर्य ने अपने आवास पर खटीमा विकासखंड के नवनिर्वाचित उपप्रधानों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।
इस अवसर पर अजय मौर्य ने कहा कि नवनिर्वाचित उपप्रधान ग्रामीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने सभी उपप्रधानों से जनसेवा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना के साथ कार्य करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में तराई विकास संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष गोपाल बोरा, नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य, भवानी भंडारी, वीरेंद्र मौर्य, सतीश मौर्य, दीपक मौर्य , देविंदर सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनियुक्त उप प्रधानों नौसर से संजीदा खान, हल्दी से कुलदीप सिंह, पचपेड़ा से मोहम्मद कासिम, नदन्ना से अनमोल सिंह, चारु बेटा से मोहित कुमार, चंदेली से सपनदीप कौर, जमौर से लवप्रीत सिंह, बंडिया से अमित चौहान, मोहम्मदपुर बुढ़िया से संतोष कुमार, उल्हानी से जगनवीर कौर तथा बगुलिया से पूनम देवी का स्वागत किया गया।

# प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, अगले छह दिनों तक लगातार बारिश के संकेत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले छह दिनों तक कई जिलों में बारिश होती रहेगी।

उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार को मानसूनी बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। तराई समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार यानी 17 जुलाई से प्रदेश में बारिश का दौर और तेज होगा। 22 जुलाई तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश होने की संभावना है। दक्षिणी-पूर्वी जिलों सोनभद्र, चंदौली, प्रयागराज, वाराणसी, गाजीपुर, मिर्जापुर और बलिया में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। बृहस्पतिवार को लखीमपुर खीरी में 62.4 मिमी, महराजगंज में 32 मिमी, बाराबंकी में 28 मिमी, आगरा में 22.6 मिमी और लखनऊ में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, बुंदेलखंड के कई जिलों में तीखी गर्मी का असर बना रहा। बांदा में अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस, फतेहपुर में 38.6 डिग्री और झांसी में 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर) मजबूत हो रहा है। इसके प्रभाव से 17 जुलाई के बाद पूरे प्रदेश में मानसून सक्रिय होगा, बारिश का दायरा बढ़ेगा, तापमान में गिरावट आएगी और उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी।

राजधानी में बृहस्पतिवार तड़के हुई अच्छी बारिश से मौसम पूरी तरह बदल गया। बारिश के बाद दिन में ठंडी हवाएं चलीं और बादलों की आवाजाही के बीच धूप-छांव का दौर बना रहा। शाम में फिर से तेज हवाओं से साथ अच्छी बारिश हुई। पारा गिरने से उमस और गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली। बीते 24 घंटे में लखनऊ में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के असर से दिन का तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस गिरकर 33.6 डिग्री और रात का तापमान 1.2 डिग्री की कमी के साथ 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर) मजबूत हो रहा है। इसके प्रभाव से शुक्रवार, 17 जुलाई से लखनऊ में मानसूनी गतिविधियां तेज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी अच्छी बारिश का अनुमान जताया है। इसके चलते अगले कुछ दिनों तक मौसम सुहाना रहने और गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

## आम तोड़ने के शक में पीएसी के दो जवानों को दौड़ाकर पीटा

**लखनऊ।** दिलकुशा पार्क में आम तोड़ने के शक में एक दर्जन युवकों ने पीएसी के दो जवानों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पार्क में दोनों को दौड़ाकर पीटा। जान से मारने की धमकी देकर पत्थर मारकर सिर फोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी भाग निकले। लहूलुहान हालत में जवान कैंप पहुंचे। वहां से दलनायक ने सिविल अस्पताल पहुंचाया। कैंट पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुलंदशहर निवासी सिपाही उम्मेद कुमार 47वीं वाहिनी पीएसी की दल-सी में तैनात हैं। वर्तमान में दल-सी मुख्यमंत्री आवास सुरक्षा में लगी है। उम्मेद ने बताया कि 14 जुलाई की शाम करीब छह बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह वॉक और व्यायाम करने साथी जवान सोनू कुमार निवासी मेरठ, अजय कुमार और प्रवेश कुमार के साथ दिलकुशा पार्क गए थे। इसी दौरान व्यायाम के दौरान पार्क में लगे पेड़ से आम तोड़ने को लेकर दो युवकों ने उनसे अभद्रता शुरू कर दी। जवानों ने आम तोड़ने से इनकार करते हुए विरोध किया तो दबंगों ने गाली-गलौज कर 10-12 साथियों को बुला लिया।

## संक्षेप समाचार

### रेलवे संजय पार्क में अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत संकट में ग्राम प्रधान ने किया पौध रोपण



संजय रेलवे पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** नगर पालिका परिषद द्वारा संजय रेलवे पार्क में पौध रोपण कर हरेला पर्व मनाया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी एवं अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य एवं सभासदों ने फल एवं सुगंधित पौधों का रोपण किया। नगर पालिका अध्यक्ष जोशी ने आम लोगों को हरियाली पर्व की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ रहने की कामना की। पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि पौधरोपकर हमारा लक्ष्य पूरा नहीं होता, बल्कि रोपे गये पौध के पेड़ बनने तक संरक्षित करने का हमारा दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व पर्यावरण संरक्षण के लिए संजीवनी का कार्य करता है। इस अवसर पर सभासद बसंती सामंत, असलम अंसारी, अली अहमद, शाहिद सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। इधर विकासखंड खटीमा के ग्राम पंचायत झनकट के ग्राम प्रधान रीता बोरा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ललित सिंह बोरा ने ग्राम पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण किया। उन्होंने फल, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोगों को पौधे वितरित किए गए । ग्राम पंचायत की ओर से विभिन्न स्थानों पर रोपे गए पौधों के संरक्षण का दायित्व भी लोगों को सौंपा गया । भाजपा नेता बोरा ने कहा कि हरेला एक त्योहार ही नहीं बल्कि देव भूमि उत्तराखंड की संस्कृति , प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक भी है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में भागीदारी सुनिश्चित कर पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा दें। इस दौरान पूर्णागिरि कॉलेज, बहुउद्देशी सरकारी समिति, उज्जवल महिला कलेक्टर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय झनकट, पंचायत घर , आंगनबाड़ी केंद्र, राजकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय झनकट आदि स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया।

### हरेला पर्व पर कोतवाल सुंदरम शर्मा ने किया पौधारोपण



**सितारगंज।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में हरेला पर्व के शुभ अवसर पर कोतवाली परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के संदेश के साथ पीपल, बरगद, नीम, आम एवं आंवला सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा रोपित पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक आदि मौजूद रहे।

## कैंटर ने शुगर मिल कॉलोनी का गेट और गार्ड रूम तोड़ा, सुरक्षा गार्ड घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सितारगंज।** जे.जी.एन. शुगर मिल सरकड़ा में तेज रफ्तार और कथित लापरवाही से चलाए जा रहे एक कैंटर ने मिल कॉलोनी के मुख्य गेट पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गेट की दीवार और गार्ड रूम पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तथा ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड मेवाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना 10 जुलाई की रात करीब एक बजे की बताई गई है। सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह चौहान की ओर से कोतवाली सितारगंज में दी गई तहरीर के अनुसार कैंटर संख्या यूपी40सीटी9686 का चालक मदन कुमार निवासी बलसिंहपुर नयागांव, थाना रामपुर कला सिंधौली, जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश) वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। घायल गार्ड का उपचार राजकीय चिकित्सालय सितारगंज में कराया गया। तहरीर में बताया गया है कि हादसे से गेट, दीवार और गार्ड रूम को मिलाकर लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। सुरक्षा अधिकारी ने तहरीर देने में देरी का कारण परिवार में आकस्मिक मृत्यु होना बताया है तथा पुलिस से आरोपी चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छह जुआरी दबोचे 3.05 लाख बरामद

**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने बुधवार देर रात को केशवनगर में छापा मारा। मौके से जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 3,05,000 रुपये की जुए की फड़ और 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किए। वहीं आरोपियों की जामा तलाशी में उनके पास से 5,010 रुपये नकद भी मिले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा के मुतबिक काफी समय से मुखबिर के जरिए इलाके में जुआ खेले जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी सूचना के आधार पर मड़ियांव थाना पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस टीम ने चुपचाप घेराबंदी करते हुए मौके पर छापा मारा, जिससे मौजूद जुआरियों को भागने का मौका नहीं मिला और सभी छह लोग जुआ खेलते हुए पकड़ लिए गए।

## हरेला पर्व पर मिनी स्टेडियम में हुआ वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सितारगंज।** उत्तराखंड के लोक पर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में आ ज वार्ड नंबर 5 स्थित मिनी स्टेडियम में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीआरडी (PRD) जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पर्यावरण को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा ओ बीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ए वं वार्ड नंबर 5 के सभासद र वि रस्तोगी ने पीआरडी जवानों औ र स्थानीय निवासियों के सा थ मिलकर फलदार और छायादार पौधे रोपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरेला पर्व प्रकृति और मनुष्य के अटूट संबंध का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "हमें केवल वृक्ष लगाने ही नहीं चाहिए, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि भविष्य में वे पर्यावरण का आधार बन सकें।" इस कार्यक्रम के दौरान पीआरडी कमांडर महेंद्र राणा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे अपने जीवन के विशेष अवसरों पर पौधारोपण को प्राथमिकता दें।

इस अवसर पर एसटी मोर्चा के जिला मंत्री रंजीत राणा, मनोज रस्तोगी, राधेश्याम, उदय ठाकुर पीआरडी के समस्त जवान, स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन पौधों के संरक्षण का संकल्प लेकर हुआ।

## नव निर्वाचित उप प्रधानों का जिपं अध्यक्ष अजय मौर्य ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



नव निर्वाचित उप ग्राम प्रधानों का स्वागत करते जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य।

**खटीमा।** उधम सिंह नगर के जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने नौसर स्थिति निज आवास पर विकासखंड खटीमा के के नवनिर्वाचित उपप्रधानों का फूल माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिपंअ अजय मौर्य ने नवनिर्वाचित उपप्रधानों का ग्रामीण क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि सभी उपप्रधानों को जनसेवा, पारदर्शिता और समर्पण की भावना से कार्य करना है ताकि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक पहुंच सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में तराई विकास संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष गोपाल बोरा, नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य, भवानी भंडारी, वीरेंद्र मौर्य, सतीश मौर्य, दीपक मौर्य , देविंदर सिंह सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर नवनियुक्त उप प्रधानों नौसर से संजीदा खान, हल्दी से कुलदीप सिंह, पचपेड़ा से मोहम्मद कासिम, नदन्ना से अनमोल सिंह, चारु बेटा से मोहित कुमार, चंदेली से सपनदीप कौर, जमौर से लवप्रीत सिंह, बंडिया से अमित चौहान, मोहम्मदपुर भुडिया से संतोष कुमार, उलानी से जगनवीर कौर तथा बगुलिया से पूनम देवी का स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित ग्रामीणों ने जिपंअ अजय मौर्य को आश्वासन दिया कि वह आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उम्मीदों में खरा उतरेंगे और सरकार द्वारा निर्धारित कार्यों का वखूबी पालन कर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## ऑटो में जेई को बंधक बनाकर लूटपाट, विरोध पर पीटा

**लखनऊ।** राजधानी में ऑटो सवार बदमाश लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। मड़ियांव इलाके में ऑटो सवार चार बदमाशों ने बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर को बंधक बनाकर लूटपाट की। विरोध करने पर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर बीस हजार रुपये व दो मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश जेई को चलते ऑटो से धक्का देकर भाग निकले। मड़ियांव पुलिस ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मड़ियांव के महर्षि नगर स्थित इशानिका टाउनी निवासी अश्वनी कुमार वर्मा बाराबंकी के सुबेहा उपकेंद्र में अवर अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई को बेटे की तबीयत खराब होने पर वह देर रात बाराबंकी से लखनऊ पहुंचे। मड़ियांव स्थित प्रधान मैरिज लॉन के पास वे घर तक जाने के लिए एक ऑटो बैठ गए।

## सेंट्रल जेल में हरेला पर्व पर 270 पौधों का हुआ वृक्षारोपण

### अधिकारियों, कर्मचारियों और बंदियों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सितारगंज।** उत्तराखण्ड के लोकपर्व हरेला के अवसर पर केंद्रीय कारागार, सितारगंज में गुरुवार को व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वरिष्ठ अधीक्षक अनुराग मलिक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों और बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत कारागार परिसर, महिला अहाता तथा आवासीय परिसर में उद्यान विभाग एवं वन विभाग के सहयोग से उपलब्ध कराए गए 270 पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में आंवला, हरड़, आम, अमरूद, नींबू, कटहल सहित विभिन्न फलदार एवं औषधीय प्रजातियां शामिल रहीं। वृक्षारोपण के दौरान सभी प्रतिभागियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधीक्षक अनुराग मलिक ने कहा कि हरेला पर्व केवल एक पारंपरिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कारागार में समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि बंदियों में भी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो और समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचे। हरेला पर्व के माध्यम से हरित उत्तराखण्ड के निर्माण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में जेलर प्यारेलाल आर्य, फार्मेसी अधिकारी अंकुर चौहान, प्रधान बंदीरक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, बंदीरक्षक अरविंद कुमार, मोहित कुमार, नवीन चंद्र सहित अन्य कार्मिक एवं बड़ी संख्या में बंदी उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण और अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

000 निज आवास पर पौध रोपकर आम जनता को दी हरेले की बधाई, वृक्षारोपण के बाद पेड़ बनने तक की निगरानी की अपील

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय भ्रमण के तहत खटीमा पहुंचे

जागरण मोर्चा कार्यालय



नगर तराई स्थित निज आवास पर आम का पेड़ लगाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।



क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसी भ्रमण के दौरान देर शाम खटीमा पहुंचे। उनका जनपद के अधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं सहित आम जनता ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़कर भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निज आवास पर हरेला पर्व पर फलदार पेड़ों का रोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें पौध लगाकर उनके पेड़ बनने तक संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र वासियों को हरियाली के पर्व की बधाई दी। इस दौरान सीएम धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों के हाल-चाल जाने। उन्होंने यहां मौजूद लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को क्षेत्रवासी के छोटी-छोटी समस्याओं के लिए विभागों के कार्यालयों के चक्कर काटने पर नाराजी जताई । उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रामेश जोशी, दर्ज मंत्री गंभीर सिंह धामी, दर्जा मंत्री मोहिनी पोखरिया, कैलाश ठाकुर सिंह खाती, नवीन भट्ट, सतीश भट्ट, हरगोविंद कन्याल, सचिन बत्रा, संजय पिलख्वाल, हिमांशु बिष्ट, विष्णु अग्रवाल, अशोक बत्रा, राकेश बिष्ट, जिलाधिकारी नितिन भदौरिया, वरिष्ठ पुरुष अधीक्षक अजय गणपति, सीडीओ दिवेश शाशनी, एडीएम पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र , एसडीएम तुषार सैनी, एसडीओ फॉरेस्ट संचित वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एलडीए में नौकरी व ठेका दिलाने का झांसा देकर युवक से 50 लाख ठगे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में नौकरी व सरकारी ठेके दिलाने का झांसा देकर जालसाज मां-बेटे ने परिचित से 50 लाख रुपये ऐंठ लिए। एलडीए कर्मी आरोपी महिला ने अपनी ऊंची पहुंच का रौब दिखाया और जाली नियुक्ति पत्र थमा दिया। पीड़ित ने विभाग जाकर जानकारी की तो फर्जीवाड़े का पता चला। रुपये वापस मांगने पर मुख्तार का करीबी बनकर धमकाया। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद से शिकायत के बाद वजीरगंज पुलिस ने आरोपी मां-बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ठाकुरगंज के बालागंज रज्जबगंज निवासी हमजा इस्लाम ने बताया कि वर्ष 2023 में वह इंटर की पढ़ाई कर रहा था। इसी दौरान एक रिश्तेदार के घर पर परिचित सुमायरा रब्बानी उर्फ परवीन व बेटे अली अब्दुल्लाह निवासी डब्ल्यूआर अपार्टमेंट जेपी बोस मार्ग लालबाग से मुलाकात हुई। एलडीए में कार्यरत सुमायरा व अली ने इंटर पास कर एलडीए में नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। नौकरी के लिए कुछ रुपये खर्च होने की बात कही। रिश्तेदारी होने के चलते पीड़ित ने 17 अक्टूबर 2023 को अली अब्दुल्लाह के खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये मिलने के बाद सुमायरा ने कहा कि नियुक्ति पत्र मिलते ही वह उसे दे देगी। कुछ दिन बाद आरोपी ने कहा कि ठेकेदारी का पंजीकरण करा लो। एलडीए में कई बड़े टेंडर जारी हुई हैं। जब तक नौकरी नहीं मिलती, तब तक ठेकेदारी करते रहना। जैसे ही नियुक्ति पत्र मिल जाए तो दोनों काम साथ में कर लेना।

टेंडर का झांसा देकर आरोपी ने 40 लाख की मांग की। पीड़ित ने अपना मकान बेचकर फरवरी 2024 में मौलवीगंज निवासी दानिश के घर पर 40 लाख रुपये नकद दिए। पीड़ित का कहना है कि बीच-बीच में सुमायरा बुलाकर कुछ कागजों पर साइन कराकर आश्वसत करती कि काम आगे बढ़ रहा है। कई माह बीतने के बाद भी कोई काम नहीं होने पर पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। इसपर सुमायरा ने अगस्त 2024 में नियुक्ति पत्र दिया। कहा कि जब बोलेंगे तब पत्र लेकर एलडीए जाकर ज्वाइनिंग कर लेना। साथ ही पंजीकरण कराकर ठेका भी मिल जाएगा। काफी समय बीतने के बाद भी मां-बेटे ने कोई जवाब नहीं दिया तो पीड़ित ने एलडीए जाकर छानबीन की। पता चला कि पत्र जाली था।

## एक नजर

### सर्प के काटने से युवक की हालत बिगड़ी, महिला को भी जहरीले कीड़े ने डसा

बीसलपुर। नगर और ग्रामीण क्षेत्र में जीव-जंतुओं के हमले की दो अलग-अलग घटनाओं में एक युवक और एक महिला की हालत बिगड़ गई। दोनों पीड़ितों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। बीसलपुर नगर के मोहल्ला ग्यासपुर निवासी 27 वर्षीय फरदीम बुधवार की रात करीब 8 :40 बजे अपने मकान के एक कमरे में लेटे हुए थे। इसी दौरान दीवार के छेद में छुपे एक जहरीले सर्प ने उन्हें काट लिया। सांप के काटने से युवक की हालत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उसे स्थानीय सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। वहीं कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनंका के रहने वाले सचिन की पत्नी शालिनी देवी अपने घर में रोजाना की तरह कामकाज कर रही थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात जहरीले कीड़े ने उन्हें काट लिया। कीड़े के जहर के असर से शालिनी की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# भाजपा बूथ स्तर तक संगठन को करेगी मजबूत विधानसभा स्तर पर होंगे बूथ अध्यक्ष सम्मेलन

जागरण मोर्चा कार्यालय





**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी गुलशन आनंद उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की। बैठक का संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि संगठन द्वारा शीघ्र ही विधानसभा स्तर पर बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इन सम्मेलनों का उद्देश्य बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर तक सक्रिय संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं।

मुख्य अतिथि एवं जिला प्रभारी गुलशन आनंद ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बिना किसी मानदेय के राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें।

बैठक में जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, जिला उपाध्यक्ष महादेव गाइन, रेखा सिंह परिहार, मनोज गुप्ता, नमन प्रताप राजपूत, लेखराज भारती, विकास श्रीवास्तव, जिला मंत्री रेनू राज, विकास वाल्मीकि, सत्यपाल वर्मा, नागेंद्र प्रताप गंगवार, सृष्टि गुप्ता, ऋचा सिंह पटेल, अमित कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शांति स्वरूप सोनकर, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सतनाम सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार, सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर, आईटी संयोजक हरिओम शर्मा, सह आईटी संयोजक पंकज प्रजापति, सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पांडेय, सह संयोजक विजय सरकार सहित मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अन्नपूर्णा दिवस पर इनर व्हील क्लब ने बांटी खुशियां, सेवा से दिया मानवता का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय महिला संगठन इनर व्हील क्लब, पीलीभीत की ओर से अन्नपूर्णा दिवस के अवसर पर स्टेडियम रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़ा प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की सदस्याओं के सामूहिक सहयोग, सहभागिता और उदार योगदान से आयोजित इस सेवा प्रकल्प में जरूरतमंदों एवं श्रद्धालुओं के बीच ताजे फल, जूस तथा पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए सदस्याओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता निभाई। मंदिर परिसर में मौजूद जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने के साथ क्लब ने सामाजिक उत्तरदायित्व का भी प्रभावी संदेश दिया। आयोजन पूरी तरह सामूहिक सहयोग और टीम भावना का उदाहरण बना। इस सेवा अभियान को सफल बनाने में कैलाश रानी छावड़ा, पदमा चंद्र, पुष्पा सिंह, इंदु गुप्ता, किरण गुप्ता, महिमा अग्रवाल, सुमन गुप्ता, नीता मोदी, इंदु अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, शालिनी गुप्ता और मनीषा त्रिपाठी ने सक्रिय भूमिका निभाई। क्लब की अध्यक्ष डॉ. अनुरिता सक्सेना विदेश प्रवास पर होने के बावजूद पूरे कार्यक्रम के दौरान लगातार मार्गदर्शन, समन्वय और प्रेरणा देती रहीं, जिससे आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर क्लब की सचिव महिमा अग्रवाल ने सभी सहयोगी सदस्याओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "सेवा, सहयोग और सामूहिक सहभागिता ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति है।" उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनकल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। भक्तों ने अनेक स्थानों पर रथयात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूर्व मंत्री रामशरण वर्मा ने नगर के बड़ा स्थल मंदिर गेट से पूजा कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया।

भगवान जगन्नाथ की शोभा रथयात्रा धूमधाम से अपराह्न तीन बजे लगभग प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ के रथ को बड़ी संख्या में श्रद्धालु खींच रहे थे तथा रथ के आगे भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे यात्रा में पैदल चल रहे थे। रथयात्रा के आगे श्रद्धालु नंगे पैर चलकर झाड़ू लगाकर यात्रा निकलने वाले मार्ग को साफ कर रहे थे। शोभायात्रा



नगर में निकलती हुई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा। -जागरण मोर्चा

में हनुमान जी ,बालाजी महाराज ,राधा कृष्ण, राम सीता, के अतिरिक्त कई मनोहारी झांकियां शामिल थीं। शोभा यात्रा के दौरान लोगों ने जगह-जगह भगवान जगन्नाथ की आरती उतार कर पूजा-अर्चना की तथा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान मार्ग पर निकलने वाले श्रद्धालु को लगातार प्रसाद वितरण किया जा रहा था। शोभायात्रा में सचिन जायसवाल उर्फ राजू, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, बाबूराम शर्मा, मोहक, सुभनेश पाठक, अपूर्व, विधि, शगुन रस्तोगी, मधुर धीरेश रस्तोगी कुशाग्र मिश्र, गौरांगी, अतुल मिश्रा, अनमोल, इंदु गुप्ता, मीतू जायसवाल आदि भी शामिल रहे।

## युवती से दुष्कर्म के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने दबोचा

**पीलीभीत।** युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 11 जुलाई को पीड़िता के परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि 6 जुलाई को हरदोई जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ओम नगर महोलिया निवासी रजनीश उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। दमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने युवती को सकुशल बरामद कर लिया। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने रजनीश को यशवंतरी चौराहे के निकट से गिरफ्तार कर लिया।

# घर के बाहर खडी गाडी में जमकर की तोडफोड

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घर के बाहर खडी गाडी में जमकर तोडफोड की। विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर निवासी सूबेदार सिंह ने बताया कि नौ जुलाई को रात्रि करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर खडी अल्टो गाडी के पास खडा था।तभी सामने से डस्टर गाडी आई और गाडी से उतरे नशे की हालत में आरोपी पीडित की गाडी में शराब की बोतल व डंडे से तोडफोड करने लगे। पीडित ने मना किया तो क्षेत्र के गांव मकरंदपुर निवासी रविंद्र सिंह,गुरपेज सिंह व दो कम्पाइन के फोरमेन गाली गलौज करने लगे। शोर मचाने पर घर के अंदर से आए हरमन व गुरनेक आए और कारण पूछने पर उसके साथ लाठी डंडे से मारपीट की।इस दौरान कई लोग मौके पर पहुंच गए और वमुश्किल झगड़े को शांत कराया। जिस पर आरोपी धमकी देकर मौके से गाडी छोडकर भाग गए। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिस पर पुलिस ने गाडी को अपने कब्जे में ले लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### जनगणना-2027 के लिए पीलीभीत में सहायता नियंत्रण कक्ष स्थापित, नया हेल्पलाइन नंबर 05882-250500 जारी

**पीलीभीत।** जनगणना-2027 के सफल संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट परिसर में जनपद स्तरीय जनगणना सहायता नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर दी है। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी के निर्देश पर स्थापित इस नियंत्रण कक्ष का नया हेल्पलाइन नंबर 05882-250500 जारी किया गया है, जो जनगणना प्रक्रिया पूरी होने तक लगातार संचालित रहेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना से संबंधित समस्याओं के समाधान और शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए नियंत्रण कक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम प्रतिदिन दो पालियों में कार्य करेगा। पहली पाली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तथा दूसरी पाली शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक संचालित होगी। प्रथम पाली के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती को नोडल अधिकारी तथा द्वितीय पाली के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की 16 जुलाई से 31 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से ड्यूटी निर्धारित की गई है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों और सूचनाओं का विधिवत रजिस्टर में अंकन किया जाएगा। इसके बाद संबंधित नोडल अधिकारी के माध्यम से चार्ज अधिकारियों को प्रेषित कर शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। निस्तारण की रिपोर्ट भी पंजिका में दर्ज की जाएगी और नियमित रूप से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नियंत्रण कक्ष में तैनात कर्मचारियों को ड्यूटी अवधि में किसी प्रकार का अवकाश नहीं मिलेगा। बिना अनुमति अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी आकस्मिक परिस्थिति में अवकाश आवश्यक हो तो संबंधित विभागाध्यक्ष वैकल्पिक कर्मचारी की व्यवस्था कर जिलाधिकारी की अनुमति प्राप्त करेंगे। जिला प्रशासन ने जनपद की सभी तहसीलों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों से जनगणना संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि जनगणना-2027 का कार्य निर्बाध और सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

### भारत-नेपाल सीमा पर वन्यजीव तस्करी रोकने को एसएसबी हुई प्रशिक्षित, नौजलिया पोस्ट पर आयोजित हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**पीलीभीत।** भारत-नेपाल सीमा पर वन्यजीव तस्करी की रोकथाम को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 49वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की नौजलिया पोस्ट पर अवैध वन्यजीव व्यापार (आईडब्ल्यूटी) विषयक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एसएसबी और वन विभाग के कुल 34 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) की विशेषज्ञ टीम ने अवैध वन्यजीव व्यापार की वर्तमान स्थिति, तस्करी में प्रयुक्त होने वाले वन्यजीव एवं उनके अंगों की पहचान, तस्करों द्वारा अपनाए जाने वाले नए तौर-तरीकों तथा सीमा क्षेत्रों में उनकी गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों की वन्यजीव अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और त्वरित कार्रवाई में अहम भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में कुल 34 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 49वीं वाहिनी एसएसबी के 31 जवान एवं अधिकारी (03 महिला और 28 पुरुष) तथा वन विभाग के 03 कर्मचारी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वन्यजीव तस्करी से जुड़े मामलों की पहचान, सूचना संकलन और समन्वित कार्रवाई के संबंध में व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट पूनम मीना ने बताया कि लगभग छह माह पूर्व उन्होंने भोपाल में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) द्वारा आयोजित अवैध वन्यजीव व्यापार संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सक्रिय सहभागिता करते हुए विषय की गहरी समझ का परिचय दिया तथा वन्यजीव संरक्षण और वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सीमा क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण को मजबूत बनाने तथा एसएसबी और वन विभाग के बीच बेहतर समन्वय के साथ अवैध वन्यजीव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने का संकल्प दोहराया गया।

### दहेज के खातिर विवाहिता को मारपीट कर निकाला

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला ननरायनपुर जा0 पूरनपुर निवासी विनीता देवी ने बताया कि उसकी शादी बरखेड़ा निवासी विष्णु कश्यप के साथ एक साल पहले हुई थी।शादी में उसके माता-पिता ने अपनी सामर्थ के अनुसार काफी दान दहेज दिया। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं हुए। शादी के चंद दिनों के बाद ही ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज में एक बाइक, वाशिंग मशीन, फ्रिज आदि की मांग शुरू कर दी। विवाहिता ने मायके पक्ष की हालत ठीक ना होने की बात कहकर दहेज लाने से मना कर दिया। इस पर ससुरालवालों ने उसको आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया। मामला समझौता केंद्र पर भी पहुंचा। वहां फैसला हुआ। उसके बावजूद ससुराल नहीं माने और वह विवाहिता के साथ मारपीट करते रहे। इसके बाद उसको घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मायके पहुंची विवाहिता ने पूरी जानकारी अपने परिवार को बताई।

## खेत में खडी धान की फसल को टैक्टर से जोता, विरोध पर मारपीट कर दी धमकी, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** खेत में खडी धान की फसल को ट्रैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया। विरोध करने पर खेत स्वामी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बंडा थाना क्षेत्र के गांव कन्धरपुर अल्हादादपुर नबीची निवासी सरजीत सिंह ने बताया कि उनकी कृषि भूमि चार किलोमीटर दूर घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव मुरली खेड़ा में स्थित है। उस भूमि पर घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी सुखदेव सिंह व उनके साथी जबरन कब्जा करना चाहते हैं। इस संबंध में न्यायालय सिविल जज के द्वारा आरोपी व अन्य को उस कृषि भूमि में हस्तक्षेप न करने का आदेश तीन जुलाई 2026 को पारित किया। इसके बाद पीडित ने उस कृषि भूमि पर धान की फसल की रोपाई करवाई थी। 14 जुलाई को घुंघचाई क्षेत्र के गांव सुंदरपुर निवासी सुखदेव सिंह, गुरमैज सिंह, सुबेग सिंह ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंच गए और फसल को जोतने लगे,सूचना मिलने पर पीड़ित वहां मौके पर पहुंचा और खेत जोतने से रोकने लगा। आरोप है कि सभी एक राय होकर गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद ट्रैक्टर चला कर धान की फसल को बर्बाद कर दिया। जिससे पीड़ित का करीब पचास हजार रुपये का नुकसान हो गया। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी मौके से चले गए। पीड़ित ने घुंघचाई पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कोर्ट के आदेश पर पशु क्रूरता का तीन पर मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** गौवंश के साथ क्रूरता करने के मामले में सेहरामऊ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बबरौआ में 12 अप्रैल की रात्रि करीब साढे दस बजे गांव के कुछ लोग गौवंश को रस्सी से बांधकर उसके साथ मारपीट की थी। गांव निवासी अजयपाल ने मौके पर जाकर विरोध किया तो आरोपी विवाद करने लगे।जिस पर पीडित मौके से भाग आया। पीडित ने इस मामले की तहरीर थाना सेहरामऊ पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई रिपोर्ट दर्ज नही की। इसके बाद पीडित ने मामले की तहरीर पुलिस अधीक्षक को दी। लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नही हो सकी। इससे परेशान युवक ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने बबरौआ निवासी राजकुमार, अवधेश,शोभित व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वेल्डिंग के दौरान ट्रक का टैंक फटने से घायल चालक की इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** चार दिन पूर्व वेल्डिंग कराने के दौरान ट्रक का डीजल टैंक फटने से गंभीर रूप से घायल हुए वृद्ध ट्रक चालक की गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। चालक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी निवासी 60 वर्षीय वाहिद अली पेशे से ट्रक ड्राइवर थे। बीते 13 जुलाई को ट्रक की टंकी लीक होने पर वह उसे दुरुस्त कराने के लिए ग्राम जोगीठेर स्थित मोनीस की वेल्डिंग दुकान पर गए थे। टैंक में वेल्डिंग करने के दौरान उसका ढक्कन नहीं खोला गया था, जिससे टैंक के भीतर अत्यधिक गैस बन गई। तभी अचानक तेज धमाके के साथ ट्रक का टैंक फट गया। इस भीषण हादसे में ट्रक चालक वाहिद अली, ट्रक मालिक रवि और दुकानदार मोनीस गंभीर रूप से झुलस गए थे। वाहिद अली की हालत बेहद चिंताजनक होने के कारण उन्हें तत्काल भोजीपुरा स्थित राममूर्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक वाहिद अली के परिवार में उनकी पत्नी सरवरी बेगम के अलावा तीन बच्चे—दो पुत्र शाहिद अली व गुड्डू और एक पुत्री फूलबानो हैं। तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। वाहिद अली की मौत के बाद से पत्नी सरवरी बेगम का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों ने हादसे और मौत की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी है।



मृतक वाहिद अली।

## धर्मकर्म

### वैदिक मंत्रोच्चार, पूजन-अर्चन और आरती के बाद अतिथियों ने रथ को किया रवाना

# 366 वर्ष पुरानी भगवान जगन्नाथ स्वामी की ऐतिहासिक रथयात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ निकली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** शहर की लगभग 366 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा गुरुवार को पूरे धार्मिक उत्साह, वैदिक परंपराओं और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। मोहल्ला मोहितशिम खां (चरक का कुआं) स्थित महाप्रभु श्री जगन्नाथ धाम मंदिर से प्रारंभ हुई इस भव्य रथयात्रा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रथयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, विशिष्ट अतिथि नगर मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर तथा ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने विधिवत पूजन-अर्चन, वैदिक मंत्रोच्चार और महाआरती के साथ किया। इसके बाद उन्होंने भगवान के रथ को श्रद्धापूर्वक रवाना कर नगरवासियों की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। इस अवसर पर महाप्रभु श्री जगन्नाथ धाम के प्रधान सेवक आचार्य पंडित हरिश्चंद्र शंखधार, आचार्य विष्णु शंखधार, वरिष्ठ सभासद पुष्पा उपाध्याय, आचार्य विजय शंखधार तथा आचार्य सूर्य प्रकाश शर्मा ने सभी अतिथियों का पारंपरिक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी का आकर्षक चित्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया। धार्मिक आयोजन में सामाजिक, व्यापारिक और विधि जगत की कई प्रमुख हस्तियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, व्यापारी नेता निमित्त अग्रवाल 'निम्मू', संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अवस्थी, अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा 'संजू', सभासद रत्ना शुक्ला तथा समाधान विकास समिति के लक्ष्मीकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने रथयात्रा में सहभागिता कर महाप्रभु के दर्शन किए। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ स्वामी का स्वागत किया। भजन-कीर्तन, शंखनाद और जयघोष के बीच निकली यह ऐतिहासिक रथयात्रा नगर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बन गई। सुरक्षा व्यवस्था और व्यवस्थापन भी सुचारु रहा, जिससे श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण वातावरण में भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी राजस्थान से आकर पीलीभीत में दबोचा गया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**पीलीभीत।** शादी का झांसा देकर एक महिला से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर आरोप है कि उसने करीब डेढ़ वर्ष तक विवाह का भरोसा देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए मुकदमा संख्या 163/2026 में वांछित आरोपी सुखराम पुत्र ओमा खियाराम पुलिया, निवासी ग्राम मनऊ, थाना जाम्बा, जिला जोधपुर (राजस्थान) को पीलीभीत के देशनगर मोहल्ले से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 2 मई 2026 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उसके पति का निधन हो चुका है और वह निजी नौकरी कर अपना जीवनयापन करती है। लगभग 18 माह पहले उसकी पहचान आरोपी सुखराम से हुई थी। आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में विवाह करने से इनकार कर दिया। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69, 352 एवं 351(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की।

## एक नजर

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक होंगे आवेदन

**शाहजहांपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा-2027 के सफल आयोजन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा संबंधी तैयारियों और अधिक से अधिक पात्र छात्रों तक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि शाहजहांपुर के निवासी ऐसे छात्र, जो किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा पांच में अध्ययनरत हैं और जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बैठक में बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य सत्यपाल गंगवार, उपप्राचार्य ऋषिपाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई और चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 है।

# निर्माणाधीन हाईवे पर मौत की टक्कर पंजाब के तीन यात्रियों की गई जान

## वनवे मार्ग पर कैंटर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल; पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गुरुवार सुबह नवाबगंज थाना क्षेत्र के इनायतपुर गांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पंजाब के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। निर्माणाधीन वनवे मार्ग पर ऑक्सीजन सिलिंडरों से भरे कैंटर और स्कॉर्पियो के बीच हुई सीधी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक, स्कॉर्पियो में सवार सभी लोग लखीमपुर खीरी के पलिया से पंजाब लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माणाधीन वनवे हिस्से में सामने से आ रहे कैंटर से उनकी गाड़ी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। दुर्घटना में फतेहगढ़ निवासी भूपेंद्र कौर (62), हरजीत सिंह (60) तथा लुधियाना निवासी संतोष सिंह (65) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मुकुंद सिंह और लाडी सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे वाले स्थान पर हाईवे का निर्माण कार्य चल रहा है और यातायात वनवे व्यवस्था से संचालित किया जा रहा था। पुलिस का मानना है कि तेज रफ्तार और यातायात व्यवस्था में हुई चूक दुर्घटना का कारण हो सकती है। हालांकि वास्तविक वजह की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। हादसे में शामिल कैंटर में बड़ी संख्या में ऑक्सीजन सिलिंडर लदे थे। पुलिस ने कैंटर चालक पंचम लाल निवासी मथुरापुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर उनकी तकनीकी जांच कराई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही नवाबगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान चलाया। घायलों को अस्पताल भेजने के बाद तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद को मिली आधुनिक सांस्कृतिक धरोहर, शुक्रवार को होगा नवीनीकृतगांधी भवन का लोकार्पण

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवीनीकृत गांधी भवन शाहजहांपुर। -जागरण मोर्चा

**शाहजहांपुर।** टाउन हॉल स्थित ऐतिहासिक गांधी भवन अब पूरी तरह आधुनिक स्वरूप में तैयार है। राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत 4.62 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण शुक्रवार, 17 जुलाई को शाम 5 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना करेंगे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। गांधी भवन के कायाकल्प में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के अथक प्रयासों और निरंतर मॉनिटरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निर्देशन में निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा की गई, जिससे परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जा सका।सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत गांधी भवन के मुख्य ऑडिटोरियम का पूर्ण नवीनीकरण किया गया है।

भवन में 600 आधुनिक ऑडिटोरियम सीटें, अत्याधुनिक लाइट एवं साउंड सिस्टम, बड़ी एलईडी स्क्रीन, 75 टन क्षमता का एयर कंडीशनिंग सिस्टम, फॉल्स सीलिंग, वॉल पैनलिंग, कारपेट फ्लोरिंग, मंच पर वुडन फ्लोरिंग, नया प्रवेश लॉबी, आकर्षक बाहरी फसाड, स्टेज साइक्लोरामा और नए पर्दे लगाए गए हैं। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित गांधी भवन अब शहर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाट्य मंचन, साहित्यिक गोष्ठियों, सेमिनार और सरकारी आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना के पूर्ण होने से शाहजहांपुर को एक अत्याधुनिक सांस्कृतिक केंद्र की सौगात मिलने जा रही है।

# आपसी सहमति से निपटा कटिया कम्मू का विवाद

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्राम कटिया कम्मू में गेट लगाते मजदूर व सुरक्षा की दृष्टि से मौजूद पुलिस बल।

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम कटिया कम्मू में वर्षों से चला आ रहा संवेदनशील विवाद आखिरकार प्रशासन और पुलिस की पहल से शांतिपूर्ण तरीके से सुलझ गया। दोनों समुदायों की आपसी सहमति के बाद बुधवार को कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल में नया गेट लगवा दिया गया, जिससे अब हिंदू समाज के श्रद्धालुओं को प्राचीन कुएं तक पहुंचकर पूजा-अर्चना करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

गांव स्थित कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के भीतर मौजूद प्राचीन कुएं से हिंदू समाज की धार्मिक आस्था जुड़ी है। श्रद्धालु वर्षों से यहां पूजा-पाठ करते रहे हैं, लेकिन मुख्य गेट बंद रहने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर ग्रामीण लंबे समय से समाधान की मांग कर रहे थे।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन ने दोनों समुदायों के जिम्मेदार लोगों के साथ कई दौर की वार्ता की। आपसी सहमति बनने के बाद निर्णय लिया गया कि कुएं के सामने बाउंड्रीवाल में अलग से नया गेट बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालु सीधे पूजा स्थल तक पहुंच सकें। दोनों पक्षों ने इस प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार कर लिया।

बुधवार को प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। एहतियात के तौर पर रोजा, कांट, मदनापुर और सेहरामऊ दक्षिणी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर तैनात रही। पुलिस की निगरानी में बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा हटाकर नया गेट स्थापित कर दिया गया। पूरे समय गांव में शांति, सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा।

सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि गेट की चाबी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। दोनों पक्षों की सहमति से अलग गेट बनवाकर इस विवाद का स्थायी समाधान कराया गया है। प्रशासन ने इसे आपसी संवाद, समझदारी और सामाजिक सौहार्द का सकारात्मक उदाहरण बताया।

## गौ पुत्र ने किसान को पटक कर मार डाला

**खुदागंज।** निराश्रित गोवंश साड ने एक किसान को खेत की रखवाली पर जाने के दौरान पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया सूचना मिलते ही पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव उत्तमपुर निवासी सुखलाल 48 पुत्र खेमकरन सुबह 4 बजे अपने खेत की फसल देखने जा रहे थे कि वही खेतों में घूम रहे एक आवारा गोवंश ने उन्हें टक्कर मार कर कर अपने सीगो में उठा लिया और जमीन पर कई बार पटका जिससे किसान की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी सरस्वती ने खुदागंज पुलिस को मामले की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सबको कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा है।


मृतक सुखलाल।

# सहजन के पौधारोपण से हरित शाहजहांपुर का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद में पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के लिए तीन दिवसीय विशेष पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के प्रथम दिन ग्राम पंचायत माधवामई में हरिशंकरी वृक्षों का पौधरोपण किया गया तथा आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन (मोरिंगा) के पौधे वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लाभार्थियों और जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने घर, आंगन और आसपास उपलब्ध स्थान पर अधिक से अधिक पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। पौधरोपण से आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर जीवन मिलेगा तथा हरित एवं स्वस्थ शाहजहांपुर के निर्माण का संकल्प साकार होगा।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय स्थित प्रेरणा केंद्र एवं ई-लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जनपद की 161 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में बच्चों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इन लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल डेवलपमेंट से संबंधित अध्ययन सामग्री, पुस्तकें, ई-कोर्स, हाई-स्पीड इंटरनेट सहित अन्य डिजिटल सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सभी डिजिटल लाइब्रेरी नियमित रूप से संचालित हों, विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## संक्षेप समाचार

### पंखे में उतरे करंट से 16 वर्षीय किशोरी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**खुटार (शाहजहांपुर)।** खुटार थाना क्षेत्र के रामपुर कला गांव में करंट लगने से 16 वर्षीय किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हरिराम की पुत्री पूजा घर में पंखा लगा रही थी, तभी पंखे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस और संबंधित विभाग आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुटे हैं।

### महिला अधिवक्ता ने पड़ोसी पर धमकी और अभद्रता का लगाया आरोप



**बरेली।** किला थाना क्षेत्र के जकाती मोहल्ला निवासी एक महिला अधिवक्ता ने अपने पड़ोसी पर लगातार अभद्रता करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामले में सख्त कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। महिला का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक अक्सर शराब के नशे में उसके घर के बाहर पहुंच जाता है और गाली-गलौज करते हुए धमकियां देता है। इस संबंध में उसने कई बार किला थाने में शिकायत की, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उसने अपनी पूर्व शिकायतों की प्रतियां भी अधिकारियों को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि उसने कई बार आरोपी के परिजनों से भी उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हरकतों में कोई बदलाव नहीं आया। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी की मां होमगार्ड में कार्यरत हैं, जिसके कारण उसकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। महिला ने बताया कि वह अपने छह वर्षीय पुत्री और आठ माह के बेटे के साथ घर में रहती है। उसके पति निजी कंपनी में कार्यरत हैं और सुबह घर से निकलने के बाद देर रात लौटते हैं। ऐसे में आरोपी की कथित हरकतों और धमकियों के कारण परिवार भय के माहौल में जी रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसने महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उसने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

### फैजगंज बेहटा पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, शातिर चोर गिरफ्तार



**बदायूं।** थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम दासपुर, गनगौली व पाठकपुर में हुई चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए जेवरात भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम दासपुर में 19/20 जून, गनगौली में 23 जून तथा पाठकपुर में 28 जून को घरों में चोरी की घटनाएं हुई थीं। इन घटनाओं के संबंध में थाना फैजगंज बेहटा पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं अंकिता शर्मा के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. ह्रदेश कठेरिया व क्षेत्राधिकारी बिसौली अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गुरुवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आसफपुर रोड पर चेकिंग के दौरान ग्राम कुमरापुर निवासी प्रमोद (50) को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक जोड़ी कान के झाले (पीली धातु), तीन जोड़ी विछुए, दो जोड़ी खड़ुए तथा तीन जोड़ी पायल (सफेद धातु) बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी राजेश उर्फ कमती के साथ मिलकर फैजगंज बेहटा के अलावा वजीरगंज व बिनावर थाना क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में धाराएं बढ़ा दी हैं और फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### एवीवीपी का सदस्यता अभियान तेज, इंटर कॉलेजों में छात्रों ने उत्साह से ली सदस्यता

**शाहजहाँपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) शाहजहाँपुर द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न इंटर कॉलेजों में छात्र-छात्राओं से संपर्क कर उन्हें परिषद की सदस्यता ग्रहण कराई गई। अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को संगठन की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा छात्र हितों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। सदस्यता अभियान में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में परिषद की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरंतर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता के लिए कार्य करती रही है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है।

### वीडियो पंचायत द्वारा विवादित पोस्ट डालने पर हंगामा

**तिलहर शाहजहांपुर।** विकासखंड कार्यालय में वीडीयो पंचायत के पद पर कार्यरतकर्मी द्वारा जाति विशेष के लिए अपमानजनक पोस्ट लिखने पर एक जाति विशेष के लोगों ने जमकर हंगामा काटा और समाज में गृह और नफरत फैलाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की । बता दें तिलहर ब्लाक में कार्यरत वीडीयो पंचायत वीर सेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर जाति विशेष के लोगों को अपमानित करते हुए पोस्ट लिखी जिससे क्षेत्र के ब्राह्मण वर्ग के लोगों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है ।शुक्रवार को विकासखंड कार्यालय पर एकत्रित होकर उक्त कृत्य के प्रति निंदा तथा प्रदर्शन किया जाएगा और समाज में घृणा फैलाने के लिए दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा ।तथा कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

# एमडीएम डीसी निश्चय सिंह की संविदा समाप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** शिक्षिका से 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किए गए मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के जिला समन्वयक (डीसी) निश्चय सिंह की संविदा आखिरकार समाप्त कर दी गई है। जिलाधिकारी के अनुमोदन और मध्याह्न भोजन निदेशक के पत्र के बाद चयन समिति की संस्तुति पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) जयशंकर श्रीवास्तव ने उनकी संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। सेवा समाप्ति का पत्र उनके रामपुर स्थित स्थायी पते पर भेज दिया गया है।गौरतलब है कि 20 अप्रैल को एंटी करप्शन टीम ने भावलखेड़ा ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पैना की सहायक अध्यापिका रेनू शुक्ला की शिकायत पर बीएसए कार्यालय में छापेमारी की थी। इस दौरान एमडीएम के जिला समन्वयक निश्चय सिंह और सहायक लेखाकार अरुण कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। आरोप था कि वे वेतनवृद्धि बहाल कराने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहे थे। एंटी करप्शन टीम ने दोनों के खिलाफ थाना सदर बाजार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। वर्तमान में दोनों जेल में निरुद्ध हैं। बीएसए जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि निश्चय सिंह की संविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। वहीं, रिश्वतकांड में गिरफ्तार सहायक लेखाकार अरुण कुमार के विरुद्ध भी विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है और उन पर भी जल्द कार्रवाई होने की संभावना है।

## भारी बारिश में मकान का लेंटर गिरा, बुजुर्ग घायल

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कटैया केसर में गुरुवार शाम करीब 5 बजे भारी बारिश के दौरान एक मकान का लेंटर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। गांव निवासी अंगन लाल अपने पक्के मकान में सो रहे थे, तभी अचानक लेंटर भरभराकर गिर पड़ा और वह मलबे में दब गए। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुजुर्ग को मलबे से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और एम्बुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही बारिश के चलते ग्रामीणों से जर्जर मकानों से दूर रहने और सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद कब पड़ती है दोबारा सर्जरी की जरूरत ?

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** घुटने या कूल्हे का जॉइंट रिप्लेसमेंट उन लोगों के लिए राहत देने वाला इलाज है, जो लंबे समय से जोड़ों के दर्द या गठिया से परेशान रहते हैं। हालांकि, कुछ मामलों में समय के साथ पहले लगाए गए कृत्रिम जोड़ में समस्या आ सकती है। ऐसी स्थिति में दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग के रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट्स एंड ऑर्थोपेडिक्स विभाग के वाइस चेयरमैन , डॉ. साइमन थॉमस बताते हैं, "रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट एक विशेष सर्जरी है, जिसमें पुराने या खराब हो चुके कृत्रिम जोड़ को बदलकर नया इम्प्लांट लगाया जाता है। यह सर्जरी सामान्य जॉइंट रिप्लेसमेंट से अधिक जटिल होती है और इसे अनुभवी ऑर्थोपेडिक सर्जन द्वारा किया जाना चाहिए।"

रिवीजन सर्जरी की जरूरत कई कारणों से पड़ सकती है। समय के साथ इम्प्लांट का घिस जाना या ढीला पड़ जाना, जोड़ के आसपास संक्रमण होना, बार-बार जोड़ का अपनी जगह से खिसकना, इम्प्लांट के आसपास हड्डी टूट जाना या लंबे समय तक दर्द और अकड़न बने रहना इसके प्रमुख कारण हैं।

डॉ. थॉमस कहते हैं, "अगर जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद दर्द बढ़ रहा हो, सूजन बनी रहे, चलने-फिरने में दिक्कत हो, जोड़ अस्थिर महसूस हो या बुखार और लालपन जैसे संक्रमण के लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। समय पर इलाज से बेहतर परिणाम मिलते हैं।"

आज 3डी प्लानिंग, रोबोटिक तकनीक और आधुनिक इम्प्लांट की मदद से रिवीजन सर्जरी पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित और सटीक हो गई है। सर्जरी के बाद फिजियोथेरेपी, नियमित व्यायाम और डॉक्टर की सलाह का पालन करना जरूरी है। सही समय पर इलाज और अच्छी देखभाल से मरीज फिर से सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकता है।

**सम्मेलन** बिसौली में सपा का पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन, श्याम लाल पाल बोले-सामाजिक न्याय खतरे में

# पीडीए सम्मेलन में सपा प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा पर हमला, संगठन मजबूती पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** समाजवादी पार्टी द्वारा मुड़िया धुरे स्थित एमजी ग्रीन में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्याम लाल पाल ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय का रास्ता कमजोर किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी लगातार सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन वर्तमान सरकार पीडीए वर्ग के साथ वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने उम्मीद के साथ इस सरकार को सत्ता में पहुंचाया, आज वही वर्ग अपने अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। सरकार आरक्षण और संवैधानिक अधिकारों पर प्रहार कर संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है। जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम का संचालन सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश प्रजापति ने किया। सम्मेलन में पूर्व विधायक आर.के. शर्मा, बनबारी लाल पाठक, रजनीश गुप्ता, राजेंद्र गुरुजी, सुरेश पाल सिंह चौहान, सतीश प्रेमी, गजराज सिंह यादव, एडवोकेट अल्ताफ हुसैन, लक्ष्मी गौतम, अमित मथुरिया, काजी शाहनवाज खान, आकाश मिश्रा, रामबाबू यादव, एड. जितेंद्र यादव, खजाना देवी, डॉ. मो. मोर सिंह पाल, सुरेंद्र सागर, सुनील यादव, उदयवीर शाक्य, वैभव उपाध्याय, नरोत्तम यादव, अनीस फारूकी, सुनीता पाल, मशरूर खां, सकलेन प्रधान, एड. राजीव यादव, एड. मोहित शर्मा, भूपेंद्र दिवाकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 15 अगस्त से पहले नहीं लगा तो राष्ट्रध्वज तो होगा आंदोलन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**तिलहर (शाहजहांपुर)।** तिलहर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात की और ज्ञापन देते हुए अपनी बात रखते हुए कहा कि पीरगाह तालाब के सामने सेल्फी पॉइंट पर जो राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था, वह कई महीने पहले फट जाने के कारण हटा दिया गया था मगर महीनों गुजर जाने के बाद उस राष्ट्रीय ध्वज को अभी तक वापस नहीं लगाया गया, राष्ट्रीय ध्वज को वापस सम्मान के साथ उस जगह पर लगवाने तिलहर हेतु अधिशासी अधिकारी महोदय से मांग की और कहा कि अगर 15 अगस्त से पहले राष्ट्रीय ध्वज को उसकी जगह पर वापस नहीं लगाया गया तो नगर पालिका का घेराव किया जाएगा, साथ ही इतनी भीषण गर्मी में प्यासे यात्रियों राहगीरों और नगरवासियों के लिए तिलहर तिराहे पर खराब पड़े वाटर फ्रीजर को जल्द से जल्द सही करवाने व तिलहर नगर पालिका द्वारा जिस जिस मोहल्ले में वाटर फ्रीजर लगवाए गए जो खराब है उन्हें जल्द से जल्द सही करवाने की मांग की अधिशासी अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि बताई गई समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होगा । इस दौरान चांद अंसारी भाई, दानिश शेख, लअफजाल हुसैन खान,सुलभ वर्मा, मो० शोएब, इमरान भाई, मो० मुशीद,मो० इरशाद मौजूद रहे।



# 968 दिन बाद लौटे बुमराह का कमाल

## ● जडेजा और अगरकर को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। जबकि इंग्लैंड में उनका यह 31वां वनडे विकेट था। रविंद्र जडेजा (30) को पीछे छोड़ते हुए इस मामले में बुमराह नंबर 1 भारतीय गेंदबाज बने। भारत के लिए सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है। कुलदीप यादव इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। सबसे कम गेंदों के लिहाज से भी बुमराह सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय हैं।

### भारत के लिए सबसे तेज 150 ODI विकेट लेने वाले गेंदबाज

- मोहम्मद शमी: 80वां मैच
- कुलदीप यादव: 88वां मैच
- जसप्रीत बुमराह: 90वां मैच
- अजीत अगरकर: 97वां मैच
- जहीर खान: 103वां मैच

### सबसे कम गेंदों पर 150 ODI विकेट लेने वाले भारतीय

- 4070 गेंद: मोहम्मद शमी
- 4513 गेंद: कुलदीप यादव
- 4605 गेंद: जसप्रीत बुमराह
- 5027 गेंद: अजीत अगरकर
- 5131 गेंद: इरफान पठान

### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा ODI विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

- 31 विकेट: जसप्रीत बुमराह*
- 30 विकेट: रविंद्र जडेजा
- 28 विकेट: भुवनेश्वर कुमार
- 27 विकेट: मदन लाल
- 26 विकेट: मोहम्मद शमी

### 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटे

जसप्रीत बुमराह ने भारत के लिए अपना इससे पहले वनडे इंटरनेशनल मैच 19 नवंबर 2023 को खेला था। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरने के बाद अब बुमराह की वनडे टीम में वापसी हुई। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वह इंजरी के कारण खेल नहीं पाए थे। ऐसे में अब 968 दिन बाद 14 जुलाई 2026 को लौटते ही बुमराह ने दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर लीं। बुमराह ने अपने पहले पांच ओवर में सिर्फ 9 रन दिए और एक विकेट हैरी ब्रूक का झटका। उन्होंने 2016 में अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

# पीवी सिंधु की दमदार जीत

## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने बीच में छोड़ा मैच, कोच ने चीन ओपन से भी हटने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए मंगलवार 14 जुलाई 2026 का दिन मिला-जुला रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को सीधे गेमों में हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला-तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने सीधे गेमों में जीत हासिल करके दूसरे राउंड में जगह बनाई।



वहीं, पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व नंबर चार जोड़ी सात्विक के कंधे की चोट के कारण पहला गेम हारने के बाद मुकाबले से हट गई। चोट की वजह से भारतीय जोड़ी अगले सप्ताह होने वाले चीन ओपन में भी हिस्सा नहीं लेगी और अब उसका पूरा ध्यान विश्व चैंपियनशिप से पहले फिटनेस हासिल करने पर रहेगा।

### सात्विक को लगेगा चोट से उबरने में समय

टैम किम हर ने कहा, 'सात्विक को ठीक होने में अभी कुछ समय लगेगा। विश्व चैंपियनशिप से पहले हमें कम से कम 4 सप्ताह का समय मिलेगा, जिससे हम पुरानी लय हासिल कर सकते हैं।' इससे पहले विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज पीवी सिंधु ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को हराया।

### शुरुआत से ही बनाया दबदबा

पीवी सिंधु ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल की। हालांकि, वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। पीवी सिंधु ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे। एक सीधे शॉट से पीवी सिंधु को सात गेम पॉइंट मिले और उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया। पीवी सिंधु ने दूसरे गेम में भी शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और मलेशिया की खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही 8-2 की बढ़त हासिल की। पीवी सिंधु इंटरवल तक 11-3 से आगे थीं। इसके बाद भी उन्होंने बड़ा अंतर बनाए रखा और फिर 10 मैच पॉइंट हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे मैच पॉइंट पर मैच अपने नाम किया।



### पहले दौर के नतीजे

- **विमेंस सिंगल्स :** पीवी सिंधु ने वोंग लिंग चिंग (मलेशिया) को 21-14, 21-11 से हराया।
- **मिक्स्ड डबल्स :** ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो ने अलेक्जेंडर डन/जूली मैकफर्सन (स्कॉटलैंड) को 21-16, 21-14 से हराया।
- **मिक्स्ड डबल्स :** फेंग यान झे/हुआंग डोंग पिंग (चीन) ने रोहन कपूर/रुतविका शिवानी गद्दे को 21-11, 21-10 से हराया।
- **मेन्स डबल्स :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी को डैनियल लुंडगार्ड/मैड्स वेस्टरगार्ड (डेनमार्क) के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा।

# स्पेन ने फ्रांस को हराया

## ● 16 साल बाद फाइनल में बनाई जगह; एम्बाप्पे के खिलाफ यामाल का रिकॉर्ड कायम

**नई दिल्ली।** स्पेन ने साबित कर दिया है कि वे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे मजबूत टीमों में से एक क्यों हैं। स्पेन ने डलास स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में मजबूत फ्रांस को 2-0 हराकर फाइनल में जगह बनाई। लुइस डे ला फुएंते की कप्तानी में स्पेनिश टीम के इस बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के साथ ही वे 96 सालों में दूसरी और 44 सालों में पहली ऐसी टीम बन गई हैं जिसने वर्ल्ड कप में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की।

### दूसरी बार फाइनल में पहुंचा स्पेन



स्पेन ने यूरो 2024 जीता और मौजूदा यूरोपियन चैंपियन के तौर पर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गया। जब वे पिछली बार 2010 में फाइनल में पहुंचे थे जिसे उन्होंने जीता था तब स्पेन मौजूदा यूरो चैंपियन भी था जिसने 2010 में ट्रॉफी जीती थी। अब स्पेन मौजूदा यूरो चैंपियन के तौर पर दो फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। वेस्ट जर्मनी ऐसा करने वाली पहली टीम थी और उसने साल 1972 और 1980 के यूरो चैंपियन के तौर पर 1974 और 1982 के फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। अगर स्पेन यह टूर्नामेंट जीतता है, तो वह मौजूदा यूरो चैंपियन के तौर पर दो फीफा वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। जर्मनी ने 1972 के यूरो चैंपियन के तौर पर 1974 का टूर्नामेंट जीता था।

- **स्पेन को 2-0 से मिली जीत, मिकेल-पोरो ने किए गोल-** सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन ने फ्रांस पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा फ्रांस टूर्नामेंट में सबसे खतरनाक अटैक करने वाली टीम के तौर पर फाइनल में पहुंचा था और उसने 16 गोल किए थे। हालांकि स्पेन की डिफेंसिव ताकत इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने मैच पर पूरी तरह कब्जा जमाए रखा और फ्रांस को गोल करने का कोई मौका तक नहीं दिया। मिकेल ओयारजाबल ने 22वें मिनट में पेनल्टी से स्पेन के लिए पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने गोल करके मैच का नतीजा तय कर दिया।

# सोना स्थिर, चांदी में बड़ी गिरावट

## पश्चिम एशिया तनाव और अमेरिका के ब्याज दरों का असर

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं, जबकि चांदी 1,500 रुपये गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी चिंताओं ने चांदी पर दबाव डाला।

देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे सत्र में 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर बनी रहीं। हालांकि, कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच चांदी में 1,500 रुपये की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाली पीली धातु का कारोबार 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर सपाट रहा।

चांदी लगातार चौथे सत्र में दबाव में रही। यह 1,500 रुपये गिरकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के दो सप्ताह से अधिक के निचले स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को चांदी का बंद स्तर 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। सफेद धातु पिछली बार 29 जून को इन स्तरों के आसपास उद्धृत की गई थी, जब यह 2,24,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। 10 जुलाई को 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज होने के बाद, पिछले चार सत्रों में इसमें 12,500 रुपये या 5.3 फीसदी की गिरावट आई है।

क्या पश्चिम एशिया का तनाव बाजार पर हावी है?

कारोबारियों ने बताया कि संतुलित



स्थानीय मांग के कारण सोना सीमित दायरे में चलता रहा। हालांकि, चांदी पर लगातार मुनाफावसूली और कमजोर औद्योगिक खरीद के कारण दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सौमिल गांधी ने कहा कि निवेशकों ने उम्मीद से नरम अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव को संतुलित किया। इसी कारण गुरुवार को सोना लगातार दूसरे सत्र में सीमित दायरे में कारोबार करता रहा। वैश्विक बाजारों में हाजिर सोना 29.54 अमेरिकी डॉलर या लगभग 1 फीसदी फिसलकर 4,030.84 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

मिराए एसेट शेयरखान के प्रवीण सिंह ने बताया कि विदेशी बाजार में हाजिर सोना 4,033 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास नीचे कारोबार कर रहा था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ा हुआ है। जमीनी स्थिति में वस्तुतः कोई बदलाव नहीं आया है।

# खाद्य प्रसंस्करण स्तर 2031 तक 25 फीसदी करने का लक्ष्य

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** खाद्य प्रसंस्करण सचिव अविनाश जोशी ने 2031 तक देश के खाद्य प्रसंस्करण स्तर को 25 फीसदी तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य 2023 के 17 फीसदी के स्तर से काफी अधिक है। खाद्य प्रसंस्करण स्तर वह पैमाना है जो बताता है कि किसी कच्चे कृषि उत्पाद (जैसे फल, सब्जी, अनाज) को फैक्ट्री या रसोई में किस हद तक बदला, पकाया या संरक्षित किया गया है। सरकार इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई नीतिगत पहल पर विचार कर रही है। इन उपायों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को गति मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को एफआईसीसीआई की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने क्रिसिल की एक रिपोर्ट का हवाला दिया। रिपोर्ट के अनुसार, 2010-11 में प्रसंस्करण स्तर 10 फीसदी था, जो 2023 में बढ़कर 17 फीसदी हो गया है। सचिव ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की सफलता पर भी प्रकाश डाला। यह योजना क्षमताएं बढ़ाने और रोजगार सृजन में सहायक रही है। पीएलआई योजना 2021-22 से 2026-27 तक छह वर्षों के लिए लागू है। इसका कुल वित्तीय परिव्यय 10,900 करोड़ रुपये है। जोशी ने कहा कि प्रसंस्करण स्तर एक महत्वपूर्ण संकेतक है। उन्होंने उद्योग से इस लक्ष्य को एक चुनौती के रूप में लेने का आग्रह किया। सरकार ने आंतरिक रूप से 2031 तक खाद्य प्रसंस्करण स्तर को कम से कम 25 फीसदी तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। जोशी ने बताया कि प्रसंस्करण स्तर में वृद्धि से मूल्य संवर्धन में मदद मिलेगी। इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा और प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्र के बाजार के लिए कई सकारात्मक प्रभाव पैदा होंगे।

# विदेशी संपत्ति और आय से जुड़े विवरण अब आयकर पोर्टल पर एआईएस के तहत उपलब्ध

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग के वार्षिक सूचना विवरण (एआईएस) में अब करदाता की विदेशी संपत्तियों और आय की जानकारी स्वचालित सूचना विनिमय (एईओआई) के तहत प्राप्त विवरण के अनुसार प्रदर्शित की जाएगी। वर्तमान में, कैलेंडर वर्ष 2022, 2023 और 2024 से संबंधित जानकारी एआईएस में दिखाई जा रही है। वर्ष 2025 की जानकारी सितंबर या अक्टूबर 2026 में प्राप्त होने पर एआईएस में प्रदर्शित की जाएगी।

भारत विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समझौतों और वित्तीय खाता सूचना विनिमय तंत्रों के तहत 100 से अधिक साझेदार क्षेत्रों से अपने कर निवासियों से संबंधित वित्तीय जानकारी प्राप्त करता है। इस जानकारी में विदेशी बैंक खाते, कस्टोडियल खाते, कुछ वित्तीय निवेश, ब्याज, लाभांश और अन्य निर्दिष्ट वित्तीय आय शामिल हो सकती है। अब तक करदाता आयकर विभाग की ई-फाइलिंग पोर्टल पर एआईएस टैब के माध्यम से अपने पैन से जुड़ी घरेलू वित्तीय जानकारी देख सकते थे, जिसमें ब्याज आय, लाभांश, प्रतिभूतियों के लेनदेन, म्यूचुअल फंड निवेश, संपत्ति लेनदेन और अन्य वित्तीय लेनदेन की जानकारी एकत्रित होती थी।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।